* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

29 अक्टूबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 10


मंत्री आंजना के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड











## झारखंड भाजपा की संकल्प यात्रा का समापन, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हेमंत पर साधा निशाना

# झारखंड में माफियाओं का बोलबाला : जेपी नड्डा

- जनजातियों का जितना नुकसान हेमंत सरकार ने किया, उतना किसी और ने नहीं
- कहा-जमीन लेने के लिए माता-पिता के नाम बदले जा रहे हैं
- केवल भाजपा ही झारखंड को विकास के रास्ते पर ले जा सकती है
- घटिया स्तर की राजनीति करने लगे हैं कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में लीकर (शराब), लैंड (जमीन) और सैंड (बालू) माफिया दनदना रहे हैं। झारखंड में इन्हीं लोगों का राज है। ये लोग मिल कर राज्य को लूट रहे हैं। वह शनिवार को हरमू मैदान में झारखंड भाजपा की संकल्प यात्रा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। करीब 30 मिनट के संबोधन में उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर करारा निशाना साधा और कहा कि ऐसी सरकार को जाना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही इस राज्य को विकास के रास्ते पर ले जा सकती है।

जेपी नड्डा ने कहा कि जमीन हड़पने के लिए झारखंड में अपने माता-पिता के नाम बदले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं खुले मंच से आरोप लगा रहा हूं कि यहां के मुख्यमंत्री अपने नाम से जमीन आवंटित करते हैं। टेंडर अपने नाम करवाते हैं। अपने माता-पिता का इस्तेमाल करते हैं। राज्य में जमीन और बालू जैसे खनिजों की लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में मंदिर टूट रहे हैं, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। शिव बारात को रोका जा रहा है। यहां तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। राज्य में जब रघुवर दास की सरकार थी, नक्सली घटनाएं नहीं हो रही थीं, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार बनते ही ये घटनाएं बढ़ने लगीं। महिलाओं का उत्पीड़न भी बढ़ने लगा। ऐसे में सही समय पर यह संकल्प यात्रा निकाली गयी। संकल्प यात्रा को लेकर उन्होंने बाबूलाल मरांडी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी और भाजपा ने सही समय पर संकल्प यात्रा निकाल कर जनता को जागृत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुत बड़े पैमाने पर जमीन घोटाला हुआ है। राज्य में महिलाओं का उत्पीड़न भी काफी बढ़ा है। आप सब मिल कर भाजपा की सरकार बनाइए। आपको इन सब चीजों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि पर संकल्प यात्रा के समापन में शामिल होने का मौका मिला है। यहां की भीड़ देख कर, लोगों का उत्साह देख कर लग रहा है कि लोगों ने संकल्प ले लिया है कि झारखंड में अगली बार कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार, जो तुष्टिकरण से युक्त हो, भ्रष्टाचार से युक्त हो, अनाचार से युक्त हो, उस सरकार को हम नहीं रहने देंगे, ये संकल्प लेकर हमें चलना होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने जनजातियों के नाम पर वोट मांगा और जनजातियों का जितना नुकसान इन्होंने किया, उतना किसी और ने नहीं किया। वोट की राजनीति के लिए धर्मांतरण पर आंख मूंद ली, ये बताता है कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों की संस्कृति की नहीं, सिर्फ वोट की चिंता है।



### भाजपा है आदिवासियों की सबसे बड़ी हितैषी

जेपी नड्डा ने कहा कि हम जानते हैं कि आदिवासियों की चर्चा बहुत लोगों ने की, लेकिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि को अगर किसी ने जनजातीय गौरव दिवस बनाया, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड की मांग लंबे समय से थी, लेकिन झारखंड बनाने की पहल किसी ने नहीं की। वह केवल अटलबिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने अलग झारखंड की स्थापना की। झारखंड की संस्कृति को संरक्षित करने का काम अगर किसी ने किया, तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा, मैं जब भी हेमंत सोरेन की बात सुनता हूं, तो समझ आता है कि इन्होंने केवल वोट की राजनीति की है।आदिवासी वोट का इस्तेमाल किया है। मैं ये कहना चाहता हूं कि संकल्प यात्रा के तहत हमने अपना संकल्प दोहराया है। हमें मालूम हो गया है कि जनता भाजपा को वापस लाना चाहती है।

### कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष पर साधा निशाना

भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष पर घटिया स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम मंदिरों में रखे दान पात्र को पवित्र मानते हैं, जबकि कांग्रेस के लोग डब्बा कह कर उसका मजाक उड़ाते हैं। पूरे विपक्ष ने राजनीति को घटिया स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है, जबकि भाजपा के लोग कभी शालीनता की सीमा पार नहीं करते। विपक्ष के पास कुछ नहीं बचा है, तो वह अब निजी आरोप लगा रहा है। जनता इसे समझ चुकी है।

### सिर्फ कमाने में लगी है हेमंत सरकार : बाबूलाल

इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार में विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। करीब आठ मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि झारखंडकी वर्तमान सरकार कमाने में लगी हुई है। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब प्रदेश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई। सड़क, पुल, पुलिया बने। चुनाव से पहले हेमंत सरकार ने कई घोषणाएं की थीं। रोजगारऔर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हेमंत सरकार के रहते विकास नहीं हो सकता। यह सिर्फ अपना विकास कर रही है। सरकारी दफ्तरों में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। ब्लॉक, अंचल सभी जगह पैसे का खेल हो रहा है। खनिजों की लूट मची हुई है। हेमंत सरकार लुटेरों को संरक्षण दे रही है। लुटेरों को बचाने के लिए सरकार सुप्रीम कोर्ट के महंगे वकील लाती है। यहां की पुलिस अपराधियों को पकड़ने की बजाय वसूली में लगी है।

### सरकार को उखाड़ फेंकने तक संघर्ष करना पड़ेगा: मुंडा

इससे पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रदेश की हालत से जनता अवगत है। सरकार राज्य के साथ धोखाधड़ी कर रही है। जनता को सताने का काम कर रही है। हमें राज्य को हर स्तर पर बचाना है। सरकार को उखाड़ फेंकने तक हमें सजग होकर संघर्ष करना पड़ेगा। समापन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, महामंत्री और कार्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद आदित्य साहू, भाजपा नेता रमेश सिंह, जैलेंद्र महतो, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह पटेल, युवा नेता सन्नी टोप्पो, राजीव रंजन मिश्रा, ललित नारायण ओझा सहित सैकड़ों की संख्या में नेता शामिल हुए। इस मौके पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत राज्य के 263 प्रखंडों और 49 नगर निकायों से संग्रहित की गयी मिट्टी भी मंच पर रखी गयी। राज्य भर सेअमृत कलश में मिट्टी एकत्रित कर यहां लायी गयी थी।

**ये थे उपस्थित**

हरमू मैदान में आयोजित समापन समारोह में भाजपा के कई नेता शामिल हुए। इनमें प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव डॉ आशा लकड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, राज्य के सभी सांसद, विधायक और अन्य नेता शामिल थे। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने किया। मौके पर 'मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम' के तहत राज्य के 263 प्रखंडों और 49 नगर निकायों से एकत्र की गयी मिट्टी भी मंच पर रखी गयी।






## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का दूसरा दिन

# जापान ने जीत का सिलसिला जारी रखा



- कोरिया को 4-0 से किया पराजित
- थाइलैंड को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा
- चीन ने थाइलैंड को 6-0 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हॉकी का महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का शनिवार को दूसरा दिन था। हर टीम पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रही है। शनिवार को पहला मैच जापान और कोरिया के बीच हुआ। जापान ने कोरिया को 4-0 से हराया। इससे पहले शुक्रवार को जापान ने मलेशिया को 3-0 से हराया था। लगातार जीत हासिल करने से जापान की टीम उत्साहित है।

शनिवार को दूसरा मैच थाइलैंड और चीन के बीच हुआ, जबकि तीसरा मैच खबर लिखे जाने तक भारत और मलेशिया के बीच चल रहा था। रविवार 29 अक्टूबर रेस्ट डे है। आज कोई मैच नहीं होगा। रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम मे हो रहे मैच को देखने के लिए लगातार गणमान्य लोग और दर्शक पहुंच रहे हैं। रांची के लोग हर टीम का उत्साह बढ़ा रहे हैं। मैच के लिए कोई टिकट नहीं रखा गया है। इससे हॉकी प्रेमी काफी खुश हैं।

चीन की टीम ने शुक्रवार को कोरिया से 1-0 से हार की कसर को शनिवार को थाइलैंड को हरा कर पूरा किया। शनिवार को दूसरा मैच चीन और थाइलैंड के बीच हुआ, जिसमें चीन ने थाइलैंड को 6-0 से शिकस्त दी। इसके बाद भारत और मलेशिया के बीच तीसरा मैच शुरू हुआ। भारतीय टीम शुक्रवार को थाइलैंड को 7-1 से हराने के बाद मैदान में उत्साहित दिखीं। खबर लिखे जाने तक मैच चल रहा था।

जापान टीम की खिलाड़ी नगाई हाजुकी ने अपना 200वां अंतराष्ट्रीय मैच पूरा किया। दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने नगाई हाजुकी की उपलब्धि पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## न्यूज रील्स

### महुआ मोइत्रा 2 नवंबर को पेश होने का नोटिस

नयी दिल्ली। संसद में सवाल के बदले पैसे मामले में फंसी ळटउ सांसद महुआ मोइत्रा को एथिक्स कमेटी ने पेश होने के लिए तारीख दे दी है। शनिवार को एथिक्स कमेटी ने महुआ को 2 नवंबर को ही पेश होने को कहा है। कमेटी ने ये भी कहा कि इस तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा।

### योगी सरकार ने खोला पिटारा

लखनऊ। एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के माध्यम से औद्योगिकीकरण को रफ्तार देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। सरकार ने दो और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के किनारे औद्योगिक नगरों को विकसित करने का रास्ता साफ कर दिया है। इस उद्देश्य से सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के किनारे सात जिलों के 24 गांवों की जमीन अर्जित कर उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

आजाद सपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। प्रधानमंत्री दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। इस मौके पर मोदी ने कहा कि दिवाली में अभी कुछ ही वक्त बाकी है, लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वाले 50 हजार युवाओं के परिवार के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है। उन्होंनें आपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। इसके लिए आप सभी नौजवान साथी और विशेष कर हमारी बेटियां बधाई की पात्र हैं। आपके परिवार को मेरी तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। सरकार ने पारंपरिक सेक्टर्स के साथ रिनुएबल एनर्जी, डिफेंस इंडस्ट्री और ऑटोमेशन जैसे नये सेक्टर्स में नौकरी पाने के मौके बढ़ाये हैं।मोदी ने कहा कि आज का भारत अपने युवाओं को स्किल और एजुकेशन से लैस कर रहा है। ताकि नये मौकों का लाभ उठाया जा सके। भारत के विकास की दिशा और गति की वजह से सभी सेक्टर्स में नौकरियों के नये मौके पैदा हो रहे हैं। गौरतलब है कि 22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पिछले 11 महीनों में आयोजित 10 रोजगार मेलों में करीब 6 लाख से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# भाजपा के लिए सिरदर्द हैं झारखंड में लोकसभा की पांच सुरक्षित सीटें

## ■ दुमका, खूंटी और लोहरदगा में 2019 का प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती

## ■ चाइबासा और राजमहल में मजबूत उम्मीदवार की कमी से जूझ रही है पार्टी

आजाद सिपाही विशेष

**भारतीय जनता पार्टी 2024 में होनेवाले चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रही है। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से लेकर निचले स्तर के कार्यकर्ता तक इस कोशिश में खूब पसीना बहा रहे हैं। देश भर की एक-एक संसदीय सीट के बारे में एक तरफ फीडबैक लिया जा रहा है, तो चुनावी तैयारियां भी चल रही हैं। जहां तक 2019 के संसदीय चुनाव में झारखंड में भाजपा के प्रदर्शन की बात है, तो यहां की 14 में से 11 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी, जबकि एक सीट उसकी सहयोगी आजसू ने जीती थी। बाकी दो सीटों में से झामुमो और कांग्रेस ने एक-एक सीट जीती थी। झारखंड में 14 में से पांच सीटें अनुसूचित जनजातियों, यानी आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं। भाजपा ने इनमें से तीन सीटों, दुमका, खूंटी और लोहरदगा से पिछली बार जीत हासिल की थी। अब जबकि पार्टी 2024 के चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है, उसके लिए पिछली बार का प्रदर्शन दोहराना पहाड़ जैसा लग रहा है। इसका कारण यह है कि यहां के वर्तमान सांसदों, क्रमशः सुनील सोरेन, अर्जुन मुंडा और सुदर्शन भगत के राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर मतदाता खुश नहीं हैं। बाकी दो सुरक्षित सीटों, राजमहल और चाइबासा में पार्टी की समस्या यह है कि उसके पास यहां कोई मजबूत उम्मीदवार ही नहीं है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व अब झारखंड की इन सुरक्षित सीटों पर जीत हासिल करने के लिए विशेष रणनीति अपनाने पर विचार कर रहा है। क्या है इन सुरक्षित सीटों की वर्तमान स्थिति और राजनीतिक समीकरण के साथ संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

उत्सवधर्मी भारतीय समाज में इन दिनों त्योहारों का मौसम तो चल ही रहा है, इसके समानांतर देश में चुनाव का माहौल भी बना हुआ है। पांच राज्यों में अगले महीने विधानसभा चुनाव हैं, तो उसके बाद देश में आम चुनाव अगले साल मई में होंगे। दुनिया का सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव स्वाभाविक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा प्रशासनिक आयोजन होता है, तो इस मुकाबले में उतरने की तैयारियां भी बहुत पहले से करनी होती हैं। इसलिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, भारतीय जनता पार्टी अभी से ही चुनावी मोड में है। पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए जी-जान से जुटी हुई है। इसलिए वह लोकसभा की सभी 543 संसदीय सीटों में से एक-एक का गहन विश्लेषण कर रही है। इस काम में केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पार्टी के निचले स्तर तक के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### झारखंड में 2019 के चुनाव की स्थिति

झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इनमें से पांच अनुसूचित जनजातियों, यानी आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं और एक सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। बाकी आठ सीट सामान्य हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से 13 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि एक सीट उसने अपनी सहयोगी आजसू पार्टी के लिए छोड़ दी थी। जब परिणाम घोषित हुए, तो भाजपा ने इनमें से 11 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि आजसू को एक सीट मिल गयी। बाकी दो सीटों में से एक पर झामुमो और दूसरे पर कांग्रेस को सफलता मिली। भाजपा ने जो सीटें जीती थीं, उनमें रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, कोडरमा, धनबाद, चतरा और गोड्डा (सभी सामान्य) के अलावा पलामू (अनुसूचित जाति) और दुमका, खूंटी और लोहरदगा (सभी अनुसूचित जनजाति) शामिल थीं। सामान्य सीट गिरिडीह पर आजसू ने कब्जा जमाया था, जबकि राजमहल और चाइबासा (दोनों अनुसूचित जनजाति) पर क्रमशः झामुमो और कांग्रेस ने जीत हासिल की थी।

### क्या है आदिवासी सीटों की वर्तमान स्थिति

जहां तक 2024 के संसदीय चुनाव का सवाल है, झारखंड की आदिवासी सीटों को लेकर भाजपा की चिंता बढ़ती जा रही है। इसका कारण यह है कि पार्टी को 2019 के विधानसभा चुनाव में आदिवासियों का वोट नहीं मिला था, जबकि वे चुनाव लोकसभा चुनाव के छह महीने बाद ही हुए थे। विधानसभा की 28 आदिवासी सीटों में से पार्टी को केवल दो पर जीत मिली थी। इस कारण वह सत्ता से बाहर हो गयी थी। इस बार भाजपा के नजरिये से लोकसभा की इन पांच आदिवासी सीटों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। इसका एकमात्र कारण इन सीटों के वर्तमान सांसदों का कामकाज है।



### दुमका में सुनील सोरेन की अपनी विशेष पहचान नहीं

बात शुरू करते हैं दुमका से, जिसे झारखंड की सबसे प्रतिष्ठित सीट कहा जाता है। 2019 में यहां से सुनील सोरेन जीते थे। उन्होंने झामुमो सुप्रीमो और झारखंड के सबसे बड़े नेता शिबू सोरेन को 47 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था। सुनील सोरेन को 4.84 लाख से अधिक वोट मिले थे, जबकि शिबू सोरेन को 4.37 लाख से कुछ अधिक वोट मिले थे। उस जीत ने भाजपा को इतना उत्साहित कर दिया था कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में '65 प्लस' का लक्ष्य तय कर लिया। लेकिन चार साल बाद अब यह बात सामने आ गयी है कि सुनील सोरेन दुमका में अपनी कोई विशेष पहचान ही नहीं बना पाये हैं। कोरोना काल में एक ऑडियो लीक हुआ था, जिसमें वह अपने क्षेत्र के एक व्यक्ति को धमका रहे थे। इसके बाद से उनकी छवि इलाके में बिगड़ती गयी। आज स्थिति यह है कि सुनील सोरेन को दुमका के ही ग्रामीण क्षेत्रों में कोई विशेष पहचान नहीं है। उन्होंने राजनीतिक कार्यक्रम से अपनी कोई अलग पहचान नहीं बनायी है।

### केंद्रीय मंत्री का दायित्व निभाते-निभाते झारखंड की राजनीति से दूर हो गये हैं अर्जुन मुंडा

अब चलते हैं खूंटी, जहां के सांसद अर्जुन मुंडा केंद्रीय कैबिनेट में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं। वह झारखंड के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। 2019 के चुनाव में अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को महज 1445 वोटों के अंतर से हराया था। अर्जुन मुंडा को तीन लाख 82 हजार 638 मत मिले थे, जबकि कालीचरण मुंडा तीन लाख 81 हजार 193 मत ही पा सके। अर्जुन मुंडा को कड़िया मुंडा की जगह पर उतारा गया था, जिन्हें खूंटी का अपराजेय योद्धा माना जाता था। ऐसे में अर्जुन मुंडा का मामूली अंतर से जीतना भाजपा के लिए करारा झटका था, हालांकि केंद्रीय कैबिनेट में उन्हें जगह मिल गयी। केंद्रीय मंत्री का दायित्व बड़ा है। उन्हें इस दायित्व के तहत देश के अन्य राज्यों में भी जाना पड़ता है। मंत्रालय का काम भी ज्यादा है। अब चार साल बाद अर्जुन मुंडा की स्थिति यह है कि वह न केवल झारखंड की राजनीति से दूर हो गये हैं, बल्कि अपने क्षेत्र की जनता को भी उतना समय नहीं दे पा रहे हैं, जितना मतदाता अपेक्षा कर रहा है। खूंटी के अधिकांश लोग अपने सांसद से बहुत खुश नहीं हैं। बातचीत में वे कहते हैं कि अर्जुन मुंडा वहां सांसद के रूप में कम, केंद्रीय मंत्री के रूप में अधिक नजर आते हैं।

### लोहरदगा में सुदर्शन भगत के सामने बड़ा चैलेंज

लोहरदगा के वर्तमान सांसद हैं सुदर्शन भगत, जिन्होंने 2019 में कांग्रेस के सुखदेव भगत को 10 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया था। सुदर्शन भगत को 3.71 लाख से अधिक वोट मिले थे, जबकि सुखदेव भगत 3.61 लाख से अधिक वोट हासिल कर सके थे। सुदर्शन भगत के बारे में कहा जाता है कि वह 'मूकदर्शक' हैं। अपने सौम्य और शालीन व्यवहार के कारण उनकी छवि एक सांसद की नहीं, बल्कि एक 'जेंटलमैन' की बन गयी है। लोग उनके पास उम्मीदें लेकर जाते हैं, तो सांसद उन्हें समझा-बुझा कर लौटा देते हैं। इस कारण लोगों में उनके प्रति नाराजगी नहीं, बल्कि नकारात्मक नजरिया है।

### चाइबासा और राजमहल में मजबूत प्रत्याशी ही नहीं

अब उन दो सुरक्षित सीटों की बात, जिन पर पिछली बार भाजपा को सफलता नहीं मिली थी। चाइबासा सीट से कांग्रेस की गीता कोड़ा ने 72 हजार से अधिक मतों के अंतर से भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को हराया था, जबकि राजमहल सीट पर झामुमो के विजय कुमार हांसदा ने 99 हजार से अधिक मतों के अंतर से भाजपा के हेमलाल मुर्मू को हराया था। पिछली बार चाइबासा में भाजपा को 3.59 लाख से अधिक वोट मिले थे, जबकि राजमहल में उसे 4.08 लाख से अधिक वोट मिले थे। इस बार इन दोनों सीटों को लेकर भाजपा की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां से कोई मजबूत प्रत्याशी ही उसके पास नहीं है। लक्ष्मण गिलुवा के निधन के बाद अब चाइबासा में पूर्व आइएएस अधिकारी जेबी तुबिद भाजपा के पास हैं, लेकिन उनकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं है। राजमहल में हेमलाल मुर्मू की झामुमो में वापसी के बाद भाजपा आज भी किसी दमदार चेहरे की तलाश में है।

### झारखंड में पिछला प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

इसलिए जहां तक झारखंड का सवाल है, तो भाजपा के लिए यहां 2019 का प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है। यह चुनौती कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पार्टी का पूरा संगठन अभी से ही इन सीटों का फीडबैक लेने में जुटा हुआ है और स्थानीय समीकरणों पर बारीकी से नजर रख रहा है। पार्टी नेतृत्व को पता है कि इस बार का चुनाव अलग होनेवाला है, क्योंकि वह झारखंड की सत्ता से बाहर है। इसलिए उसे एक साथ दो मोर्चों पर जूझना होगा। दूसरी तरफ झामुमो ने आदिवासी सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनायी है। दुमका और राजमहल में हेमंत सोरेन ने काफी काम किया है। वहां कार्यकर्ताओं को भी सम्मान मिल रहा है। ऐसे में भाजपा के लिए वहां की राह कठिन प्रतीत हो रहा है।

## राजनीतिक हलचल

# हां, दर्शन हीरानंदानी को दिया लॉगिन-पासवर्ड: महुआ मोइत्रा

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने खुद पूरा सस्पेंस खत्म कर दिया। महुआ मोइत्रा ने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने लोकसभा लॉगिन क्रेडेंशियल उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी के साथ शेयर किये। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ये उन सवालों को पोस्ट करने के लिए दिया गया था, जो उनके थे। उन्होंने हीरानंदानी समूह के सीइओ दर्शन हीरानंदानी से गिफ्ट में कुछ आइटम मिलने की बात भी मानी। महुआ ने बताया है कि उन्हें सिर्फ एक स्कार्फ, कुछ लिपस्टिक और आइशैडो सहित अन्य मेकअप का सामान हीरानंदानी से मिला था। इंडिया टुडे को दिये इंटरव्यू में उन्होंने हीरानंदानी से रिश्वत लेने के आरोपों से इनकार किया। साथ ही मांग की कि उन्हें उनसे जिरह करने का मौका दिया जाये। महुआ का बयान उन आरोपों के बीच आया है, जिनमें उन पर संसद में सवाल पूछने के बदले हीरानंदानी से उपहार मिले थे। संसद की आचार समिति ने उन्हें 31 अक्टूबर को अपना बचाव पेश करने के लिए बुलाया है। लेकिन, मोइत्रा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र कृष्णानगर में 'पूर्व-निर्धारित कार्यक्रमों' के कारण अधिक समय देने का अनुरोध किया है। आचार समिति के ज्यादातर सदस्यों ने कहा है कि मोइत्रा के



खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। ये संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन के जैसे हैं। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट जय अनंत देहाद्राई पहले ही अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने तृणमूल सांसद के खिलाफ सबूत पेश किये हैं। मोइत्रा ने शुक्रवार को भी देहाद्राई पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह उस राष्ट्रीय महत्व के लायक नहीं हैं, जो उन्हें मिल रहा है। टीएमसी सांसद ने यह भी कहा था कि उनके खिलाफ शिकायत उस तीखी कानूनी लड़ाई से प्रेरित है, जो दोनों अपने पालतू कुत्ते हेनरी को लेकर लड़ रहे हैं। महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के साथ लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने दूसरों के साथ भी ऐसा किया है। इसका कारण यह है कि वह सुदूर निर्वाचन क्षेत्र से काम करती हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन हमेशा एक ओटीपी होता है। टीम हमेशा उन सवालों को पोस्ट करती थी।' उन्होंने दावा किया कि सरकारी और संसदीय वेबसाइटों को संचालित करनेवाले एनआइसी के पास इसके खिलाफ कोई नियम नहीं है।



### निशिकांत का जवाब

इसका जवाब निशिकांत दुबे ने ट्वीट के जरिये दिया। इसमें उन्होंने एनआइसी की ओर से निर्दिष्ट नियम और एक फॉर्म पोस्ट किया। इसे हर सांसद को भरना अनिवार्य है। इनमें क्रेडेंशियल्स को निजी और गोपनीय रखने और किसी भी वैकल्पिक यूजर के बारे में एनआइसी को सूचित करने के निर्देश शामिल हैं। कारण है कि किसी भी उल्लंघन से सिक्योरिटी इश्यू हो सकते हैं। दुबे ने उन अटेम्प्ट की जांच की भी मांग की, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे हीरानंदानी के लिए किये जा रहे थे। उन्होंने महुआ और हीरानंदानी के कनेक्शन पर भी सवाल किया था। हीरानंदानी इस मामले में एक सरकारी गवाह हैं। हस्ताक्षर किये हुए हलफनामे में दुबे और देहाद्राई दोनों ने मोइत्रा के खिलाफ लगाये गये आरोपों की पुष्टि की है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर मोइत्रा को निशाने पर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह दर्शन हीरानंदानी के संपर्क में हैं और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं। बता दें, निशिकांत दुबे ने यह आरोप ऐसे समय में लगाये हैं, जब महुआ का इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उन्होंने लॉगिन और पासवर्ड देने की बात कबूल की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि सवाल उन्होंने खुद ही लिखे और दायर किये थे। भाजपा सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, जानकारी के अनुसार दर्शन हीरानंदानी और दुबई दीदी (सांसद) संपर्क में हैं। गवाह को प्रभावित करने की कोशिश चल रही है। लोकसभा अध्यक्ष को कारवाई करनी चाहिए।' वहीं, तृणमूल सांसद ने कहा था कि इस बात का कोई नियम नहीं है कि कौन सांसद लॉगिन कर सकता है और कौन नहीं और आम तौर पर सांसदों की टीमें प्रश्न अपलोड करती हैं। इस पर निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रत्येक सांसद को एक फॉर्म भरना होता है, जहां उन्हें प्रतिज्ञा लेनी होती है कि वे किसी के साथ परिचय पत्र साझा नहीं करेंगे।

### दुबई दीदी से अच्छे मेरी अनपढ़ नानी के संस्कार

इतना ही नहीं, उन्होंने मोइत्रा के झारखंडी पिटबुल वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि डिग्री वाली (दुबई दीदी) से अच्छी और संस्कारी मेरी नानी जी थीं, जिन्होंने स्कूल की पढ़ाई तक नहीं की थी, लेकिन रामायण, महाभारत, गीता सभी कंठस्थ था। वो हम बच्चों को बड़े, छोटे का आदर, भाषा की मर्यादा सिखा गयीं। दुबे ने कहा कि मीडिया का हाल देखिए, यही अपशब्द अगर किसी पुरुष के मुंह से निकले होते तो क्या प्रतिक्रिया होती, जबकि महिला खासकर विपक्ष बोले तो मौन साधे है। उन्होंने आगे कहा कि कोई बात नहीं, रोपे पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय!

# राहुल गांधी को बिहार में पिछली बार कब देखा था: प्रशांत किशोर

## कांग्रेस ने 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया

चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने शनिवार को कांग्रेस पर भड़कते हुए कहा कि कांग्रेस ने तो 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया है। यही कारण है कि बिहार की जनता ने इतनी समझदारी दिखायी कि कांग्रेस को बिहार से पूरे सिरे से काट कर फेंक दिया। उन्होंने सवाल पूछा कि राहुल गांधी से बिहार को क्या मतलब है। बिहार में जन सुराज पदयात्रा पर निकले प्रशांत किशोर ने सीतामढ़ी में सवालिया अंदाज में कहा कि आप बताइए जरा कि राहुल गांधी को बिहार में पिछली बार कब देखा था?

### 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया

उन्होंने कहा कि बिहार के मुद्दे पर कभी राहुल गांधी को बोलते हुए सुना आपने? कांग्रेस ने तो 40 सालों तक बिहार को बर्बाद किया है। आज कांग्रेस का बिहार में कोई नाम लेनेवाला नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने जो बिहार में गलती की, उसका खामियाजा उन्होंने भुगता। बिहार में कांग्रेस साल 1990 तक रूलिंग पार्टी हुआ करती थी, लेकिन आज कांग्रेस का पांच प्रतिशत वोट



बिहार में नहीं है।

### राहुल पर निशाना

प्रशांत किशोर ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि गरीब की बात करनेवाले ये बोल रहे हैं कि कर्नाटक में महिलाओं को तीन हजार रुपये देंगे। कर्नाटक की महिला ज्यादा गरीब है या बिहार की महिला ज्यादा गरीब है? अगर कर्नाटक की महिला को तीन हजार रुपये मिलना चाहिए, तो कांग्रेस के लोग बिहार में सरकार में शामिल हैं तो जरा बताइए कि बिहार की महिलाओं को क्यों नहीं एक हजार भी दिलवा रहे हो? पीके इन दिनों लगातार कांग्रेस और महागठबंधन पर हमलावर हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.0 °c | 16.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.14 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.52 बजे |



# अमृत वाटिका के निर्माण के लिए झारखंड से अमृत कलश रवाना

**नेहरू युवा केंद्र संगठन की ओर से रांची रेलवे स्टेशन पर मेरी माटी मेरा देश को लेकर आयोजित किया गया राज्यस्तरीय कार्यक्रम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 30 अक्टूबर को नयी दिल्ली में आयोजित होनेवाले मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने के लिए झारखंड प्रदेश के 24 जिलों के 264 प्रखंडों से नेहरू युवा केंद्र संगठन के 507 स्वयंसेवक अमृत कलश के साथ रवाना हुए। शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन परिसर में नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड रांची की ओर से अमृत कलश यात्रा के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ अजीत कुमार सिन्हा (कुलपति, रांची विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश अग्रवाल (महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, रांची), पी कुजूर (उपमहानिरीक्षक, सीआरपीएफ, रांची), जेएस बिंद्रा (मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची), निशांत कुमार (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक), अब्दुल हमीद (संयुक्त निदेशक, पीआइबी, झारखंड) तथा अमित कुमार (सेनानायक, सीआरपीएफ, रांची), उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। सीआरपीएफ, गेल, रांची विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यालय, नगर पालिका रांची के अमृत कलश को हनी सिन्हा को प्रदान किया गया। इसके उपरांत रांची विश्वविद्यालय की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य निदेशक, हनी सिन्हा ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों सम्मानित किया एवं उनके सहयोग के लिए उन्हे धन्यवाद दिया। इसके साथ उन्होंने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के महत्व एवं इसका उद्देश्य सभी को बताया।

राकेश अग्रवाल (महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, रांची) द्वारा अपने उद्बोधन में मेरी माटी मेरा देश कार्यकम को देश के जमीनी स्तर से जुड़ाव को लेकर प्रकाश डाला गया तथा इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ द्वारा किये गये प्रयास को वर्णित किया। तत्पश्चात जेएस बिंद्रा (मंडल रेलवे प्रबंधक, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, रांची द्वारा संबोधन दिया गया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा (कुलपति, रांची विश्वविद्यालय) ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के संबंध में कहा कि इस कार्यक्रम ने पूरे देश को एक सूत्र मे पिरोने का काम किया हैं। उन्होंने बताया की रांची विश्वविद्यालय ने इस कार्यक्रम की शुरुआत से ही अपने विभिन्न कॉलेजों में इस कार्यक्रम को आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र रांची के उप निदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह तथा एनएसएस के राज्य समन्वयक ब्रजेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं / स्वयंसेवकों को झारखंडी बंडी तथा साड़ी प्रदान की गयी।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान मे झारखंड राज्य के सभी 24 जिलों के 264 प्रखंडों की 4344 पंचायतों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड राज्य के सभी प्रखंडों एवं सीआरपीएफ, गेल, रांची विश्वविद्यालय, सरला बिरला विश्वविद्यालय, पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यालय, नगर पालिका रांची से प्राप्त 284 अमृत कलशों को लेकर नेहरू युवा केंद्र संगठन, झारखंड के 507 स्वयंसेवक / युवा विशेष ट्रेन के माध्यम से शनिवार को रांची से नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए। इन कलशों की मिट्टी से कर्तव्य पथ नयी दिल्ली में एक अमृत वाटिका का निर्माण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 31 अक्टूबर को किया जायेगा।

# रिम्स ओपीडी के मरीजों की होगी डायलिसिस

## स्वास्थ्य मंत्री 31 को करेंगे उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में 31 अक्टूबर को पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस यूनिट, लाइब्रेरी और अपरेफरल कुपोषण उपचार केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आधिकारिक तौर पर उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर, ट्रामा और रेडियोलॉजी सेंटर के बाहर मरीजों और उनके परिजनों के लिए बने विश्राम केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे। रिम्स में नेफ्रोप्लस की ओर से संचालित केंद्र डायलिसिस केंद्र की शुरुआत 17 अक्टूबर को ही कर दी गयी है। अब 31 से ओपीडी बेसिस पर मरीजों की डायलिसिस शुरू कर दी जायेगी। रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि 25 बेड की इस व्यवस्था के अलावा पहले से संचालित 10 बेड पुरानी डायलिसिस यूनिट चलती रहेगी। यहां कार्डधारी, आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। वहीं सामान्य मरीजों की डायलिसिस 1341 रुपये में की जायेगी।

**अपरेफरल कुपोषण केंद्र में कुपोषित बच्चों का होगा इलाज :** रिम्स के ट्रामा सेंटर के पहले तल्ले में अपरेफरल कुपोषण उपचार केंद्र की स्थापना की गयी है। यहां विभिन्न कुपोषण ट्रीटमेंट सेंटर से वैसे बच्चों को रेफर किया जायेगा, जिन्हें विशेष देखभाल और इलाज की जरूरत होगी। उनका इलाज यहां रख कर किया जायेग।. इस केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ आशा किरण होंगी। वहीं पीडियाट्रिक विभाग के एचओडी की देखरेख में इस केंद्र का संचालन किया जायेगा। यहां कुपोषित बच्चों को डाइट के तहत भोजन भी दिया जायेगा। साथ ही संपूर्ण इलाज की व्यवस्था होगी।

**लाइब्रेरी में 501 लोगों की सीटिंग क्षमतों**

एकेडमिक ब्लॉक के चारों ब्लॉक में लाइब्रेरी बनायी गयी है। इसका भी 31 अक्टूबर को औपचारिक उद्घाटन किया जायेगा। इस लाइब्रेरी में रिम्स के 501 छात्र एक साथ बैठ कर पढ़ाई कर सकेंगे। वहीं इस लाइब्रेरी में 92278 किताबों की भी व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा 81 कंप्यूटर भी इंटरनेट के साथ लगाये जा रहे हैं, जिसमें ई -स्टडी मैटेरियल से वे पढ़ाई कर सकेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सुख-दुःख दोनों की अनुभूति होगी, बनते कार्यों में अड़चन, मन असंतुष्ट रहेगा।

**वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लम्बित रहे।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।

**कर्क** सुख-सौहार्द की वृद्धि, परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन, धार्मिक कार्य में रूचि।

**सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलम्ब होने की संभावना।

**कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।

**तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगा।

**धनु** उत्साहित रहेंगे, अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, विरोधियों से परेशानी होगी।

# झारखंड के युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिवर्ष 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अभियान के तहत केंद्र सरकार ने शनिवार को रांची सहित देशभर के 37 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया। रांची के सीसीएल दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेले के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की मौजूदगी में 123 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें सर्वाधिक रेलवे के 85, डाक विभाग के 24, डिफेंस सेवा में 06 और बैंकिंग सेवा में 06 युवा शामिल हैं। नियुक्ति समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह रोजगार मेला सिर्फ नियुक्ति के लिए नहीं है, बल्कि मिशन कर्मयोगी है, जो राष्ट्र को मजबूत बनाने का काम करेगा। मेले में सांसद संजय सेठ, सांसद सुदर्शन भगत, विधायक सीपी सिंह, विधायक समरी लाल के अलावा रेलवे के डीआरएम सहित कई अधिकारी मौजूद थे। बैंक पीओ में चयनित अर्चिता मिश्रा ने खुशी जताते हुए कहा कि आज के दिन का इंतजार वो लंबे समय से कर रही थी। उनका चयन केनरा बैंक में हुआ है। उन्होंने पीएम मोदी के इस पहल की सराहना की है। डिफेंस सेवा में चयनित होने वाले कुंदन कुमार दुबे काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी केंद्र सरकार के द्वारा इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन होता रहे, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलता रहेगा।

उधर, धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में शनिवार को रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से धनबाद में 173 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता, खाद्य, सार्वजनिक वितरण, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि देशभर के 37 शहरों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के हाजीपुर, पटना, धनबाद एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर में रोजगार मेला समारोह का आयोजन किया गया, जहां रेलवे के साथ-साथ अन्य मंत्रालयों के लिए नवनियुक्त कुल 533 कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये। इसमें धनबाद में 173, हाजीपुर में 81, पटना में 133 एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर में 147 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

# योगेंद्र तिवारी की रिमांड अवधि छह दिन बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी से दूसरी बार पूछताछ की जायेगी। इडी की स्पेशल कोर्ट ने इस बात की अनुमति दे दी है। इडी को छह दिनों की रिमांड मिली है। इससे पहले इडी योगेंद्र तिवारी से आठ दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। इस आठ दिनों की पूछताछ में कई बातें शराब घोटाला से संबंधित सामने आयीं, जिसके बाद इडी ने दूसरी बार पूछताछ के लिए इजाजत मांगी।

**छह दिनों तक होगी पूछताछ :** 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किये जाने के बाद आरोपी योगेंद्र तिवारी को इडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। तब इडी को आठ दिनों की रिमांड मिली थी। शनिवार को रिमांड की मियाद खत्म हो रही थी। इसी कड़ी में योगेंद्र तिवारी को रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने अदालत से आरोपी योगेंद्र तिवारी से दोबारा पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।


## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(AN AUTONOMOUS INSTITUTE UNDER SCHOOL EDUCATION & LITERACY DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND )

TENDER INVITING NOTICE

Enquiry No-1875 Date -20.10.2023

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Work for the Renovation of Different Misc. Works at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Different Misc. Works at Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Different Misc. Works at Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer,Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 20.10.2023 at 11.10 A. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 04.11.2023 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 06.11.2023 at 12.50 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(AN AUTONOMOUS INSTITUTE UNDER SCHOOL EDUCATION & LITERACY DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND )

TENDER INVITING NOTICE

Enquiry No-1878 Date -20.10.2023

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Work for the Renovation of 'A' type staff quater at Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of 'A' Type Staff Quater at Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of 'A' Type Staff Quater at Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division,Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 20.10.2023 at 11.10 A. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 04.11.2023 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 06.11.2023 at 12.50 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(AN AUTONOMOUS INSTITUTE UNDER SCHOOL EDUCATION & LITERACY DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND )

TENDER INVITING NOTICE

Enquiry No-1876 Date -20.10.2023

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Work for the Construction of P.T MANCH at Vidyalaya Oval Ground at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Construction of P.T MANCH at Vidyalaya Oval Ground at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Construction of P.T MANCH at Vidyalaya Oval Ground at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 20.10.2023 at 11.10 A. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 04.11.2023 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 06.11.2023 at 12.50 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(AN AUTONOMOUS INSTITUTE UNDER SCHOOL EDUCATION & LITERACY DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND )

TENDER INVITING NOTICE

Enquiry No-1877 Date -20.10.2023

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Work for the Construction of Brick Work in Vidyalaya Bungalow No-01 at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Construction of Brick Work in Vidyalaya Bungalow No-01 at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 2. | Scope of Work | Construction of Brick Work in Vidyalaya Bungalow No-01 at Netarhat Residential School Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.03.2023 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O- Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 20.10.2023 at 11.10 A. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 04.11.2023 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 06.11.2023 at 12.50 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

## जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय बेको, नइटांड में जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता निगरानी तथा अनुसरण से संबंधित पंचायत के सभी जल सहियाओं, वार्ड सदस्यों, पानी समिति सदस्यों और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेको पंचायत के मुखिया रुपाली कुमारी, नईटांड पंचायत मुखिया किशोर साव, डंडाडीह पंचायत मुखिया सुनीता देवी के द्वारा जल सहियाओं को जल जांच हेतु फील्ड टेस्ट किट दिया गया। इस दौरान जिला क्वालिटी मैनेजर राम पुकार के द्वारा पीएच, क्लोराइड, सल्फेट, फ्लोराइड नाइट्रेट सहित विभिन्न जांच के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रखंड समंवयक त्रिभुवन पांडेय ने कहा कि जल जांच कर सेवन करने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। मौके पर समाजसेवी बलदेव यादव, पंसस प्रतिनिधि इरशाद आलम, महेश साव, खूब लाल पासवान, रोहित दास, मुबारक अंसारी, जलसहिया निकिता देवी, कालिका कुमारी, पिंकी देवी, रिंकी देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## स्कूल मिड-डे मील रसोइया संघ का जिला सम्मेलन आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य स्कूल मिड–डे मील रसोइया संघ का जिला सम्मेलन 29 अक्टूबर को झुमरीतिलैया स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में आहूत किया गया है। यह जानकारी देते हुए एटक की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक दा, जिला परिषद सदस्य महादेव राम, सरिता रानी, विनोद पासवान सहित कई लोग शामिल होंगे। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक रसोइयों को भाग लेने की अपील की है।

## केटीपीपी में एक यूनिट से बिजली उत्पादन ठप



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के एक यूनिट से शनिवार की रात 12 बजे से मेंटेनेशन कार्य को लेकर विद्युत उत्पादन ठप्प हो गया.। ऐसे में डीवीसी के कमांड एरिया, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो में बिजली कटौती की संभावना बन गयी है.। यह मेंटेनेंस कार्य 28 दिनों तक चलेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी डीजीएम हरिश चंद्र सिंह ने बताया कि युनिट नंबर एक से 500 मेगावाट विद्युत उत्पादन जारी रहेगा। इसलिए कमांड एरिया में बिजली की कमी नहीं होने दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि यहां से 650 मेगावाट पावर सप्लाई झारखंड के विभिन्न जिलों में किया जाता है.।

## कृषि, सहकारिता और पशुपालन विभाग की हुई समीक्षा




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कृषि, सहकारिता व पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिसमें उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवेदनों का निस्तारण करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष का बचे हुए राशि का लाभुकों को भुगतान करेंगे। साथ ही झारखंड राज्य फसल राहत योजना से संबंधित चर्चा करते हुए योजना हेतु अधिक से अधिक किसानों का निबंधन और आवेदन करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी को दिया गया। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत ई–केवाईसी को लेकर उपायुक्त महोदया ने कहा कि छुटे हुए ऋणी पर संपूर्ण विवरण पर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। केसीसी को लेकर अधिक से अधिक आवेदनों का निस्तारण करने का निर्देश अग्रणी जिला प्रबंधक को दिया गया। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मुर्गी और बत्तख पालन के लिए लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला मत्स्य पदाधिकारी व संबंधित विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

## महान कवि महर्षि वाल्मीकि की मनायी गयी जयंती




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बचपन प्ले स्कूल में आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्या, सभी संयोजक संयोजिका, शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र–छात्राओं ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को सुसज्जित करने के लिए कक्षा सातवीं के रुद्र प्रताप ने आदि महाकवि वाल्मीकि जी का अभिनय किया। साथ ही महर्षि वाल्मीकि के द्वारा लिखित श्लोक भी पढ़ा। कक्षा छह के आरव हिसारिया ने आकर्षक तरीके से आदिकाल के महाकवि महर्षि वाल्मीकि जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ विद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष काशीनाथ कुमार ने महर्षि वाल्मीकि जी के बारे में ऐसा बताया कि वह पहले डाकू हुआ करते थे लेकिन बाद में उन्होंने राम भक्ति अपनाकर ऋषि जीवन का अनुसरण करने का निर्णय लिया। प्राचार्या श्रीमती नीरजा ने महर्षि आदिकवि वाल्मीकि जी के बारे में बताया कि उन्होंने सर्वप्रथम संस्कृत श्लोक की रचना की थी तथा महाकाव्य रामायण की भी रचना उन्हीं के द्वारा की गयी थी इसी कारण उन्हें संस्कृत के आदि कवि के रूप में पहचाना जाता है। वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना करके हर मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने की राह दिखाई। शिक्षक–शिक्षिकाओं और छात्र–छात्राओं को उनके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सकिंदर कुमार, संयोजिका अर्चना चंदन, पूजा झा, शिक्षिका रश्मि सूद, शिक्षक सूरज कुमार, काशीनाथ कुमार, अनिल कुमार यादव, रजनीश कुमार, मनीमाला दत्ता, अर्चना सिंन्हा एवं विद्यालय के अन्य लोगों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## मुन्ना सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** नेतृत्व विकास मिशन के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में हुआ। जिसमें कांग्रेस पार्टी के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभागो के जिला अध्यक्षों का संयुक्त एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर रखा गया। हजारीबाग से शिविर में शामिल होने के लिए आए हुए विभिन्न विभागों के अध्यक्षों से मुलाकात कर हौसला अफजाई का कार्य किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय कोडिनेटर व राहुल गांधी के सलाहकार के. राजू, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, ए सी विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लैलाटीया, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवम सीएलपी लीडर आलमगीर आलम विधायक दीपिका पांडे, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी से हजारीबाग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने मुलाकात कर हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र संदर्भ विचार विमर्श किया।

## हरली से श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के लिए हुए रवाना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरली गांव से दर्जनों श्रद्धालुओं का जड़ था माता वैष्णों देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। सभी श्रद्धालु सर्वप्रथम हरली के शिव मंदिर प्रांगण में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात रवाना हुए। उक्त जत्था में पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह आजसू नेता उपेंद्र कुमार, संतोष कुमार, विजेंद्र कुमार, डॉक्टर धानेश्वर कुमार, अंश कुमार, संजू कुमारी, रिंकी कुमारी, पार्वती कुशवाहा,पूनम कुमारी, परी प्रिया, रिद्धि राज, खुशी राज, भुनेश्वरी देवी सामिल है।

# रांची में आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम में शामिल हुए 41 सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के 34 सदस्य व नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ के 7 स्वयंसेवकों की टीम को राज्य स्तरीय मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रांची भेजा गया। उक्त 41 सदस्य दल राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात राष्ट्रीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने हेतु रवाना हुए। ज्ञात हो हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय अमृत कलश यात्रा के 16 कार्यक्रमों का और रामगढ़ में 6 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड स्तरीय अमृत कलश निर्माण में अपने गांव के मिट्टी व चावल को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली में स्थापित होने जा रहे अमृत वाटिका निर्माण हेतु अर्पित किया। स्वयंसेवकों को जिला मुख्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में शामिल होने हेतु भव्य कार्यक्रम के माध्यम से शुभकामनाएं दी गयी। जिसमें बीएसएफ के ब्रेस बैंड के मधुर तरंगों से पूरा परिसर गुंज्यमान हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआइजी बीएसएफ आरआर लाल शामिल हुए। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। अतिथियों द्वारा सभी स्वयंसेवकों को उनके प्रखंड का अमृत कलश समर्पित किया गया और संपूर्ण देखभाल के साथ अमृत कलश को दिल्ली पहुंचाने की जिम्मेदारी भी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीएसएफ कमांडेंट सत्यवान खांची, प्रशिक्षु आइएएस सुलोचना मीना, डीएसपी प्रशांत कुमार, एनएसएस कार्यक्रम समंवयक डॉ जॉनी रूफीना तिर्की, निवेदिता राय, निदेशक, सामाजिक सुरक्षा और नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा शामिल हुए।

सभी अतिथियों ने बस को हरी झंडी दिखाकर हजारीबाग के स्वयंसेवकों को शुभ व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रतीक भारद्वाज द्वारा किया गया।

# इचाक और पदमा के मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष कैंप का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया के द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित विशेष अभियान का निरीक्षण करने हेतु इचाक प्रखंड और पदमा प्रखंड के मतदान केंद्रों का दौरा किया गया। इस क्रम मे इचाक प्रखण्ड के मतदान केंद्र संख्या-333 और 334 के एन उच्च विद्यालय इचाक तथा मतदान केंद्र संख्या-336 एवं 337 परियोजना उच्च विद्यालय हदारी पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ को प्रपत्र-6, 7 और 8 को अविलंब ऑनलाइन करने तथा मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने और रंगीन फोटोग्राफ से प्रतिस्थापन करने का निदेश दिया गया। पदमा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या-256, 257 और 258 राम नारायण +2 हाई स्कूल पदमा का निरीक्षण किया गया। सभी बीएलओ उपस्थित थीं। उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को बताया गया कि जो भी फॉर्म भरा हुआ उपलब्ध है उसे दो दिनों के अंदर इंट्री किया जाय। साथ ही 30 अक्टूबर से द्वितीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर नया फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें। संबंधित हाई स्कूल के प्राचार्य से वर्तमान मे अध्ययनरत 17-18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों का प्रपत्र-6 नामांकन पंजी के आधार पर भरवाने का निदेश दिया गया। मौके पर इचाक सीओ मनोज कुमार महथा समेत अन्य उपस्थित थे।

# मूए मुबारक की जियारत के लिए अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** डाड़ी कलां के मस्जिदे गौसिया के प्रांगण में अकीदतमंदों ने शुक्रवार को मुए मुबारक पेगंबरे इस्लाम हुजुर सल्लल्लाहो अलेहे वसल्लम, जुल्फे मुबारक, इमामे हुसैन रदीयल्लाहो तआला अन्हो के मुए मुबारक, सरकारें गौसे आजम रदीयल्लाहो तआला अन्हो के मूए मुबारक, कर्बला शरीफ की मिट्टी, खानए काबा के गिलाफ व दीगर बुजुर्गोंने दीन के तबरुर्कात की जियारत जमाते राजाए मुस्तफा कमिटी के जानिब से करायी गयी। जियारत को लेकर बड़कागांव प्रखंड के कोने-कोने से अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं जियारत को लेकर डाड़ी कलां के मस्जिदे गौसिया के आसपास मेले का माहौल था। मुए मुबारक की जियारत सुबह 9 बजे से लेकर शाम के 6:30 बजे तक कराया गया। इस दौरान सभी ने सलातो सलाम पढ़ा। जियारत की शुरूआत सय्यद फैजानुल हुदा ने दुआ से की अंत में सामूहिक सलातो सलाम के बाद मुए मुबारक को स्पेशल बक्से में रख दिया गया। कई लोगों ने मुए मुबारक की जियारत कर अपने आप को खुशनसीब समझा। मो० फिरोज हुसैन (गुल्लू बाबू), असलम कुरैशी व महबूब आलम प्रिंस ने लोगों को इसकी जियारत करायी। हाफिज अजहर अल्ताफ और मौलाना हसमत अली के संयुक्त सदारत में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। अजहर अल्ताफ, मो फिरोज हुसैन और मस्जिदे गौसिया के इमाम दानिश अनवर ने मुए मुबारक व दीगर तबरुर्कात की फजीलत हदीस की रोशनी में बयान की और जियारत पर रौशनी डालते हुए उनकी फाजिलते बताई वहीं शायर गुलाम दस्तगीर ने दिनभर अपनी शायरी से लोगों को झुमाते रहे। जियारत के कार्यक्रम को सफल बनाने में जमाते राजाए मुस्तफा कमिटी के सदर मो० मोजफ्फर अली, मौलाना हशमत अली, एजाज आलम, फयूम अंसारी, तनवीर आलम, रियासत हसन, मो कासिम, अयूब अली, गौस मोहम्मद, मो अफसर, मो शहजाद, मोजिबुल्लाह अंसारी, गुलाम मुस्तफा, मंजूर आलम, अहद रजा, मो इनामुल, गुलाम रब्बानी, हाफिज आलम, मो ताहिर, हैदर अली, जावेद अख्तर, फरीद अंसारी, मो निसार, आमिर राजा, मो तहजीब, मो वसीम, मो० ईदुल, मो मन्नान, दाऊद अली, एनुल हक, मो नेजाम, मतलुब, तौफीक इत्यादि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़कों पर गंदा पानी बहाने वालों पर होगी कार्रवाई: अंचल अधिकारी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के गलियों में घरों का नाली का गंदा पानी बेरोक टोक बहाया जा रहा है। इस संबंध में यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को 31 व्यक्तियों के विरुद्ध आवेदन देकर कर्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि चेडरा, रामुआ और विष्णुगढ़ के ग्रामीणों द्वारा घरों का गंदा पानी और कूड़ा कचरा सड़कों पर बेखोप बहाया जा रहा है। जिससे लोगो को राह चलते परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रतिनिधिनों द्वारा मना करने पर लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। इस बाबत पंचायत प्रतिनिधिनों ने बताया कि हमारे गांव की गली मोहल्ले साफ सुधरा रहे, इसके लिए अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के साथ घूम–घूम कर लोगों से गंदा पानी न बहाए जाने की अपील की गयी। परंतु लोग अपनी हरकतो से बाज नहीं आ रहे है। जहां एक और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता की बात करते हैं। सरकारी अधिकारी से लेकर नेता मंत्री तक सड़कों पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। वही विष्णुगढ की गलियां बीमारियों को आमंत्रण दे रही है। समय रहते इस पर रोक नहीं लगाया गया। तो आने वाले समय में गंभीर बीमारियों से दो चार होना पड़ेगा। इसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में अंचल अधिकारी रामबालक कुमार से पूछे जाने पर बताया कि घरों का गंदा पानी सड़कों पर बहाए जाने वालो के खिलाफ थाना प्रभारी से मिलकर अविलंब कर्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी को दिये गये आवेदन में चेड़रा, विष्णुगढ़ मुखिया के हस्ताक्षर है।

## इचाक के कृषक मित्र की हुई बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड तकनीकी सूचना केंद्र में प्रखंड इचाक के कृषक मित्र की बैठक हुई। बैठक में सभी किसान मित्र को निर्देश दिया गया अपने अपने पोषक क्षेत्र से 10–10 केसीसी फॉर्म भरकर जमा करना है। प्रत्येक सप्ताह के बृहस्पतिवार अच्छादन रिपोर्ट 2 बजे तक सभी को जमा करना है। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि, प्रखंड तकनीकी प्राधिकारी पुष्पा कुमारी, कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, किसान मित्र अनिल मेहता, रामजय मेहता, तुलेश्वर महतो, महेंद्र मेहता, अशोक मेहता, पुष्पा देवी, रीना देवी, सुनीता कुमारी, पूनम देवी, अनुपम मेहता, मुरलीधर मेहता, बसंत नारायण मेहता, निसित नारायण सिंह, सरजू राम, सौरभ कुमार, सुजीत कुमार, लक्ष्मी देवी, संजीत कुमार सोनी, उदय पासवान, संतोष कुशवाहा, शिव शंकर मेहता, उमेश मेहता, ओम प्रकाश मेहता, रामकृष्ण गोप समेत कई किसान मित्र उपस्थित है।

## बड़कागांव प्रखंड के 274 वार्ड सदस्यों के लिए तीन चरणों में होगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के 23 पंचायत के 274 वार्ड सदस्यों का तीन चरणों में अलग–अलग तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रखंड सभागार में 30 अक्टूबर से शुरू की जायेगी जो 8 नवंबर तक चलेगी। यह प्रशिक्षण विभागीय पत्रांक 2539 दिनांक 5.10.2023 और जिला पंचायत राज पदाधिकारी हजारीबाग के ज्ञापन 586/ ग्रा.पं. दिनांक 9.10. 2023 के आदेशानुसार बड़कागांव कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी के ज्ञापन 1196 दिनांक 27 .10. 2023 के आलोक में प्रथम चरण 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराह्न तक चलेगी। प्रथम चरण में प्रखंड सभागार के ग्राउंड फ्लोर पर बड़कागांव पूर्वी, बड़कागांव पश्चिमी, बड़कागांव मध्य और सिकरी पंचायत के कुल 45 और फर्स्ट फ्लोर में सिंदुआरी, डाडीकला, सिरमा, चेपाकला पंचायत के कुल 47 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण दी जायेगी। इसी तरह द्वितीय चरण में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक ग्राउंड फ्लोर सभागार में कांडतरी, सांढ, नयाटांड चंदौल पंचायत के कुल 45 और फर्स्ट फ्लोर में महुगाइकला, बादम, हरली पंचायत के कुल 44 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं 6 नवंबर से 8 नवंबर तक प्रखंड सभागार के ग्राउंड फ्लोर पर गोंदलपुरा, चौपदारबलिया, तलसवार, आंगो पंचायत के कुल 45 वार्ड सदस्य और फर्स्ट फ्लोर के सभागार में पोटंगा, ऊरीमारी, गरसुला और नापो खुर्द पंचायत के कुल 48 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण होगी।

## बंगवासियों ने धूमधाम से की लक्खी पूजा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ऐसो मां लोक्खी बोसो मां लोक्खी थाको मां लोक्खी आमार घरे... के पाठ के साथ बंग समुदाय की लोक्खी पूजा शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुई। पूजा को लेकर बंग समुदाय की महिलाओं ने सुबह से ही स्नान करके पूजा की तैयारी में जुट गयी थी। महिलाएं पूजा को लेकर सुबह से ही उपवास रखी हुई थी। घर के सदस्यों ने अपने–अपने घरों में तरह–तरह की रंगोली बनायी। पंडित हरि भट्टाचार्य ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद शरद पूर्णिमा के दिन सभी बंगाली समुदाय के घर पर लोक्खी पूजा का आयोजन किया जाता है। अड्डी बंगाल स्थित सरकार बाड़ी में बड़े स्तर पर पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर दूर–दराज से लोग पहुंचकर प्रसाद स्वरूप भोग ग्रहण करते हैं। इसके अलावा डॉ अधीर विश्वास, कमल दत्तो, संदीप मुखर्जी, विमल चटर्जी, दुलाल गांगुली, आरती बनर्जी, मालती पाल सहित अन्य बंग समुदाय परिवारों के घरों पर धूमधाम से पूजा हुई। वही डोमचांच और शिवसागर में पूरे विधि विधान के साथ बंगवासियों ने धन की देवी मां लोक्खी की पूजा अर्चना की।

## ग्रामीण विकास मंत्री का आवास घेरेंगे मनरेगा कर्मी

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय के मनरेगा कर्मी 30 अक्टुबर ग्रामीण विकास मंत्री आवास घेराव को लेकर सामुहिक अवकाश पर रहेगा। कर्मी ने बताया कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ इस दिन झारखंड के ग्रामिण मंत्री का आवास घेराव का कार्यक्रम आयोजित है। मनरेगा कर्मी आवास घेराव के माध्यम से वेतनमान बढोतरी और अन्य सर्विस बेनिफीट की मांग किया जायेगा। घेराव में बीपीओ अफरोज अख्तर, एई मनीष रंजन, जेई शाशांक भुषण, सहायक लेखापाल कुलदीप राम, कम्प्युटर ओपरेटर दिनेश कुमार और रोजगार सेवक संतोष राम, निरंजन प्रसाद, अरूण रवि, नेमचंद कुमार, समेत अन्य शामिल होगा।

# केरेडारी में वृक्ष रक्षा बंधन और पर्यावरण मेला में जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सूचना जनसंपर्क विभाग हजारीबाग के द्वारा केरेडारी प्रखण्ड के गरीकला पतरा में आयोजित वार्षिक वृक्ष रक्षा बंधन सह पर्यावरण मेला के अवसर पर जनहित में सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों आदि को प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों के द्वारा जागरूक किया गया।

**स्टॉल लगाकर फ्लैगशिप योजनाओं की दी गयी जानकारी:** जनसंपर्क विभाग के द्वारा लगाये गये स्टॉल के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित सर्वजन पेंशन, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री पशुधन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि जैसे महावपूर्ण योजना, नशामुक्ति अभियान से जुड़ कर लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया, इस क्रम में आम लोगों को योजना से लाभान्वित होने की प्रक्रिया, होने वाले लाभ से सम्बन्धित पम्पलेट्स सहित अन्य प्रचार सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा निबंधित टीम सांस्कृतिक कलादल, आंगो बड़कागांव के द्वारा पारंपरिक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जनहित की सरकारी योजनाओ की जानकारी सहित पर्यावरण संरक्षण का संदेश स्थानीय भाषा, बोली में दिया गया।

**बड़े स्क्रीन पर सरकार की योजनाओं को किया गया प्रदर्शित:** सरकार द्वारा संचालित जनहित की महत्वपूर्ण योजनाओं को एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। ज़िला प्रशासन के विभिन्न विभागों के माध्यम से ज़िला में संचालित योजनाओं, योजना के लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, सफल लाभुकों के अनुभव को लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही स्क्रीन पर सामाजिक कुरीति, सामाजिक समस्या, पर्यटन स्थल आदि को भी प्रदर्शित किया गया।

**जनसंपर्क अभियान के तहत केरेडारी में वृक्ष रक्षा बंधन सह पर्यावरण मेला में जागरुकता कार्यक्रम :** सूचना जनसंपर्क विभाग हजारीबाग के द्वारा केरेडारी प्रखण्ड के गरीकला पतरा में आयोजित वार्षिक वृक्ष रक्षा बंधन सह पर्यावरण मेला के अवसर पर जनहित में सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों आदि को प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों के द्वारा जागरूक किया गया।

जनसंपर्क विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित सर्वजन पेंशन, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री पशुधन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि जैसे महावपूर्ण योजना, नशामुक्ति अभियान से जुड़ कर लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया, इस क्रम में आम लोगों को योजना से लाभान्वित होने की प्रक्रिया, होने वाले लाभ से संबंधित पम्पलेट्स सहित अन्य प्रचार सामग्रियों का वितरण किया गया। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा निबंधित टीम सांस्कृतिक कलादल, आंगो बड़कागांव के द्वारा पारंपरिक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जनहित की सरकारी योजनाओ की जानकारी सहित पर्यावरण संरक्षण का संदेश स्थानीय भाषा, बोली में दिया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वहीं स्टॉल में स्वीप टीम के द्वारा मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने, नाम हटाने आदि के लिए चुनाव आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की जानकारी आमलोगों को दी गयी। इस दौरान टीम स्वीप हजारीबाग और स्थानीय बीएलओ के द्वारा लोगों को प्रपत्र 6,7,8 जैसे फॉर्म का वितरण किया गया।**

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
05

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन, मिले कई निर्देश

# अवैध खनन और परिवहन पर कसें नकेल: चंदन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता डीसी चंदन कुमार ने की। बैठक खान निरीक्षक और गोला थाना प्रभारी द्वारा अवैध बालू के कारोबार के विरुद्ध की कार्यवाही की सराहना करते हुए अन्य अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



**अवैध खनन पर सीसीएल जीएम को कई निर्देश:** अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर डीसी ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने और अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देने का निर्देश दिया।

**इट भट्ठों संचालकों के साथ वर्कशॉप करने का निर्देश:** जिले में ईट भट्टों का संचालन नियम अनुसार सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को सभी इट भट्टों के संचालकों के साथ वर्कशॉप आयोजित कर उन्हें संचालन हेतु विभिन्न नियमों की विस्तृत जानकारी देने और किसी भी हाल में नियमों की अवमानना करते हुए इट भट्ठों का संचालन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अवैध खनन पर नकेल को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश:** अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने और तत्काल रूप से मामलों पर कार्रवाई करने के मद्देनजर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा उन्होंने जिले में संचालित अवैध क्रशरों की पहचान करने और उनमे विद्युत आपूर्ति पर रोक लगाने सहित अन्य कार्रवाई करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

### एक माह में डेढ़ लाख जुर्माना की वसूली, सात वाहन जब्त

बैठक में डीसी को जानकारी दी गयी कि अक्टूबर माह में अब तक अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गयी है। वहीं सात वाहनों को जब्त और सात प्राथमिक की भी दर्ज किये गये हैं। बताया कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में अवैध खनन और ट्रांस्पोर्टिंग पर नकेल कसने के लिए ही ऐसी कार्रवाई लगातार की जा रही है।

### चुटुआ नदी और तोपा मामले पर डीसी गंभीर, कार्रवाई के निर्देश

केदला वाशरी से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों के चुटुवा नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों में जाने पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल रूप से इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही तोपा कोलियरी में आग व जहरीली गैस के रिसाव संबंधित मामले पर उपायुक्त ने अभिलंब रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने तोपा कोलियरी में ही हाल ही में क्रेन पलटने संबंधित मामले पर विस्तृत रूप से जांच करने और जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला आरएन टैगोर हाउस और सीवी रमन हाउस के बीच खेला गया। जिसमें आरएन टैगोर ने लगातार दो सेट में 21-15, 21-9 से जीत दर्ज करते हुए टूनार्मेंट पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में सीवी रमन ने बिरसा मुंडा हाउस और आरएन टैगोर हाउस ने मदर टेरेसा हाउस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि शरीर को स्वस्थ और मन को प्रसन्न रखने में खेलकूद का बहुत योगदान होता है। इसलिए हर उम्र के व्यक्ति को पूरे जीवन किसी न किसी खेलकूद की गतिविधि से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में खेलकूद के क्षेत्र में भी करियर की संभावनाएं काफी बढ़ गई है। श्री राजगढ़िया ने कहा कि खेल-कूद शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन की भी सीख देता है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि खेल हमें अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। खेल में मिली हार से हमें हमारी कमियों का पता चलता है, जिसे दूर कर हम विजय के पथ पर आगे बढ़ते हैं।

## काली पूजा समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा थाना मैदान स्थित काली मंदिर प्रांगण में शुक्रवार की देर शाम काली पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में काली पूजा के सफल आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। पूजा की सफलता को लेकर कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें नये लोगों को कई जिम्मेवारियों भी सौंपी गयी। विस्तारित कमेटी में सर्वसम्मति से प्रदीप मांझी, सरोज झा, मुखिया व्यास पांडेय और प्रभाष दास को संरक्षक चुना गया। वहीं अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष दिनकर सिंह, सचिव कामेश्वर मेहता, सहसचिव अनिल पासवान व अरविंद सहाय, कोषाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, सह कोषाध्यक्ष दयानंद केशरी, संगठन सचिव रिंकू दास, सह संगठन सचिव श्रवण शर्मा व घनश्याम पासवान, मीडिया प्रभारी गुड्डू पांडेय को बनाया गया। जबकि कार्यकारणी सदस्यों में पप्पू यादव, प्रशांत डे, अशोक मिश्रा, लखन पासवान, मनीष, राजू प्रसाद, सुबोध विश्वास, गणेश खतरी, बिगन पासवान, गौतम, दिनेश आदि शामिल हैं।

## सूरज मुंडा हत्याकांड मामले में एक गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सूरज मुंडा हत्याकांड मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने शहर के दुसाध मुहल्ला निवासी विक्की कुमार पिता छत्रधारी पासवान को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दी। बताते चले कि बीते 17 अक्टूबर को बेलवागढ़ा में सूरज मुंडा की हत्या कर पंचानंद मुंडा के खेल में फेंक दिया गया था। इस मामले में चौकीदार निरंजन करमाली ने अज्ञात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने कांड संख्या 235/23 धारा 302/ 201/ के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ पुलिस ने हत्याकांड में शामिल विक्की कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जबकि, हत्याकांड मामले में कोयरी टोला निवासी प्रशांत पोद्दार भी शामिल था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी तेज कर दिया।

## नीचे धौड़ा श्रीश्री काली पूजा समिति की बैठक में कमेटी का हुआ गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नीचे धौड़ा यज्ञशाला के समीप शनिवार को काली पूजा को सफल बनाने को लेकर पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में पूजा की सफलता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ श्रीश्री काली पूजा समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें संरक्षक आजाद भुंइया, संजीत राम, बागेश करमाली, भुनेश्वर राम, लाली करमाली, राजेंद्र करमाली, बीके करमाली, रामकुमार, विनय कुमार को चुना गया। वहीं अध्यक्ष मुखिया अजय पासवान, सचिव अशोक राम, कोषाध्यक्ष बसंत करमाली को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों शत्रुधन राम, उमेश राम, विनोद करमाली, कृष्णा राय, राज करमाली, दीपक राम, जितेंद्र राम, जीतु कुमार, विराट कुमार, मनोज राम, राहुल मेहरा आदि शामिल हैं।

## अरगड्डा रेलवे स्टेशन से महिला लापता



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** अरगड्डा रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पर सवार महिला के लापता होने का मामला जीआरपी थाने में लिखित शिकायत दर्ज की गयी है। मामले को लेकर अरगड्डा निवासी नितिन दोषी ने बताया कि उनकी साली रंजीता देवी पिछले छब्बीस अक्टूबर को अपने ससुराल चंदवा जाने के लिए अरगड्डा रेलवे स्टेशन से चंदवा जाने के लिए गाड़ी संख्या 03343 में सवार हुई। लेकिन चंदवा नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने बताया कि बरकाकाना रेल थाना में लिखित आवेदन दिए जाने पर रेल थाना प्रभारी ने अधिकार क्षेत्र में नहीं होने की बात कह आवेदन को लेने से इनकार किया।रेल थाना प्रभारी ने बताया कि मामला रामगढ़ थाना में दर्ज होगा। रामगढ़ थाना जाने पर प्रभारी ने मामले को रेलवे से संबंधित बताकर मामले को रेल थाना बरकाकाना में दर्ज करने की बात कही। अधिकार क्षेत्र विवाद के कारण मामला घंटों उलझता रहा। तदोपरांत मामले की शिकायत धनबाद रेल पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का डीडीसी ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति/मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 समेत अन्य विकास तथा कल्याणकारी योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, अमृत सरोवर, मजदूरी भुगतान, नेशनल मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम, मानव दिवस सृजन, 15वें वित्त द्वारा संचालित योजना की क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त आवंटन के विरूद्ध किए गये खर्च की समीक्षा प्रखण्डवार की गयी। प्रायः देखा जा रहा है कि संबंधित प्रखण्डों द्वारा प्राप्त आवंटन का सदुपयोग नहीं किया जा रहा है उन प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत राशि का सदुपयोग किया जाये।



### प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी में जिन लाभुकों को किस्त की राशि दी जा चुकी हैं। वैसे लाभुकों को चिन्हित कर स्थल निरीक्षण करते हुए आवास को पूर्ण कराने अन्यथा लाभुकों द्वारा आवास पूर्ण नहीं किया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही किसी भी परिस्थिति में शत प्रतिशत आवास को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि 31 अक्टूबर 2023 से 10 नवम्बर 2023 तक चलो करे आवास पुरा का दूसरा फेज प्राप्त निर्देश के आलोक में चलाया जाना निर्धारित है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पुरी तैयारी कर ले जिससे कि अभियान के क्रम में शत प्रतिशत आवास को पूर्ण कराया जा सके।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024

27 अक्टूबर को हुए मतदाता सूची का प्रकाशन और स्पेशल कैम्पेन अभियान के तहत 28 और 29 अक्टूबर तथा 4 और 5 नवंबर तक चलने वाले अभियान की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि उक्त तिथि को चलने वाले अभियान के तहत सभी बीएलओ0 अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर नाम पंजीकरण, सुधार, विलोपन, ब्लैक एण्ड वाईट फोटो, खराब गुणवत्ता वाला फोटो प्रतिस्थापन का कार्य करेंगे और आगे बैठक में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि फार्म 6, 7 और 8 की मॉनिटरिंग करेंगे और प्राप्त फार्म का रिपोर्ट प्रतिदिन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को जागरूक करने के साथ ही आने वाले मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे।

# दो दिनों से पाइप के नीचे दबा रहा बाइक सवार, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में बीते 2 दिन पूर्व एक लोहे का पाइप लदा ट्रक पलट गया था। घटना के बाद चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल चालक को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था। शनिवार को जब सड़क किनारे पड़े लोहे के पाइप को दूसरे गाड़ी में लोड करने के लिए लोग पहुंचे तो काफी बदबू आने लगी। इसी बीच लोहे के पाइप को हटाया जाने लगा तो एक देखा कि बाइक समेत एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसे क्रेन के माध्मय से निकाला गया। मृतक की पहचान न्यू कॉलोनी कुजू निवासी 53 वर्षीय बंधन लोहार पिता स्व रामलाल लोहार के रूप में कई गई है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

शहर के नईसराय स्थित टीवीएस शोरूम के निकट शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को नई सराय सीसीएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान पूर्वी सिंह धूम जमशेदपुर सुंदर नगर निवासी 27 वर्षीय सुधीर खरवार के रूप में कई गई है। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। साथ ही परिजनों को घटना के बाबत जानकारी दे दी गयी।

# पिता की मौत के बाद पुत्र को मिला नियुक्ति पत्र

**डीडीएमएस ने दुर्घटना स्थल का किया मुआयना, कुजू जीएम मिले शोकाकुल परिवार से, पहुँचे डीडीएमएस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू ।** सीसीएल तोपा परियोजना के खुली खदान के हॉल रोड में क्रेन के पलटने से हुई सीसीएल कर्मी चालक की मौत के बाद प्रबंधन ने मृतक के बड़े पुत्र के नाम नियुक्ति पत्र मृतक की पत्नी को सौंपा। घटना के बाद ग्रामीणों के मुआवजा राशि, नौकरी और जांच की मांग को लेकर सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय कुजू में वार्ता का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों ने आश्रित के परिवार के सदस्य को तत्काल नौकरी, अंतिम संस्कार और दुर्घटना बीमा की राशि की मांग करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की। जहां प्रबंधन की ओर एसओपी गिरीशचंद्र द्वारा तत्काल मृतक भोला प्रसाद के बड़े पुत्र बादल कुमार नाम का नियुक्ति पत्र बनाकर माता अनिता देवी को सौंपा गया। साथ ही, अंतिम संस्कार के लिए 75 हजार रुपये का चेक सौपा गया। जिसके बाद कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। अंत्यपरीक्षण के पश्चात शनिवार को शव का अंतिम संस्कार डटमा बस्ती स्थित श्मशान घाट पर किया गया। जहां मृतक के बड़े पुत्र बादल कुमार ने मुखाग्नि दी।

**डीडीएमएस ने घटनास्थल का किया मुआयना :** देर रात रांची मुख्यालय से आये डीडीएमएस की दो सदस्यीय टीम ने घटना के बाद देर रात्रि मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। टीम में शामिल डीडीएमएस हनुमंत राव और रत्नाकर जी घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया गया। इस दौरान उनके साथ कुजू एसओ माइनिंग अजीत सिंह और एसओ एक्सावेशन एमके बढ़ई मौजूद रहे।



### जीएम ने मृतक के परिजनों को ढांढ़स बंधाया

सीसीएल कुजू क्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा शनिवार को मृतक के गांव डटमाबस्ती पहुंचे। जहां मृतक के आवास पर पहुंचकर जी ने स्वर्गीय भोला प्रसाद के शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के पिता डोमन साहू, बड़े पुत्र बादल कुमार सहित अन्य सदस्यों को सीसीएल प्रबंधन की ओर से हर संभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा सीसीएल परिवार उनके साथ खड़ा है।

### क्या था मामला

सीसीएलकर्मी सह डटमा बस्ती निवासी 50 वर्षीय भोला प्रसाद पिता डोमन साव तोपा परियोजना में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को खदान के अंदर से हैवी क्रेन को लेकर बाहर की ओर आने के क्रम में तकनीकी खराबी के कारण पलट गया। जिससे क्रेन चालक भोला प्रसाद क्रेन के नीचे दब गये। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गये थी।

### वार्ता में ये थे मौजूद

सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में हुई वार्ता में एसओपी गिरीश चंद्र, मैनेजर एमके सिंह, पर्सनल मैनेजर संतोष कुमार, अविनाश श्रीवास्तव, अनोर्पाल, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार के अलावे आजसू नेता तिवारी महतो, रामभजनलाल महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, रामनाथ महतो, रंजीत सिंह, गणेश सिंह, प्रकाश मिश्रा, उमेश प्रसाद, नितेश गुप्ता, विजय पासवान, रतन प्रसाद, धनेश्वर मांझी, जयंनथ महतो, प्रदीप राम, राजकुमार ठाकुर, नंदकिशोर प्रसाद, कालेश्वर राम, देवेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

## मगध में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक हजार लोगों ने बनायी मानव श्रृंखला



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना, मगध-संघमित्रा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के अंतर्गत'भ्रष्टाचार का विरोध करे, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे, विषय के तहत एक हजार मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जीएम नृपेंद्र नाथ के अलावा सीसीएल कर्मी, स्कूली बच्चे और स्थानीय ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठन के प्रतिनिधियों, हितधारकों, आस-पास के ग्रामीणों और मगध परियोजना के आस-पास के स्कूलों के छात्रों ने भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में बड़े पैमाने पर जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए इस भव्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम में एकजुट हुए। जीएम ने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने में एक उपकरण है। हमें उन सभी लोगों पर गर्व है जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण संदेश लेकर अच्छे नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी साझा करने के लिए इस भव्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम में भाग लिया।

## तोपा में छठ पर्व मनाने को लेकर बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** तोपा चौक स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति, तोपा ने महापर्व छठ मनाने को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता निर्मल करमाली व संचालन सुरेश्वर तिवारी ने की। बैठक के दौरान सरना मैदान तोपा में हर वर्ष की भांति महापर्व छठ पर्व के लिए अस्थाई तालाब का बनाकर छठ घाट निर्माण करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, आकर्षक साज-सज्जा व प्रकाश की व्यवस्था करने पर भी सहमति बनी। साथ ही, छठ महापर्व को संपन्न करने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अभिषेक पासवान, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सचिव अमरदीप महतो, उपसचिव नीतीश मेहता, कोषाध्यक्ष पंकज महतो व उप कोषाध्यक्ष संतोष पासवान व शुभम सिंह का मनोनित किया गया। वही, संरक्षक के रूप में जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, राम भजनलाल महतो, विजय पासवान, बिनोद प्रसाद, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, राहुल सिंह, राजेश मंडल, कामेश्वर गंझू, अनिल गंझु, पूरन गंझू, निर्मल करमाली शामिल रहे। मौके पर अभिषेक सिंह बाउवा, कमलेश, सनातनी संतोष, वासुदेव, राजा ठाकुर, नीरज, आशीष पाठक, पुष्पराज समेत कई धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## डीजल कॉलोनी पूजा समिति ने किया भंडारा का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** डीजल कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से शनिवार को डीजल कॉलोनी दुर्गा मंडप के समीप भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान समाजसेवी निशि पांडे, निशांत सिंह की अगुवाई में पूजा समिति के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से लेकर पुरुष और महिलाओं की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी थी। समिति द्वारा आयोजित भंडारे में रेलवे के कई कर्मचारी व उनके परिजन भी मौजूद थे।

## पंच मंदिर में भगवती जागरण का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू के पंचमंदिर में शुक्रवार रात्रि पंच मंदिर दुर्गा समिति की ओर से मां भगवती का भव्य जागरण आयोजित किया गया। इस दौरान अनेक कलाकारों ने अपने भक्ति गीतों से पंचमंदिर निवासियों को झुमाया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस दौरान समाजसेवी निशी पांडे, जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, श्यामली मेहता, रानी देवी, सुजीत पटेल, नूतन सिंह, किशोर कुमार महतो सहित कई लोग मौजूद रहे। कलाकारों में स्वीटी राज और दलजीत सिंह दीवाना ने अपने शानदार गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। जागरण को सफल बनाने में पंचमंदिर दुर्गा पूजा सह प्रबंध समिति का अहम योगदान रहा।

## रैयतों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन जारी

**टंडव (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले आम्रपाली विस्थापित प्रभावित रैयतों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का शनिवार को दूसरा दिन अनवरत जारी रहा। इस धरना प्रदर्शन से सीसीएल प्रबंधन बेखबर है। धरने के मौके पर सिमरिया विधानसभा के झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने कहा यहां के रैयत बहुत पीड़ा में है। बहुत ही आश्चर्य की बात है कि इतनी बड़ी कोल परियोजना होने की बावजूद यहां के रैयत दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं। यह आंदोलन रोजी-रोटी की है। और 8 सूत्री मांग पत्र पर आर पार की लड़ाई हैं। वही दूसरे दिन झामुमो के केंद्रीय सदस्य सरोज देवी ने रैयतों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने रैयतों की मांग को जायज बताया एवं उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मैं भी आमरण अनशन करूंगी। इस मौके पर चंद्रदेव साहू, निरंजन राणा, रामलखन प्रसाद गुप्ता, रूपलाल साहू,गणेश प्रसाद, किशन पासवान,राम लखन साहू, अनिरुद्ध साहू, जय राम उरांव, प्रकाश यादव, दीपक साव, अनिल उरांव, ज्योति देवी, रीना देवी, मुनिया देवी, सीमा देवी, आरती देवी, मीणा देवी, तारा देवी, मीणा देवी, चंदू कुमारी, समेत सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भारी मात्रा में जब्त किया अवैध बालू का स्टॉक



**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को गोला थाना अंतर्गत हेसापोड़ा, परसाडीह बालू घाट व अन्य क्षेत्रों में चलाये गये छापेमारी अभियान के दौरान पिपराटांड़ क्षेत्र से कुल 9000 घन फिट अवैध रूप से बालू के स्टॉक को जप्त किया गया है। जिसके उपरांत जप्त किये गये स्टॉक को गोला थाना को सुपुर्द किया गया। बताया गया कि यहां बड़े पैमाने पर बालू का स्टॉक कर अवैध तरीके से बेचा जाता है। यह सिलसिला सालों से चलता है। बालू की तस्करी को रोकने में स्थानीय प्रसाशन पूरी तरह से विफल है। जिससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार हेसापोड़ा गांव के समीप लगभग पच्चास घन फिट अवैध बालू जमा है। यहां स्टॉक कर बालू को बेचा जाता है। इसका कारोबार गांव के ही एक पंडा परिवार का दबंग व्यक्ति कर रहा है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## कोबना गांव में बीमारी से महिला की हुई मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोबना गांव में बीमारी से एक महिला की मौत हो गई। एतेन्द्रा भुइयां की पत्नी मृतका मीना देवी अपने घर की इकलौता कमाऊ सदस्य थी। उसके पति का मानसिक स्थिति सही नहीं रहने के कारण वह अपने घर और बच्चों का पालन पोषण खुद करती थी। मीना देवी के मौत के बाद उसके दो छोटे मासूम बच्चियों का पालन पोषण करने वाला कोई नहीं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव गांव पहुंचकर कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मेहता के साथ मृतका के घर पहुंचे और मृतका के अंतिम संस्कार में मुखिया के माध्यम से सहयोग करवाते हुए बच्चों को तत्काल सहायता पहुंचाने का काम किया। मुखिया बबलू मेहता ने बच्चों के भरण पोषण के लिए उपायुक्त और स्थानीय प्रशासन से सहायता की मांग भी किया।

# सजा से उपजे सवाल

कतर में पिछले साल से हिरासत में बंद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को सुनायी गयी मौत की सजा ने स्वाभाविक ही पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। इनकी गिरफ्तारी की खबर ने भी सबको चौंकाया था, लेकिन भारत सरकार ने न केवल इसे संज्ञान में ले लिया था, बल्कि आवश्यक कार्रवाई भी शुरू कर दी थी। उसके बाद इन लोगों की परिवार वालों से फोन पर बात करवाई गयी और इन्हें काउंसलर मदद भी मुहैया करायी गयी, लेकिन जिस तरह से अचानक वहां की एक अदालत ने इन्हें मौत की सजा सुना दी, उससे स्पष्ट है कि यह मामला भारत सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक चुनौती साबित होने वाला है। अभी तक इन आठों भारतीयों की गिरफ्तारी की वजह भी नहीं बतायी गयी है। स्थानीय मीडिया में जो खबरें चल रही हैं, उनसे लगता है कि इन पर कतर के एक महत्वपूर्ण पनडुब्बी प्रॉजेक्ट से जुड़ी सूचनाएं लीक करने का संदेह है। ये सूचनाएं इस्राइल को भिजवाने की बात कही जा रही है। चूंकि न तो आरोप आधिकारिक तौर पर बताये गये हैं और न ही उपलब्ध सबूतों के बारे में कोई जानकारी मिल पायी है, इसलिए स्वाभाविक ही इस सजा को लेकर भारत में सवाल उठ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह भी है कि भले वे सब व्यक्तिगत हैसियत से काम कर रहे हों, लेकिन नौसेना में इनके कामकाज का बहुत अच्छा रेकॉर्ड रहा है। हालांकि यह बात भी सही है कि इन्हें वहां की एक अदालत ने सजा सुनायी है और कोई भी देश आम तौर पर बाहरी कारणों से अपने जुडिशल सिस्टम में हस्तक्षेप होता नहीं देखना चाहता, लेकिन जिस वजह से यह मामला खास तौर पर संवेदनशील हो गया है, वह है इसकी टाइमिंग। कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं, बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं। यह हमास, मुस्लिम ब्रदरहुड और तालिबान से जुड़े कई नेताओं का ठिकाना भी माना जाता है। मुस्लिम दुनिया में जनमत निर्माण का एक असरदार मंच अलजजीरा न्यूज चैनल भी दोहा में ही है। कतर के विशेष प्रभाव के पीछे गैस की बदौलत फलती-फूलती उसकी इकॉनमी है। भारत कतर की गैस के सबसे बड़े आयातकों में शामिल है और वहां करीब 8 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले दो दशकों में भारत और कतर के रिश्ते दिनों दिन अच्छे ही होते गये। बीच में थोड़ी खटास तत्कालीन बीजेपी नेता नूपुर शर्मा के एक बयान से उपजे अप्रिय विवाद की वजह से जरूर आयी, लेकिन उन्हें पार्टी से निलंबित कर मामले को ज्यादा बिगड़ने से रोक लिया गया। बहरहाल, इस्राइल-हमास जंग के मौजूदा माहौल में भारत के लिए कतर सरकार के साथ मिल कर इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाना आसान नहीं होगा।

**कतर की अदालत का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पूरा मध्यपूर्व एक बेहद नाजुक दौर से गुजर रहा है। कतर में न केवल अमेरिकी और तुर्की सैनिक अड्डे हैं, बल्कि उसके ईरान से भी करीबी रिश्ते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डॉ कार्तिक उरांव की आकस्मिक मृत्यु से भले ही एक युग का अंत हुआ हो, मगर, उनका चिंतन, विचारधारा और अधूरे सपनों को लेकर आज लाखों लोग अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के लिए आंदोलन में जुटे हैं। जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा चल रहे राष्ट्रव्यापी डी-लिस्टिंग आंदोलन के प्रेरणास्रोत स्व. कार्तिक उरांव ही हैं। यह आंदोलन संपूर्ण भारत में बहुत बड़ा जनाधार प्राप्त करने में सफल हुआ है।**

# पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव



**लघु जीवन परिचय :** पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को झारखंड राज्य के गुमला जिला के करौंदा लिटाटोली ग्राम में हुआ। इनके पिता का नाम स्व. जायरा उरांव एवं माता का नाम स्व. बिरसी उरांव था। इन्होंने प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा गुमला जिला में प्राप्त कर आइएससी की पढ़ाई पटना के साइंस कॉलेज में पूरी की। तदुपरांत इंजीनियरिंग की पढ़ाई बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज पटना से की। वह 1950-52 में बिहार सरकार के सिंचाई विभाग में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत रहे। इंजीनियरिंग की स्नातकोत्तर परीक्षा लंदन विश्वविद्यालय से पास की। सितंबर 1955 से 1958 तक, ब्रिटिश रेलवे में तकनीकी सहायक तथा ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट कमीशन, लंदन में वरीय तकनीकी सहायक आदि पदों पर भी कार्य किया। 1958 से 1961 तक विश्व के तत्कालीन सबसे बड़े आणविक विद्युत गृह, हींकले पॉइंट अटामिक पावर स्टेशन में डिजाइनर के गरिमामय पद पर रह कर उन्होंने कार्य किया। विदेश से वापस लौटने पर डॉ कार्तिक उरांव मई 1961 से दिसंबर 1961 तक एचईसी., रांची के वरीय इंजीनियर(डिजाइन) रहे। 1962 के लोकसभा चुनाव में वह लोहरदगा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पर विजयी नहीं हो सके। 1962 से 67 तक फिर से एचइसी में उप मुख्य अभियंता के रूप में कार्यरत रहे। 1967 से 1977 तक उन्होंने संसद में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1977 से 1980 तक वह बिहार विधानसभा में विधायक भी रहे। 1980 में तीसरी बार लोहरदगा के सांसद निर्वाचित हुए। भारत सरकार में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग में राज्यमंत्री (9 जून 1980 तक) और 8 दिसंबर 1981, मृत्युपर्यंत संचार राज्यमंत्री रहे। 8 दिसंबर 1981 को संसद के शीतकालीन सत्र में भाग लेने पहुंचे। वे संसद भवन में ही अचानक अस्वस्थ हो गये और हृदयगति रुकने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी।

**डॉ कार्तिक उरांव जी की 99वीं जयंती 29 अक्टूबर को है। इस जयंती से उनकी जन्म शताब्दी वर्ष का भी शुभारंभ होगा।**

**महत्वपूर्ण योगदान:** उन्होंने वर्ष 1963 में पौराणिक पारंपरिक सामाजिक शासन व्यवस्था पड़हा का पुनर्गठन एवं पड़हा पत्रिका का संपादन किया। 1967-68 में रांची में सरहुल पुजनोत्सव एवं झांकी निकालने की परंपरा का शुभारंभ किया। जनजाति समाज के सांस्कृतिक उत्थान एवं उनकी पहचान को सुदृढ़ करने की दृष्टि से उन्होंने कई कदम उठाये। सांस्कृतिक नृत्य और संगीत को उसकी पारंपरिक गरिमा के साथ सुरक्षित रखने और संवर्धन करने के लिए युवा युवतियों को प्रोत्साहित करते थे। वह कहते थे, जे नाची से बाची। समाज ने डॉ कार्तिक उरांव को पंखराज साहेब नामक उपाधि दी, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन की समस्त कठिनाइयों से जूझते हुए, कड़े संघर्ष के बावजूद अनुसूचित जनजाति समाज की सुरक्षा एवं उत्थान के लिए सातत्य के साथ काम किया।

**सराहनीय पहल :** वह धर्मांतरण के सख्त खिलाफ थे। उनका मानना था कि अंग्रेज 150 वर्ष तक के अपने शासन काल में भोले-भाले जनजातियों का जितना धर्मांतरण नहीं कर पाये थे, उससे अधिक आजादी के 25 वर्षों में प्रलोभन, लोभ-लालच देकर अनुसूचित जनजातियों को ईसाई बनाया गया। अनुसूचित जनजातियों की परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति की रक्षा एवं धर्मांतरण से इनके बचाव के लिए लोकसभा में उन्होंने 10 जुलाई 1967 को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक 1967 प्रस्तुत किया। विचार विमर्श के लिए भारत सरकार ने इस विधेयक को सयुक्त संसदीय समिति गठित कर उसे सुपुर्द किया।

संयुक्त संसदीय समिति ने बहुत छानबीन के बाद 17 नवंबर 1969 को लोकसभा में यह सिफारिश पेश की। कंडिका-2 में निहित बातों के होते हुए कोई भी व्यक्ति, जिसने जनजाति आदिमत और विश्वासों का परित्याग कर दिया हो और ईसाई या इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया हो, वह अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जायेगा। लेकिन कुछ विदेशी धर्मावलंबियों के दवाब में आकर यह सिफारिश ठंडे बस्ते में पड़ी रही। फिर डॉ कार्तिक उरांव के भगीरथ प्रयास से दो वर्षों के बाद दिनांक 10 नवंबर 1970 तक उन्होंने अनुसूचित जति एवं अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) विधेयक के समर्थन में 348 सांसदों का हस्ताक्षर युक्त स्मार पत्र तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सौंपा। 16 नवंबर 1970 को लोकसभा में बहस शुरू हो गयी, पर ऐसी मान्यता है कि विदेशी तत्वों के दवाब में आकर अनुसूचित जनजातियों के अस्तित्व की रक्षा के लिए लोकसभा में प्रस्तुत किया अति महत्वपूर्ण विधेयक बिना बहस के सदन के पटल से हटा दिया गया। न्याय की उम्मीद लगा कर बैठे अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए यह एक त्रासदी से कम नहीं था। अपने ही राजनीतिक दल द्वारा हुए इस धोखे से डॉ कार्तिक उरांव को गहरा आघात लगा। अपने द्वारा लिखी गयी बहु चर्चित पुस्तक बीस वर्ष की काली रात में उन्होंने पूरे लोकसभा के प्रकरण का मार्मिक वर्णन किया है।

**अनुसूचित जनजातियों के मसीहा :** स्व. कार्तिक उरांव एक दूरदर्शी, कुशल राजनेता और उच्च कोटि के प्रशासक थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई उल्लेखनीय और प्रसंशनीय कार्य किया। 60 के दशक में भूदान आंदोलन का विरोध करते हुए उन्होंने यह कहा, अनुसूचित जनजाति के सदस्य के जीवन के अस्तित्व का आधार उसकी जमीन है, जमीन नहीं रहेगी तो अनुसूचित जनजाति भी नहीं बचेगा। उनके इस प्रयास से अनुसूचित जनजातियों की जमीन दान में जाने से बची और वापस भी हुई। उनके इस कृति से समाज उन्हें मसीहा मानने लगा। कृषि विकास के क्षेत्र में आपका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। 70 के दशक में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करवाने में डॉ कार्तिक बाबू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जनजातीय समाज के विकास हेतु ट्राइबल सबप्लान की कल्पना भी आपके दिमाग की ही उपज थी। उनका एक और सपना था। तत्कालीन बिहार, ओड़िशा और मध्यप्रदेश राज्यों से जुड़ती हुई सीमा पर एक विश्व विद्यालय स्थापित हो, जिसमें हर तरह के प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई हो, जहां कुछ प्रतिशत सीट गैर जनजातीय छात्रों के लिए भी रहे। इस विश्वविद्यालय से निकलने वाला हर बच्चा भारतीय होने का गौरव महसूस करे। डॉ कार्तिक उरांव के असामयिक निधन के कारण उनका यह सपना अधूरा रह गया।

**संकल्प :** डॉ कार्तिक उरांव की आकस्मिक मृत्यु से भले ही एक युग का अंत हुआ हो, मगर, उनका चिंतन, विचारधारा और अधूरे सपनों को लेकर आज लाखों लोग अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के लिए आंदोलन में जुटे हैं। जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा चल रहे राष्ट्रव्यापी डी-लिस्टिंग आंदोलन के प्रेरणास्रोत स्व. कार्तिक उरांव ही हैं। यह आंदोलन संपूर्ण भारत में बहुत बड़ा जनाधार प्राप्त करने में सफल हुआ है। अपने निरंतर संघर्ष पूर्ण जीवन यात्रा को सिर्फ 57वें साल में ही पूर्णविराम लगाने वाले पंखराज साहेब की जीवन गाथा का प्रत्येक अध्याय भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा पुंज का काम करता रहेगा। डॉ कार्तिक उरांव जी की 99वीं जयंती 29 अक्टूबर को है। इस जयंती से उनकी जन्म शताब्दी वर्ष का भी शुभारंभ होगा। हमें संकल्प लेना है कि डॉ कार्तिक उरांव के अधूरे सपनों को इस जन्म शताब्दी वर्ष में हम अथक परिश्रम करते हुए पूर्ण करेंगे। उनके संदेशों को गांव-गांव में, गली-गली में पहुंचाने के लिए इस शताब्दी वर्ष में यदि हम यत्न करेंगे तो यहीं उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव अमर रहें।

**(प्रस्तुति : गोविंद तिवारी)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सूर्य मंदिर समिति के विजया मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्य संरक्षक रघुवर दास, छठ महोत्सव की तैयारियों पर हुई चर्चा

# जमशेदपुर की जनता के आशीर्वाद से एक मजदूर को मिली पहचान, उनका प्यार मेरी पूंजी : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति का विजय मिलन समारोह का आयोजन मंदिर परिसर के शंख मैदान में किया गया। शनिवार को समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत में आयोजित मिलन समारोह में मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह ओड़िशा के नवमनोनीत राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। इस दौरान संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा पर स्वच्छता एवं पवित्रता के साथ छठ महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए दोनों तालाबों की सफाई, पेंटिंग, तालाबों में स्वच्छ जल भरने, बिना लाभ-हानि के पूजन सामग्री वितरण करने समेत भव्य सांस्कृतिक संध्या के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया छठ पूजा में मंदिर परिसर के दोनों छठ घाटों की साफ-सफाई, मंदिर की पुष्प सज्जा, आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ सांस्कृतिक संध्या का भव्य रूप स आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रख्यात कलाकारों से संपर्क कर प्रस्तुति के संदर्भ में अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में भव्यता संबंधी महत्वपूर्ण सुझावों को अंकित किया गया। वहीं 2 लाख तीस हजार राशि दानदाताओं ने सहयोग किया। सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा राज्य के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा फूल-मालाओं से अभिनंदन कर शुभकामनाएं व्यक्त की गई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुभकामना हेतु सभी सदस्यों का आभार जताया। मौके पर मुख्य संरक्षक रघुवर दास ने कहा लौहनगरी वासियों के आस्था और सहयोग से सूर्य मंदिर समिति के छठ महोत्सव की चर्चा जमशेदपुर ही नही बल्कि झारखंड में होती है। विधायक बनने के पूर्व से ही उनकी आध्यात्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में रुचि रही है। जमशेदपुर में विधायक चुने जाने से पूर्व लॉटरी के माध्यम से जनसहयोग द्वारा भालूबासा में शीतला माता मंदिर, शीतला भवन एवं आशीष किशोर जैसे स्थानों का निर्माण कराया। सिदगोड़ा स्थित बीएमपी कैम्प में माता के मंदिर के उद्घाटन के मौके पर जब वे शामिल हुए तब उद्घाटन के दौरान सूर्य मंदिर निर्माण की घोषणा की थी। वर्ष 2003 में जनता के सहयोग से सूर्य मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया। सूर्य मंदिर का स्थान उस समय बंजर भूमि थी एवं उसका अतिक्रमण भी हो रहा था। इसी को देखते हुए उन्होंने सूर्य मंदिर निर्माण की घोषणा की थी। श्री दास ने कहा उन्होंने हमेशा ईमानदारी पूर्वक अपने काम को प्राथमिकता दी। लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में कभी षड्यंत्र और जात-पात की राजनीति नही की। इसी का परिणाम है एक मजदूर को जनता के आशीर्वाद से राज्य के मुख्य सेवक की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने कहा टाटा स्टील के एक मजदूर को जमशेदपुर की जनता और कार्यकताओं ने झारखंड और देश में पहचान दिलाई। कहा जब तक जीवन रहेगा, वे कहीं भी रहें उनके दिल में जमशेदपुर की जनता और कार्यकर्ता हमेशा रहेंगे। जनता की सेवा और उनका प्यार मेरे जीवन की पूंजी है। इसे मैं हमेशा सहेज कर रखूंगा। वहीं, उन्होंने संवैधानिक पद का दायित्व मिलने के कारण सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक के दायित्व से इस्तीफा देते हुए कहा कि एक सामान्य नागरिक की भांति सूर्य मंदिर से जुड़ा रहूंगा। सूर्य मंदिर के आयोजन की गरिमा और भव्यता सदैव बनी रहे।संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा मुख्य संरक्षक और राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंड के लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उनके कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का हम अनुकरण करते हुए जीवन में सफल हों। कहा सूर्य मंदिर समिति के सभी आयोजन पूर्व की भांति ही भव्यतापूर्वक आयोजित किये जायेंगे। जिस प्रकार से सूर्य मंदिर समिति को जनता का सहयोग हमेशा मिलता रहा है, उसी प्रकार आगे भी सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मंच संचालन महासचिव अखिलेश चौधरी व धन्यवाद ज्ञापन मंत्री बंटी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह, अखिलेश चौधरी, रूबी झा, शैलेश गुप्ता, कंचन दत्ता, शिवशंकर सिंह, मुन्ना अग्रवाल, गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, पूनम देवी, संजू बनर्जी, पुष्पा तिर्की, रूपा देवी, सरस्वती साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

# सरयू राय की पहल पर दो मंदिरों में हुई डीप बोरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के केबल टाऊन स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर व मोहरदा स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर के समीप जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर शनिवार को डीप बोरिंग का कार्य कराया गया। मौके पर जनसुविधा प्रतिनिधि हरे राम सिंह ने बताया स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक सरयू राय के निर्देश पर डीप बोरिंग का कार्यों करवाया गया। डीप बोरिंग के पश्चात यहां सबमर्सिबल पंप, पांच हजार लीटर क्षमता का पानी टंकी अधिष्ठापित की जायेगी। इससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगो को इसका लाभ मिलेगी। इस अवसर पर भाजमो युवा मोर्चा के जिला महामंत्री काशीनाथ प्रधान, असीम स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने गालूडीह, धालभूमगढ़ और श्यामसुंदरपुर थाना का किया निरीक्षण, दिये कई आवश्यक निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने गालूडीह, धालभूमगढ़ व श्यामसुंदरपुर थाने का निरीक्षण किया। शनिवार को गालूडीह थाने का निरीक्षण के पूर्व जवानों ने एसएसपी को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी। इस अवसर पर एसएसपी ने पुलिस के समक्ष होने वाली समस्याओं से अवगत हुए। एसएसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का अवलोकन किया। साथ ही लंबित मामले की जानकारी लेकर समय पर निष्पादन का निर्देश दिया। एसएसपी ने थाना प्रभारी से विभिन्न मामलों की जानकारी लेते हुए अपराध पर रोक लगाने का निर्देश दी।

इस अवसर पर एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो, इंस्पेक्टर संदीप रंजन, थाना प्रभारी सुखसागर सिंह चौधरी, गोपनीय प्रवाचक संतोष शर्मा व अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे।

# मेसर्स समय होम्स ग्रुप का माइलस्टोन प्रोजेक्ट 'द सफायर' का शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोजपुरी सिंगर अक्षरा सिंह होंगी शामिल**





**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर के सतबहना में मेसर्स समय होम्स ग्रुप का माइलस्टोन प्रोजेक्ट'द सफायर' का शुभारंभ रविवार को किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक राजेश सिंह ने बताया लौहनगरी के नाम से जाना जाने वाले शहर में बीते 30 वर्षों से निर्माण कार्य से जुड़े हैं। अब तक लगभग 2500 से ज्यादा घरों का निर्माण सफलतापूर्वक कर चुके हैं। आदित्यपुर के सतबहना में पॉल्यूशन मुक्त वातावरण में 'द सफायर' प्रोजेक्ट का शुभारंभ रविवार सुबह 11 बजे प्रसिद्ध भोजपुरी एक्टर अक्षरा सिंह के द्वारा किया जायेगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने शहर वासियों को समारोह में उपस्थित होने की अपील की। राजेश सिंह ने बताया औद्योगिक नगर के नए 'द सफायर' प्रोजेक्ट में अन्य फ्लैट से हटकर स्वास्थ्य के प्रति सोच को रखते हुए मिनरल वाटर का पॉइंट के साथ ही स्काईवॉक का सुविधा उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया जब कोई अच्छे प्रोजेक्ट का निर्माण होता है कुछ लोग गुमराह करने का प्रयास करते हैं। प्रोजेक्ट के लिए सभी कागजात कंप्लीट चुकी है। उन्होंने बताया 'द सफायर प्रोजेक्ट में लोग अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ शांतिपूर्वक निवास कर सकेंगे। ग्राहकों के विशेष आग्रह पर इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा। शहर के अन्य प्रोजेक्ट से यह प्रोजेक्ट थोड़ा अलग होगा। 'द सफायर प्रोजेक्ट टाटा कांड्रा मेन रोड में वेबको टोयोटा से आधा किलोमीटर की दूरी पर सतबहनी में है। इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में एक बेडरूम, दो बेडरूम, तीन बेडरूम और चार बेडरूम के लग्जरी फ्लैट का निर्माण किया जा रहा। इसके अलावा कुल चार बेडरूम के बंगलो व टिप्लेक्स का भी निर्माण किया जा रहा। राजेश सिंह ने बताया माइलस्टोन प्रोजेक्ट 'द सफायर' प्रदूषणमुक्त व बिल्कुल हरे-भरे वातावरण के बीच बनेगी। जहा इंडोर स्वीमिंग पुल, ईवी चार्जिंग प्वांइट के साथ कार पार्किंग, मेडिटेशन व योगा सेंटर, सीसीटीवी कैमरा, डेकोरेटिव डोर, इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट, एल्डर्स प्ले एरिया, भूकंप रोधी तकनीक, एक्सटेन्सिव लैंडस्केप, अग्निशमन यंत्र, गैजेबो सिटिंग, जिम, गार्बेज कलेक्शन, जेनेरेटर पावर बैकअप, आइएसआइ फिटिंग के साथ फायर प्रुफ कॉपर वायर, पाइपलाइन के साथ एलपीजी गैस कनेक्शन, क्लब-हाउस और मल्टी परपस कम्युनिटी हॉल, प्यूरीफायर ड्रिंकिंग वाटर, प्रदूषण रहित वातावरण, प्रीमियम फिटींग्स, पोडियम गार्डेन, आरसीसी फ्रेमवर्क, रिलेक्सोलॉजी पाथवे, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टिम, शापिंग एरिया, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर पावर स्ट्रीट लाईट, स्ट्रेचर लिफ्ट, स्वीमिंग पुल, स्ट्रेटेजिक लोकेशन, बच्चा के लिए प्ल एरिया, यूपीवीसी एल्यूमीनियम स्लाईड विंडो, विट्रिफाइड टाइल्स, विजिटर्स पार्किंग, वाटर प्रुफिंग, वाटर फाउंटेन, 3 नंबर लिफ्ट 4 यूनिट फ्लोर की सुविधा, चौबीसों घंटे सुरक्षाव्यवस्था, ओपेन एमपीथियेटर, बास्केट बॉल कोर्ट, इंडोर गेम्स, पार्क की सुविधा उपलब्ध होगी।

मौके पर प्रबंध निदेशक राजेश सिंह, निदेशक भारती सिंह, कंपनी के एडवाइजर डॉ एमएस सिंह 'मानस', मिडीया प्रभारी मनमोहन सिंह, प्रोजेक्ट सफायर के जीएम गणेश चौधरी, कंपनी के मैनेजर मिथुन बनर्जी, चरणजीत सिंह व मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव पवन कुमार उपस्थित रहे।

# पाल्हे-जतपुरा में आयोजित लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर के पाल्हे-जतपुरा में आयोजित ऐतिहासिक लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शनिवार को समापन हो गया। 23 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए महायज्ञ में 30 लाख से अधिक श्रद्धालू शामिल हुए। शनिवार को घी और खीर की आहुति दी गयी। जिसके पश्चात यज्ञ संपन्न हो गया। यज्ञ महान संत जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ था।





उधर अंतिम दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल समूह यज्ञ स्थल पहुंचा। साथ ही जीयर स्वामी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दे रहे यजमानों के स्वाहा की गूंज से माहौल भक्तिमय था। पूरा क्षेत्र भक्ति की रस में सरोबार लग रहा था। मौके पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि श्री बंशीधर नगर की पवित्र भूमि पर इस तरह का आयोजन अपने आप एक अलौकिक अनुभूति देने वाला रहा। एक साथ देशभर के साधु-संतों का दर्शन पाना बहुत ही सौभाग्य की बात है।

**अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ :** यज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ में शामिल होने भारत के हर इलाके से लोग पहुंचे थे। अहले सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड़ परिक्रमा करने उमड़ पड़ी थी। व्यवस्था बनाये रखने में वोलेंटियर और पुलिस बल के जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**30 लाख से अधिक लोग हुए यज्ञ में शामिल :** लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पांचों दिन अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी। एक अनुमान के अनुसार 30 लाख से अधिक लोग यज्ञ में शामिल हुए। भीड़ को नियंत्रित करने में वोलेंटियर के साथ पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ के कारण शहर के सभी सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति रही। पुलिस संभावित भीड़ को देखते हुए पहले से ही कई उपाय किया था। रमना से बजरंग बली मोड़ तक बड़े और व्यवसायिक वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित कर दिया था। छोटे यात्री वाहनों के लिए अधौरा होते हुए बहियार मोड़ तक वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था की गयी थी।

**भंडारे में लाखों लोगों ने किया महाप्रसाद ग्रहण :** यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए कई भंडारे की व्यवस्था की गयी थी। जहां 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गयी थी। महिला, पुरुष, यजमान व साधु-संतों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गयी थी। सैकड़ो चूल्हे पर महाप्रसाद बनाने के लिए 400 मजदूर व कारीगर के साथ 500 से अधिक वोलेंटियर खाना परोसने में लगे थे। वहीं कई गणमान्य लोगों ने भंडारे की व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। विधायक भानू प्रताप शाही और पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी भंडारे में लगातार श्रम दान करते रहे। शुद्ध घी में खाना बनाया जा रहा था।

**संगीत संध्या में भोजपुरी के दिग्गज कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

यज्ञ स्थल पर शुक्रवार शाम धर्म संसद के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भोजपुरी के दिग्गज कलाकारों ने अपने प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोजपुरी के दिग्गज कलाकार भरत शर्मा व्यास, रितेश पांडेय, अंकुश राजा और गोपाल राय ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर किया। भरत शर्मा व्यास ने मोह माया छोड़ के अपन जीयर स्वामी जी होईल त्रिदंडी स्वामी के चेला के साथ कई भजन गाया। भोजपुरी के इन दिग्गज कलाकारों को एक साथ देखने सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ देर रात तक पंडाल में जमी रही।

## जो हमें अच्छी बात सिखाये वो सनातन धर्म है : जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में संतों ने खुल कर रखी अपनी बात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्रीरामानुजार्य स्वामी जी की सहस्त्राब्दी स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में यह धर्म सम्मेलन आयोजित है। उन्होंने कहा कि जो हमें अच्छी बात सिखाये वो सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें जीवन को उदात्त बनाने की हर बात सिखाता है। जीयर स्वामी जी ने कहा कि हम श्रेष्ठ मनुष्य बन कर आत्म कल्याण व समाज का कल्याण कर सके उसी के लिये ये धमार्योजन है। उन्होंने कहा कि धर्म वही है जो धारण करे। इसके पूर्व श्रीरामानुजार्य स्वामी जी की सहस्त्राब्दी स्मृति महोत्सव और श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मौके पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का शुभारंभ तमिलनाडु कांची से पधारे स्वामी श्री श्री निवासाचार्य श्रीगादी स्वामी जी महाराज ने दीप प्रज्वलन कर किया।

**मानव-मानव में कोई भेद नहीं है सब ईश्वर की संतान : गादी स्वामी जी :** स्वामी श्री श्री निवासाचार्य श्रीगादी स्वामी जी महाराज ने कहा कि श्रीरामानुजाचार्य स्वामी जी भक्ति आंदोलन के श्रेष्ठ आचार्य हुये जिन्होंने विशिष्टाद्वैत जैसा सिद्धांत मानव मात्र के कल्याण के लिये बतलाया। मानव मात्र ईश्वर को प्राप्त करने का अधिकारी है। उन्होंने कहा कि मानव-मानव में कोई भेद नहीं है सब ईश्वर की संतान हैं और हर कोई ईश्वर को पाने का अधिकारी है। ईश्वर को पाने का सबसे सरल मार्ग भक्ति मार्ग है और उसी का प्रचार प्रसार श्रीजीयर स्वामी जी कर रहे हैं।

दक्षिण भारत तमिलनाडु से ही पधारे स्वामी श्री अनन्ताचार्य बालक स्वामी जी ने कहा कि सेवा को अपनाकर सहज ही मोक्ष का भाजन हुआ जा सकता है।

स्वामी हरिप्रकाश जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के बिना शान्ति नहीं मिलती। प्रेम और भक्ति की बात सनातन धर्म ने सिखलाया। स्वामी हरिओम प्रकाश जी महाराज ने कहा कि रामानुजीय परम्परा का सिद्धांत प्रत्येक मानव के लिये अनुकरणीय है। स्वामी स्वरूपदास जी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के संपोषक रामानुज स्वामी जी ने जो प्रपत्ति का मार्ग बतलाया वो ईश्वर को पाने का सबसे सरलतम मार्ग है।

इस्कॉन टेम्पल कोलकाता से आये श्रीसुभग बलरामदास जी ने कहा कि श्रीसम्प्रदाय में जो सेवा भाव है वो हर किसी को सीखना चाहिये। भक्तजन सेवा मात्र अपना कर के हम ईश्वर के प्रिय हो सकते हैं।

अयोध्या से आये जगद्गुरु रामानुजार्य रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी ने कहा कि सनातन धर्म को कोई मिटा नहीं सका मिटाने वाले मिट गये। जिसे हम धारण करते हैं वो धर्म है। जैसे जल से शीतलता को, अग्नि से उष्णता को कोई अलग नहीं कर सकता वैसे भारत से कोई सनातन धर्म को अलग नहीं कर सकता।

काशी से आये जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ पुण्डरीक शास्त्री जी ने कहा कि विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय के सिद्धांत को प्रत्येक मानव को आत्मसात करना चाहिये।

पूर्व डीजीपी बिहार जगद्गुरु रामानुजाचार्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि आज दुनिया में हर जगह लड़ाई चल रही है कहीं क्षेत्र को लेकर, कहीं धर्म को लेकर, कहीं मानव के किसी भेद को लेकर सनातन धर्म हमें प्रेम सिखाता है। दुनिया यदि सनातन धर्म अपना लें तो दुनिया मे शान्ति हो जायेगी।

काशी से आये जगद्गुरु मारुति किंकर जी महाराज ने कहा कि भारत का अर्थ है जहां के लोग ब्रह्म विद्या में रत रहते हों। भारत से धर्म को निकाल दिया जाये तो भारत प्राण रहित हो जायेगा।

सोनपुर बिहार से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी ने कहा कि धर्म की रक्षा यदि हम करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है। धर्म न हो तो हम पशुतुल्य हो जायेंगे।

अयोध्या से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्यामनारायणाचार्य ने कहा कि मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव जैसे उपदेशों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। धर्म हमें संस्कार सिखाता है।

पुष्कर से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीरामचन्द्राचार्य जी महाराज ने कहा कि जितना आवश्यक जीने के लिये ऑक्सीजन है उतना ही सनातन धर्म भी है।जो इहलोक और परलोक दोनों को संवार दे वो सनातन धर्म है।

गोविन्दाचार्य जी ने कहा कि जीयर स्वामी जी जैसे संत जहां जाते हैं वो धरती तीर्थ हो जाती है।

मुंबई से पधारे स्वामी नारायण संप्रदाय से भक्तिप्रकाश दास जी, कच्छ गुजरात से सत्यप्रकाश दास जी, जगद्गुरु स्वामी श्रीअयोध्यानाथ जी, श्री वैकुंठनाथ जी, श्रीचतुभुर्जाचार्य जी, श्रीमुक्तिनाथ जी, आरा से गिरिधर शास्त्री, श्रीउद्धव स्वामी, उदय नारायणाचार्य, वीरराघव जी महाराज, योगाचार्य जी, ब्रह्मदेवाचार्य जी, बलिया से कौशिक जी, वाराणसी से शिवपूजन शास्त्री, श्रीरामचंद्र बालव्यास जी, जगदीश तिवारी जी, शंभू जी महाराज भोजपुरिया बाबा ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## नंदजी राम को मिला केतार वीडियो का प्रभार



केतार (आजाद सिपाही)। सरकार के संयुक्त सचिव कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग झारखंड रांची के आदेशानुसार केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ का पदस्थापना पं सिंहभूम जिले के जगन्नाथ पुर अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी पद पर हो जाने के कारण प्रखंड की स्थानीय व्यवस्था के तहत भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचला धिकारी, एमओ और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का प्रभार दिया गया। वही उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार केतार प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने नवनियुक्त पंचायत सचिव आदित्य और सुश्री आयुषी चौबे को पंचायत आवंटित किया।

## युवा जागृति केंद्र ने फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया



भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडारिया मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में युवा जागृति केंद्र के द्वारा नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिंह के द्वारा आयोजन किया गया है भंडारिया बड़गढ़ प्रखंड के 16 टीम ने भाग ली। युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव उप प्रमुख शारदा देवी और केंद्रीय अध्यक्ष राजन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और पिता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर युवा जागृति केंद्र के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और सभी सदस्यों उपस्थित थे।

## वनांचल कॉलेज आफ साइंस में संचालित बी फार्मा और डी फार्मा (फामेर्सी) का उद्घाटन कुलपति ने किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित वनांचल कॉलेज आफ साइंस में संचालित बी फार्मा और डी फार्मा (फामेर्सी) का उद्घाटन कुलपति डॉक्टर एमके सिंह के कर कमलों द्वारा शनिवार को किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने नव नियुक्त प्राचार्य डॉक्टर आदेश बावने को हार्दिक शुभकामना दी तथा कुलपति ने फामेर्सी के बारे में कहा कि महाविद्यालय में सभी प्रकार की संसाधन और सुविधा परिपूर्ण होने से विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आदेश बावने ने सभी का सहयोग प्राप्त करने की कामना की ताकि महाविद्यालय भविष्य में अग्रसर हो सके।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। डेहरी बरवाडीह खंड पर शनिवार को ट्रेन के चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के महुलिया गांव के बड़वाही टोला निवासी लाल मुनि भुईया का पुत्र प्रमोद भुईया बताया गया है। घटना के संबंध में आरपीएफ के कुमार तरुण ने बताया कि उन्हें पलामू जिले के तोलरा रेलवे स्टेशन मास्टर के द्वारा बताया गया कि गोमो चोपन ट्रेन से 314 /17 ए पोल के पास एक व्यक्ति गिरकर घायल हो गया है। तोलरा गांव के मलाह टोला गांव के लोग के सहयोग से घायल को निकाल कर 108 एंबुलेंस के मदद से गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि घायल प्रमोद भुईया ने बताया कि वह अपने घर से पूरे परिवार के साथ इट भट्टे पर डेहरी ऑन सोन काम करने जा रहा था। इसी दौरान गलती से गोमो चोपन ट्रेन पकड़ लिया। इसी दौरान ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद महुलिया गांव के मुखिया सुनीता देवी और उनके पति वीरेंद्र राम सदर अस्पताल पहुंचकर घायलों को सहयोग कर रांची रिम्स भिजवाया।

## प्रमुख दीपमाला ने झोला छाप डॉक्टरों और पशुपालन के खराब रवैये पर जतायी नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड सभागार में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा विभागीय कार्यक्रमों की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। बैठक का संचालन कर रहे बीडीओ जागो महतो तथा प्रखंड प्रमुख द्वारा सभी विभाग के प्रतिनिधियों से क्रमवार कार्यक्रमों से संबंधित अद्यतन जानकारी ली गयी तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आभाकार्ड, गोल्डन कार्ड सहित सभी कार्यक्रमों के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस दौरान प्रमुख द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों एवं उनके द्वारा चलाए जा रहे अवैध रूप से क्लीनिक की जांच कर कार्रवाई करने तथा पशुपालन विभाग की खराब रवैया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में दवा का वितरण नहीं किया जा रहा है, बैठक में उपस्थित पशु चिकित्सक डॉ केके सिंह को कार्यशैली में सुधार लाने को कहा गया। कल्याण विभाग द्वारा सामान्य तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता राशि एवं विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि मेराल प्रखंड के लिए कुल 6 क्विंटल राई का बीज उपलब्ध हुआ है जो चिन्हित छः पंचायत के किसानों के बीच वितरित किया जाएगा। पीएचईडी विभाग के प्रतिनिधि को प्रखंड में खराब पड़े चापाकाल की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। आंगनबाड़ी की समीक्षा के दौरान प्रखंड प्रमुख ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे द्वारा 10 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया था जिसमें अधिकांश केंद्र बंद पाए गये थे। बैठक में उप प्रमुख निजाम खान, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, बीपीओ फिरोज अंसारी, शिक्षा विभाग के बीपीओ पूनम श्री, जेएसएलपीएस के बीपीएम पिंकी सिंह, एजीएम सतीश कुमार सिंह, बसंत पांडे, दिलीप, नाजीर सुनील, रश्मि लकड़ा, जेई सुमित, आनंद कृष्ण, कृष्ण देव प्रजापति समेत बड़ी संख्या में सदस्य शामिल थे।

## अंचल पदाधिकारी का कांडी अंचल में पदस्थापन



कांडी (आजाद सिपाही)। स्थानीय अंचल कार्यालय कांडी के सृजन के सात वर्षों में 11वें अंचल पदाधिकारी का कांडी अंचल में पदस्थापन किया गया है। कांडी अंचल का 20 अक्टूबर 2016 को उद्घाटन किया गया था। इस अंचल में प्रथम और फाउंडर सीओ के रूप में कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलाम समदानी को यहां का अंचल पदाधिकारी बनाया गया था। उन्होंने 20 अक्टूबर 2016 से 14 दिसंबर 2017 तक अंचलाधिकारी का कार्य भार संभाला। इसके बाद जिला मुख्यालय गढ़वा में कार्यपालक दंडाधिकारी के रूप में कार्यरत अजय कुमार दास को 9 सितंबर 2022 को कांडी का अंचलाधिकारी बनाया गया। देवघर के श्रावणी मेला में बतौर दंडाधिकारी ड्यूटी के लिए 2 महीना के लिए उन्हें 30 जून 2023 को कांडी से विरमित किया गया। एक बार फिर मनोज कुमार तिवारी को 30 जून 2023 को कांडी के अंचल अधिकारी का प्रभार सोपा गया। वे इस पद पर 9 अक्टूबर 2023 तक बन रहे। कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित ललित प्रसाद सिंह ने 9 अक्टूबर 2023 को कांडी अंचल का भी प्रभार ग्रहण किया। अभी हाल में झारखंड सरकार के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के द्वारा लातेहार जिला के बालूमाथ अंचल के अंचल अधिकारी मोहम्मद आफताब आलम को कांडी का अंचल पदाधिकारी बनाते हुए अधिसूचना जारी कर दी गयी है। हालांकि उन्होंने खबर लिखे जाने तक बतौर कांडी अंचल पदाधिकारी योगदान नहीं दिया है।

## डीसी ने भू अर्जन, राजस्व समेत अन्य योजनाओ की समीक्षा की

अजााद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने भू अर्जन, राजस्व, आपूर्ति समेत अन्य विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने भू अर्जन की समीक्षा करते हुए एनएचएआइ- 75 को लेकर अधिग्रहित सेक्शन 4 और 5 में हुए मुआवजा भुगतान की जानकारी लिया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि उक्त सेक्शन में मुआवजा भुगतान का कार्य जारी है। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को लैंड पोजेशन सर्टिफिकेट समय पर निर्गत करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अनिवार्य रूप से अंचल के कर्मचारी और अमीन को स्पॉट पर जाकर एलपीसी निर्गत करने संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं पेंडिंग जीएम लैंड जो एनएच को हस्तांतरित करना है, इस संबंध में गढ़वा, मेराल, रमुना और नगर उंटारी अंचल को निर्देशित किया गया। राजस्व की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दाखिल खारिज के 30 एवं 90 दिनों से अधिक के लंबित मामलों की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने रमुना, भवनाथपुर, गढ़वा, भंडरिया समेत अन्य अंचलों में 30 एवं 90 दिनों से अधिक लंबित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आवेदन को लंबित न रखे एवं निर्धारित समयसीमा के अंदर आवेदनों का निष्पादन करें। उपायुक्त ने जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत करने को लेकर पंचायत स्तर पर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी परिवारों को 100% तक राशन वितरित कराने हेतु निदेशित किया गया। सभी पदाधिकारियों को उपायुक्त ने उत्तरदायित्व पूर्ण अपने कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। वहीं कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसे साझा करें। जिससे समस्याओं को दूर करते हुए सरलता से कार्यों का निष्पादन किया जा सके। इस बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर रतन कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, जिला नजारत उप समाहर्ता-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू, सभी अंचल अधिकारी, सभी सीआई समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा)
पुराना समाहरणालय भवन, गिरिडीह, पिन 815301
E-mail:atma20giridih@rediffmail.com
Website-http//www.atmagiridih.org.in

E-mail : atma20giridih@rediffmail.com
Website: www.atmagiridih.org
Phone: 06532-226674,221101

—: आवेदन आमंत्रण :—

गिरिडीह जिला के किसान भाईयो को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) योजना अंतर्गत जिला गिरिडीह में दलहन फसलों एवं मोटा अनाज/पोषक अनाज के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं आत्मा गिरिडीह द्वारा लाभुक किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस क्रम में 2023–24 में इच्छुक कृषकों को अनुदान पर समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (मृदा उर्वरकता को बढ़ाने अथवा बनाए रखने के लिए ) एवं समेकित नाशी जीव प्रबंधन (नाशी जीवों के नियंत्रण के लिए) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0स | समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (INM) | अनुदान की राशि (रू0 प्रति युनिट) | | उपलब्धता (हे0 मे) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दलहन | मोटा अनाज/पोषक अनाज | दलहन | मोटा अनाज/पोषक अनाज |
| 1 | (a) Micro-nutrients | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | | 455 | |
| 2 | (b) Gypsum/80% WG Sulphur | Rs. 750/- per ha or 50% of cost whichever is less | | 330 | . |
| 3 | (c) Lime | Rs. 1000/- per ha or 50% of cost whichever is less | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 300 | 80 हे0 |
| 4 | (d) Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha or 50% of cost whichever is less | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 210 | 80 हे0 |
| | (IPM) | | | | |
| 1 | (a) Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 270 | 125 हे0 |
| 2 | (b) Weedicides | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 240 | 30 हे0 |

आवेदन पत्र जमा करने हेतु आवश्यक निदेश :–
1. आवेदन पत्र पर प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं त्रिस्तरीय जन प्रतिनिधि की अनुशंसा अनिवार्य होगा।
2. इस योजना का लाभ वैसे किसान ले सकेगें जो पिछले तीन वर्षो में सरकारी किसी भी संस्थान से कृषि योजना का लाभ न लिया हो।
3. लाभुक का चयन "पहले आव पहले पाव" के आधार पर किया जायेगा।
4. पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 25.11.2023 तक कार्यदिवस में पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह्न 05.00. बजे तक स्वीकार किये जा सकेंगे दिनांक 26.11.2023 के पश्चात किसी भी परिस्थिति आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. विहित प्रपत्र Website-https://atmagiridih.co.in प्राप्त किया जा सकता है।
6-NFSM अंतर्गत राज्य स्तर से आवंटन प्राप्त होने के उपरांत अनुदान की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभुक के बैंक खाते/ लाभुक के सहमति पर संबंधित कम्पनी में हस्तांतरित किया जायेगा।
7. आवेदन के साथ आधार कार्ड,जमीन रसीद, बैंक पासबुक,पास्पोर्ट साईज फाटोग्राफ, संलग्न करना होगा।
8. विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय /प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है
9. कार्यालय पता परियोजना निदेशक,आत्मा–सह–जिला कृषि कार्यालय पुराना समाहरणालय के पीछे, गिरिडीह।

परियोजना निदेशक आत्मा
–सह–
जिला कृषि पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 310114 (Agriculture)23-24*D

## कलश के साथ नेहरू युवा केंद्र के 18 युवा स्वयंसेवक नयी दिल्ली के लिए रवाना



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा शनिवार को 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के तहत दिल्ली अमृत कलश यात्रा के लिए ज़िला से संग्रहित सभी 07 प्रखंडवार कलश के साथ नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के 18 युवा स्वयंसेवकों को नई दिल्ली के लिए रवाना किया गया। सभी सात प्रखंडों की मिट्टी उपायुक्त के समक्ष उपलब्ध करायी गयी जिससे दिनांक 30 और 31 अक्तूबर को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (कर्तव्य पथ) के पास शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका विकसित की जायेगी। लोहरदगा ज़िला से 15 पुरुष और 03 महिला समेत कुल 18 प्रतिभागियों का चयन दिल्ली कलश यात्रा के लिए नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के द्वारा किया गया।

## यूनिफाइड कमांड की बैठक में सड़क पुल निर्माण की प्रगति की समीक्षा हुई

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाईड कमाण्ड की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने आरईओ अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल, ओनेगड़ा में उच्च स्तरीय पुल, पाखर पथ निर्माण के प्रगति की समीक्षा की गयी और कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में विभिन्न प्रस्तावों से अवगत कराया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, एसडीओ अमित कुमार समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में नियमित छापेमारी, जांच और चालान जांच करने का निर्देश



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक जूम मीटिंग के माध्यम से हुई। बैठक में सभी थाना प्रभारियों से बीते माह से अब तक अवैध बालू उठाव, बाक्साईट खनन, पत्थर खनन से संबंधित छापेमारी और किये गये कार्रवाई की जानकारी ली गयी। सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र उक्त मामलों में जब्त किये गये वाहन, एफआईआर, दंड शुल्क की जानकारी दी गयी। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध रूप बाक्साईट खनन, पत्थर खनन समेत अन्य अवैध खनन की चेकिंग करने, नियमित रूप से चलान की जांच किये जाने का निदेश दिया गया। एनजीटी की रोक हट जाने के पश्चात पंचायत स्तर पर बालू उपलब्ध है, इसकी जानकारी खनन पदाधिकारी द्वारा दी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा नियमित छापेमारी, जांच व चालान जांच करने का निदेश दिया गया। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## लक्ष्मी विलास टिंबर से भारी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी बरामद



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए शहरी क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित लक्ष्मी विलाश टिम्बर में छापेमारी किया। जहां से भारी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी बरामद किया गया है। लगभग 37 पीस सागवान और शीशम के लकड़ी के बोटों को जब्त किया गया है। इतनी आसानी से माफिया लकड़ी को ले कर मुख्य शहर भेज रहे हैं यह पूरी तरह से संदेह के घेरे में है। इधर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के द्वारा सभी वनकर्मियों को सख्त निर्देश दिया है कि अगर जिनके क्षेत्र में अवैध लकडी की तस्करी पायी जायेगी, उन पदाधिकारियों पर सख्त करवाई की जायेगी। टीम में जया उरांव, गौतम राम, महावीर उरांव, किशोर नंद कुमार और होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

## पीसीसी पथ निर्माण का जिप सदस्य, बीडीओ और मुखिया ने किया शिलान्यास



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के ब्लॉक कम्पाउंड में पीसीसी पथ निर्माण का जीप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ राकेश सहाय पंचायत के मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, राजधानी सिंह मनोज प्रसाद ने विधिवत पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मुखिया कालो देवी ने कहा कि यह सड़क 15वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत निर्माण की जायेगी। इसकी लागत दो लाख उनचास हजार रुपये होगी। ग्रामीणों ने पंचायत के कालो देवी का सड़क निर्माण को लेकर धन्यवाद किया। मौके पर पारस जायसवाल, शिबू साव, वरुण सिंह, मनोज प्रसाद, झमन सिंह मंटू लाल उरांव, देवलाल राम, मंजीत कुमार, अरुण, रामनाथ समेत कई ग्रामीण मुख्य रूप से मौजूद थे।11

## पेशरार अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने संभाला प्रभार

पेशरार/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के अति सुदूरवर्ती और घोर नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड सह अंचल का सृजन राज्य सरकार के द्वारा विगत साल 2009 में क्षेत्र के विकास को गति मिल सके इस उद्देश्य के साथ किया गया था तब से आज तक पेशरार प्रखंड में पदस्थापित होने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी के जिम्मे में अंचल का अतिरिक्त प्रभार शुरू से रहा है। इधर बीते दिनों राज्य सरकार के द्वारा राज्य के विभिन्न अंचलों में रिक्त पड़े अंचलाधिकारी के पदों को भरने का कार्य किया गया है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत अति सुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित पेशरार अंचल अधिकारी के रूप में श्री पंकज कुमार का पदस्थापन किया गया है। इसी बीच शुक्रवार को पेशरार अंचल के नए अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने अपना कार्यभार संभालते हुए कहा कि भूमि संबंधी मामले के निष्पादन में गति लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार और आलाधिकारियों के आदेशानुसार अपनी जिम्मेवारियों पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास होगा और सरकार को ज्यादा से ज्यादा राजस्व दिलाने का प्रयास होगा। मौके पर पेशरार अंचल में पदस्थापित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शनिवार को केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनमें प्रतियोगिता की समझ विकसित करना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में शंख ग्रुप की अनामिका कुमारी, दिव्या कुमारी, अलका बाहर और स्वेता कुमारी हुई। द्वितीय स्थान में कोयल ग्रुप की चंदा कुमारी, रूपा कुमारी, मोनिका कुमारी और अंजना कुमारी हुई। तीसरा स्थान दामोदर ग्रुप की जीवन जीवनी कुमारी, रोशनी कुमारी, विनीता मिंज और संजना कुमारी को प्राप्त हुआ।

### लातेहार में आठ लाख का इनामी माओवादी सबजोनल कमांडर अघनु गंझू गिरफ्तार

# माओवादी संगठन लगभग समाप्ति के कगार पर: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली कि चंदवा थाना क्षेत्र स्थित बेतर के जंगलों में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के दस्ता भ्रमणशील है। एसपी ने तत्काल डीएसपी संतोष कुमार मिश्र के अगुआई में एक छापामारी दल का गठन किया, गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बेतर जाने वाली पक्की सड़क में स्थित पुल के सामने बेतर जंगल पहुंचकर भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के विरुद्ध सघन छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के सक्रिय सबजोनल कमांडर अघनु गंझू को पकड़ लिया, अघनु की उम्र करीब 55 वर्ष, पिता - स्व० खैटा गंझू, सा-मड़मा, थाना चंदवा, जिला-लातेहार का रहने वाला है। गिरफ्तार सबजोनल कमांडर अघनु गंझू झारखंड के लातेहार, गुमला, लोहरदगा, रांची जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय था। सबजोनल कमांडर अघनु गंझू वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्रांतर्गत लुकुईयां मोड़ के पास हुई पुलिस पार्टी पर हमला के मुख्य आरोपी है, अघनू पर झारखंड सरकार 05 (पांच) लाख रू0 का ईनाम और एनआइए द्वारा 3 लाख रुपये का ईनाम घोषित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध लातेहार, गुमला, लोहरदगा और रांची जिला के विभिन्न 15 थाना में कुल 78 कांड दर्ज है। गिरफ्तार उग्रवादी संगठन के सक्रिय सबजोनल कमांडर अघनु गंझू को न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। रविंद्र गंझु मात्र 5 से 10 की संख्या में अपना संगठन चला रहा है उसे भी झारखंड पुलिस के साथ-साथ लातेहार पुलिस प्रशासन यह कह रही है कि मुख्य धारा में लौटे। इधर माओवादी का अपराधिक इतिहास लातेहार, गुमला, लोहरदगा और रांचाी जिला के विभिन्न 15 थाना में कुल 78 कांड दर्ज है।



**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान:** संतोष कुमार मिश्रा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार, पुनि बबलु कुमार, पुनि- सह थाना प्रभारी, पुअनि धर्मेन्द्र कुमार महतो, थाना प्रभारी बालूमाथ थाना, पुअनि जमील अंसारी, चंदवा थाना, पुअनि नारायण यादव, पुअनि दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार, चंदवा थाना, पुअनि सुनिल टुटी, चंदवा थाना, चंदन मांझी, सैट - 44 चन्दवा थाना और सैट - 206 माल्हन पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पत्नी का हत्यारा और 25 वर्ष से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ दिलु लोहार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के मौजूदगी में गठित टीम ने अपने पत्नी की हत्यारा पति गोला सिंह व 25 वर्षों से फरार सुशील मिंज को गिरफ्तार करने मे छिपादोहर पुलिस ने कामयाबी हासिल किया है। इस संबंध में छिपादोहर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहार व थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के लात पंचायत के टोंगारी जंगल मे बीते 13 मई को मलोती देवी का शव पेड़ से लटका मिला था। मृतक महिला के पति गोला सिंह के फर्द बयान पर छिपादोहर थाना में कांड संख्या 16/2023 दिनांक 13/5/23 महिला की पति गोला सिंह ने अपनी पत्नी की हत्या होने की शिकायत दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक टीम गठित कर अभियुक्त को गिरफ्तारी हेतु अनुसंधान चलाया गया। जिसमें पाया गया कि महिला मलोती देवी की दिमागी हालत ठीक नहीं थी और वह हमेशा दारू पीकर किसी बात को लेकर अपने पति से लड़ाई झगड़ा करते रहती थी। दोनों के बीच वाद विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर पति गोला सिंह ने अपने हाथ में रखे हुए टांगी के बट से पत्नी को पीट-पीट कर हत्या कर दिया और वहीं पर उसे उसके साड़ी से लटका कर आत्महत्या का रूप दे दिया गया। 13 मई महिला का शव मिलने पर गोला सिंह ने अज्ञात लोगों द्वारा अपनी पत्नी की हत्या करने की एक सुनियोजित तरीके से एफआईआर दर्ज कराया था। मामले में गहनता से जांच पड़ताल के बाद उसका पति ही अपनी पत्नी का हत्यारा निकला, मामले में हत्या में प्रयुक्त किये गये टांगी भी बरामद किया गया है। वहीं दूसरे मामले में सात कांडों में फरार 25 वर्षों से फरार अभियुक्त सुशील मिंज को छिपादोहार द्वारा पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। मामले में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और पुलिस की टीम शामिल थी।

## बिजली तार चोरी पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही) कुंदगड़ी बड़का टोली में अज्ञात चोरों द्वारा तार चोरी करने पर बिजली विभाग ने थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगड़ी बड़का टोली मे कृषि सिचाई योजना के अंतर्गत बिजली विभाग लोहरदगा प्रमंडल द्वारा बिजली तार लगाया गया था। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसकी जानकारी कनीय अभियंता अजु कच्छप को प्राप्त होते ही सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। सेन्हा थाना कांड संख्या 137/23 दर्ज कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई आरंभ कर दिया गया है।**

# उप मुखिया को मारी गोली, रिम्स रेफर

**हत्या किस कारण से की गयी है, उसका पता नही चल पाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के सीमावर्ती चंदवा ब्लॉक के बेलगा और हेसालांग के बीच में स्थित मूर्ति टोंगरी नामक स्थान पर शुक्रवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने बरवाटोली पंचायत के उप मुखिया परमेश्वर यादव को गोली मार दी। गोली दाहिने कंधे में जा धंसी। घटना के बाद घायल परमेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुडू लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रैफर किया गया है। फिलहाल हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चंदवा थाना क्षेत्र के बरवाटोली पंचायत के उप मुखिया हेसालांग गांव निवासी परमेश्वर महतो पिता गहनु महतो (38) शुक्रवार की शाम मूर्ति टोंगरी में आयोजित अखंड हरीकृतन सह जतरा से अपने साथियों के साथ बाइक से घर लौट रहे थे, तभी एक बाइक में सवार दो की संख्या में पहुंचे अज्ञात बदमाशों परमेश्वर की बाइक का ओवरटेक कर सामने से फायर कर दिया। गोली परमेश्वर के दाहिने कंधे में जा धंसी। और बदमाश मौके से फरार हो गये। गोली लगने के बाद जमीन पर गिरे परमेश्वर को साथियों ने उठाकर कुडू सिएचसी पहुंचाया।

ज्ञात हो कि इसी वर्ष 24 अगस्त की रात 9 बजे जमुआरी निवासी संहगु यादव के 32 वर्षीय पुत्र प्रदुम्न यादव की घर के बाहर फोन में बात करते समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। प्रदुमन की पत्नी पूनम देवी ने भी पुलिस को हत्यारों की संख्या दो बतायी थी। हालांकि हत्या किस कारण से की गयी है, उसका पता नही चल पाया था।

# संवेदक और इंजीनियर की लापरवाही से स्कूल बिल्डिंग अधर में, नौनिहाल ऐसे ही पढ़ रहे

**जर्जर बिल्डिंग होने के बावजूद भी शिक्षक अरशद रूहानी जान जोखिम में डालकर बच्चों को दे रहे हैं बेहतर शिक्षा।**

आजाद सिपाही संवाददाता







**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सूदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड के अति सुदरवर्ती क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया गांव में सरकार की ओर से क्षेत्र के नौनिहालों को बेहतर शिक्षा मिले इस उद्देश्य से स्कूल की स्थापना कर रखी है जिसका बिल्डिंग काफी जर्जर अवस्था में आ पहुंचा है। हालांकि विद्यालय में अध्यनरत बच्चों और शिक्षकों की जान-माल को ध्यान में रखते हुए जर्जर भवन की मरम्मत हेतु सरकार की ओर से योजना दी गयी है। परंतु संवेदक और संबंधित विभाग के इंजीनियर की लापरवाही अब तो उक्त स्कूल में पढ़ने वाले नौनिहालों और शिक्षकों के लिए हर वक्त खतरा बना हुआ है। इस संदर्भ में स्कूल के प्रधानाध्यापक अरशद रूहानी ने बताया कि संवेदक त्रिलोकी सिंह के द्वारा बिल्डिंग मरम्मती का कार्य कराया जा रहा था, लेकिन संवेदक द्वारा भवन का काम आधा अधूरा कर-के छोड़ दिया गया है जिससे प्रतिदिन विद्यालय का पक्का प्लास्टर टूट कर गिर रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का भवन धीरे-धीरे जर्जर और खंडहर में तब्दील होने लगा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक अरशद रूहानी के अनुसार विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 50 है जिसमें सभी नामांकित बच्चों को स्कूल के बरामदे में बिठाकर मजबूरन पठन-पाठन कराया जाता है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि बच्चों और शिक्षकों के हित में शिक्षा विभाग कितना महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाती है।

## राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के लिए विद्यार्थी रांची रवाना हुए



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वाधान में राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023 में भाग लेने हेतु जिला लोहरदगा की विभिन्न विद्यालयों की कला टीम की छात्र/छात्राएं गाइड नोडल शिक्षकों के नेतृत्व में रांची रवाना हुई। जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा अपरूपा पॉल चौधरी ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को रवाना करते हुए अपनी शुभकामना दी और आशा व्यक्त किया कि सभी छात्र-छात्राएं प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राज्य स्तरीय कला उत्सव में करेंगे। जिनमें मुख्य रूप से संगीत, शास्त्रीय, पारंपरिक गायन, वादन, नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला त्रिआयामी, नाटक एकल अभिनय, स्थानीय मृत्तिका खिलौने का निर्माण आदि विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## आधा दर्जन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, एफआइआर दर्ज

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बालू के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस व खनन विभाग ने आधा दर्जन अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को अलग-अलग सड़क मार्ग से जब्त किया है। खनन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध सदर थाना व सेन्हा थाना में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने प्राथमिक के दर्ज कराया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र से तीन ट्रैक्टर अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को पुलिस अधिकारियों ने जप्त किया है। जबकि, सदर थाना क्षेत्र से भी तीन अवैध लोडेड बालू ट्रैक्टर को जप्त किया गया। आधा दर्जन ट्रैक्टर मालिकों और चालक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज किया गया है। लगभग आधा दर्जन ट्रैक्टर मालिकों के विरोध कारवाई होने से बालू तस्कर ट्रैक्टर मालिकों में सनसनी वह हड़कम्प मचा है।

## दवा दुकानों का ड्रग इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण दी हिदायतें



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने कई दवा दुकानों का औचक निरीक्षण कर कई जरूरी हिदायतें दी। निरीक्षण की सूचना मिलते ही दवा दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दवा दुकान जल्दी-जल्दी अपनी प्रतिष्ठानों के रिकार्ड अद्यतन करने में जुट गये। इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर ने बरवाडीह के आजाद मेडिकल,अग्रवाल मेडिकल, प्रियंका मेडिकल, नीतू मेडिकल, शोभा मेडिकल, आर्यन मेडिकल हॉल समेत दवा दुकानों का निरीक्षण करते हुए दवाओं की जांच की और दवा दुकानदार को कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री ना हो, और आम लोगों को सही और अच्छी दवा मिल सके, इस उद्देश्य से समय-समय पर दवा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## वार्षिक आमसभा का आयोजन

कैरो (लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 28 अक्टूबर शनिवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, बीपीएम बिनिता तिर्की, कैरो मुखिया बीरेंद्र महली, सढाबे मुखिया सुमित्रा उरांव और महिला समूह के दिदियों के उपस्थिति मे नरौली आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले महिला समुहों के वार्षिक कार्य की लेखा जोखा के निमित वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों के द्वारा 102 दीदीयों को अंश सदस्यता प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में भिन्न-भिन्न महिला समूहों के ललिता भगत, सुमन उराँव, पुष्पा उराँव, रीना उराँव, शीला उराँव, संगीता देवी, सीता देवी, बिनिता, दीपशिखा के अलावा काफी संख्या में दर्शक कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## छेचा में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन विजय बहादुर ने फीता काटकर किया शुभारंभ



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत राजधानी चौक टिकवा गांव स्थित फुटबॉल मैदान में शनिवार को विजयादशमी के शुभ अवसर पर फुटबॉल टूनामेंट का उद्धाटन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि यूथ कांग्रेस के संयोजक सह खिजरी विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह, उपमुखिया राणा सिंह और फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मंगरु सिंह व उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह, सचिव शंकर राम, कोषाध्यक्ष विक्की सिंह और उपसचिव दिलीप सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। टूर्नामेंट का उद्धाटन विजय बहादुर सिंह ने फीता काट कर एवं फुटबॉल कीक कर किया। उद्धाटन का पहला मैच नावाडीह बनाम छेचा के बीच खेला गया। जिसमे छेचा ने 2-0 से जीत दर्ज की। इस मौके पर सुजीत गुप्ता, अमन कुमार, सुशील सिंह समेत काफी में दर्शक मौजूद रहे।

## जतरा आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति की मुख्य धरोहर : नप अध्यक्ष अनुपमा भगत




कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड के हनहट गांव में लगने वाला ऐतिहासिक जतरा हर्षोउल्लास के साथ पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई।मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लोहरदगा नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष लोहरदगा लोक सभा के कांग्रेस पार्टी प्रभारी सुखदेव भगत की पत्नी अनुपमा भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार ढोल मांदर के साथ नाचते गाते व सरना गमझा देकर व बैच पहना कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अनुपमा भगत ने कहा कि जतरा अखरा हमारी परंपरा की पहचान है, जतरा सिर्फ नाचने गाने की जगह नही है जतरा में लोगो से मिलना जुलना होता है आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, जतरा हमारी सभ्यता संस्कृति परंपरा की पहचान है। मौके पर लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व कमलकिशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत, राजेश तिर्की, प्रमुख श्रीराम, जितेंद्र, विकास आयोजन समिति के अशोक पहान, सुरेश, श्यामसुंदर, फूलदेव, कमला भगताइन आदि उपस्थित थे।

## नये भूमि सुधार उपसमाहर्ता के रूप में प्रभात रंजन चौधरी ने पदभार ग्रहण किया

महुआडांड़ (लातेहार)(आजाद सिपाही)। महुआडांड़ अनुमंडल के नये भूमि सुधार उपसमाहर्ता के रूप में प्रभात रंजन चौधरी ने दिन शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर श्री प्रभात रंजन के द्वारा बताया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए भूमि से संबंधित समस्याएं होती हैं, जिनका अंचल कार्यालय के माध्यम से उन सभी विवादों का हल करना साथ ही उचित व्यक्ति तक सही लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। भूमि संबंधित विवादों का निपटारा करते हुए, लोगों को उचित न्याय देने का कार्य करेंगे जिससे अनुमंडल क्षेत्र में भूमि संबंधित मामलों के कारण कोई भी आपसी रंजीश ना हो, और समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे। सरकार द्वारा प्राप्त सभी दिशा निदेशों का सही से पालन करेंगे।

# कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

**पीवीटीजी ग्रामों के विकास को लेकर बनायी जा रही है योजना, वर्तमान में पीवीटीजी ग्रामों में संचालित विशेष शिविर में नागरिकों का बनाया जा रहा है महत्वपूर्ण दस्तावेज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनों और पीवीटीजी ग्रामों में चलाए जा रहे कैंप से संबंधित समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता की उपस्थिति में कल्याण विभाग अंतर्गत उनके द्वारा किये जा रहे विद्यालय- छात्रावास- अस्पताल- आंगनवाड़ी केंद्र आदि जैसे निर्माण और मरम्मती कार्यों की अद्यतम स्थिति की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी इंजीनियरिंग विभाग को कल्याण विभाग अंतर्गत बनाये जा रहे विद्यालय और छात्रावास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावासों और विद्यालयों में बिजली पानी की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अच्छे गुणवत्ता के साथ भवनों का निर्माण कर हैंडओवर करें। साथ ही उन्होंने नागफेनी में बनाये जा रहे कल्याण अस्पताल के शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए अस्पताल में शिफ्टिंग कार्यों को प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्य योजनाओं की समीक्षा के क्रम में स्कॉलरशिप और छात्रवृत्ति योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा उक्त दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ जिले के योग्य छात्र/छात्राओं को ही मिले और निष्पक्ष प्रणाली से योजना का सफल संचालन हो इसके लिए अधिकारियों और कर्मियों की एक विशेष टीम का गठन करते हुए विद्यालयों में औचक निरीक्षण और जांच करवाना है। साथ ही सभी छात्रों को योजना के तहत नियमित रूप से राशि मिले इसका भी ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी और कई इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता, सहायक कार्यपालक अभियंता सहित संभित विभागों के अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहें।



## सरना मसना के कार्यों को अविलंब करें पूर्ण

जिले भर में सरना मसना के निर्माण से संबंधित जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी लंबित पड़े कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही जमीन विवाद संबंधित मामलों का अविलंब निस्पादन करते हुए कार्य प्रारंभ करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने धुमकुड़िय भवन निर्माण, पशुधन योजना, शेड निर्माण, आदि योजनाओं की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## पीवीटीजी ग्रामों के विकास और प्राथमिक सुविधाओं से लैस करने का तैयार होगा प्लान

पीवीटीजी ग्रामों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 26 अक्टूबर से कई प्रखंडों अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों में लगाये जा रहे शिविर की अद्यतम डाटा की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी पीवीटीजी ग्रामों के शत प्रतिशत नागरिकों को सरकार की मुख्य योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीवीटीजी ग्रामों के विकास और प्राथमिक सुविधाओं से अच्छादित करने हेतु सटीक प्लान तैयार करने को कहा जिसके आधार पर सभी ग्रामों के विकास संबंधित कार्य भी प्रारंभ किए जायेंगे। साथ ही वर्तमान में चलाए जा रहे शिविर का सफल संचालन करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# कुएं से मिले डीन फा. के शव मामले में पुलिस कर रही है गहनता से जांच

# पारीस के कर्मियों से बारी-बारी से कर रही पूछताछ

**फा. रजत एक्का के शव का पोस्टमार्टम 4 डॉक्टरों की टीम और चैनपुर दंडाधिकारी की उपस्थिति में किया गया।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर संत जॉन पारिस के डीन फा. रजत एक्का का शव शुक्रवार को कुवा से बरामद किया गया। जिसके बाद से तरह-तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। पुलिस इसे हत्या या आत्महत्या दोनों पहलू से जोड़कर देखें रही है। इधर लोगों का यह भी कहना है कि फा. रजत एक्का रात 9:00 बजे खाना खाने के बाद सोने के बजाय कुएं के पास क्यों गये थे। पुलिस कई तरह से इस मामले की जांच कर रही है। इधर शनिवार को चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव दलबल के साथ पारिस पहुंचे। चैनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल पर गहनता पूर्वक जांच की जा रही है। पारिस के कई कर्मियों से बारी-बारी पूछताछ भी की जा रही है। आखिर उन्होंने आत्महत्या भी की है तो किस वजह से आत्महत्या की है तो इसकी क्या वजह होगी। फा. रजत एक्का के शव का पोस्टमार्टम भी 4 डॉक्टरों की टीम व चैनपुर दंडाधिकारी सुनील कुमार खाखा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान गुमला विधायक भूषण तिर्की भी उपस्थित रहे। इधर जांच के बाद कई तरह के खुलासे होने का भी अंदेशा लगाया जा रहा है। बताया गया है कि चैनपुर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार खाखा की उपस्थिति में डीन फादर रजत एक्का के सील किये गये कमरे को खोलकर जांच की जायेगी। इधर झमुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने दिवगत फादर रजत एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि फा. एक्का के कार्य यादगार पल रहेगा। विशेष तौर पर चैनपुर संत जॉन चर्च के जीर्णोद्धार कार्य में फा. रजत की अगुवाई में किया गया था। जिसे खीस्तीय समाज हमेसा याद रखेगा। फा. रजत समाज के सभी कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे और मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते थे। उनका असमय चला जाना अपूर्णीय क्षति है। श्रधांजलि अर्पित करने वालो में जीप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, बिस सूत्री अध्यक्ष एफरेम टोप्पो, बिस सूत्री सदस्य बजरंग कुमार, फा. राजेन्द्र, फा. पवन, फा. अजित, फा. कॉसमॉस, फा. अगस्तुस, फा. एनोसेन्ट, फा. जुएल, सी. अनिता, सी. बसंती, रणधीर कुजूर, बिनोद बरला, सुबल कुजूर, सहित कई लोगो ने श्रधांजलि अर्पित की।

## शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को एसईएएस के तहत एफआई शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डाइट से आए प्रशिक्षक सिकंदर नाथ प्रजापति ने प्रखंड के सभी शिक्षक को सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से जनाकारी दी।

## शिविर का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मनातू गांव में आदिम जनजातियों का शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आयुषमान कार्ड, आधार का नाम जोड़ने हटाने के लिए आवेदन लिया गया। साथ ही नए मतदाता जोड़ने मृत व्यक्ति के नाम हटाने व नाम सुधार के लिए प्रपत्र 6,7 व 8 भरा गया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

# आ अब लौट चलें अभियान' का क्षेत्र में हो रहा है असर

## पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव की कांग्रेस में घर वापसी पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे 'आ अब लौट चले अभियान' का असर क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। इस अभियान के तहत कई पुराने और नये लोगों की कांग्रेस में वापसी हो रही है। इसी के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव भी कांग्रेस में वापसी हुई है। वह इटकी रोड मेजर कोठी के पास आगमन बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि जनवरी 2023 में पहले माटी-फिर पार्टी का नारा देकर कांग्रेस छोड़ने वाली गीताश्री उरांव 10 महीने बाद कांग्रेस में वापसी कर रही हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की मौजूदगी में गीताश्री दोबारा कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की। इससे गुमला के कांग्रेसी नेताओं में खुशी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि गीताश्री उरांव की घर वापसी से निश्चित पार्टी पहले से मजबूत होगी। इस प्रयास के लिए उन्होंने राजेश ठाकुर और अविनाश पांडेय का भी आभार जताया और गीताश्री को शुभकामनाएं दी। बधाई देने वालों में महिला अध्यक्ष अमृता, हेमावती, अकील रहमान, मुरली मनोहर, अमर प्रदीप, रोहित कुमार, हिमेश कुमार आदि है।



# पूर्व प्रमुख जय मंगल उरांव की 55 वर्षीय पत्नी की हुई हत्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के लोंगा महुआ टोली निवासी पूर्व प्रमुख जय मंगल उरांव की पत्नी 55 वर्षीय बिहानी देवी की हत्या उसी के घर में टागीं से कटकर शुक्रवार शाम कर दी गयी। बताया जाता है कि लोगां गांव में शुक्रवार को कर्मा बासी पर्व मनाया जा रहा था। जहां पति-पत्नी भी आए थे। जहां से लौटने के दौरान अपने गांव पहुंचने से पूर्व मोड़ के समीप दो अज्ञात लड़कों के द्वारा रात के लगभग 7:30 बजे उन्हें रोका गया और उन्हें दारू पिलाने की बात कही गई जिस पर जयमंगल और उसकी पत्नी ने उक्त लड़कों को कहा कि हम लोग दारू कहां से पिलाएंगे। जिसके उपरांत वे लोग घर पहुंचे और दरवाजा बंद कर सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी पिछे से उक्त दो लड़के पुणः घर आ धमके और दरवाजे में लगा लोक को तोड़कर अंदर घुसे जहां सबसे पहले जय मंगल उरांव को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और बिहानी देवी पर टांगी से वार कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इधर पति जय मंगल उरांव के द्वारा उक्त लड़कों को पहचानने से इनकार करते हुए पुलिस को बताया गया कि हम लोग नशे की हालत में थे और रूम में अंधेरा था जिस कारण लड़कों को नहीं पहचान पाए। इधर घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली एसडीपीओ गुमला इंस्पेक्टर मैम गुमला थाना प्रभारी बिशुनपुर दलबल के साथ शनिवार सुबह गांव पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। वहीं आरोपियों की धड़ पकड़ के पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## चोरों ने ग्रील तोड़कर घर में की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के शास्त्री नगर में एक घर का ग्रील तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित जितवाहन बंजारा ने गुमला थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध घर के ग्रिल का ताला तोड़ कर चोरी किये जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वो 15 सितंबर 2023 को अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली चला गया था। इस पर अपने घर की बीच-बीच में देखरेख करने के लिये अपने परिचित व्यक्ति प्रशांत शर्मा से कहा था। जिसके बाद प्रशांत एक दो दिन बीच करके मेरा घर को देख रेख कर चला जाता था। इस दरम्यान उसकी मां की तबियत खराब हो गयी। वह अपनी मां को रांची के अस्पताल ले गया। इधर 22 अक्टूबर को जब प्रशांत गुमला पहुंचा और उसके घर को देखने गया तो, पाया कि उसके घर का ग्रिल का ताला टूटा हुआ है। और इसकी सूचना उसे दी। तब जितवाहन ने गुमला पुलिस को ऑनलाइन सूचना दिया। इधर वह 25 अक्टूबर को दिल्ली से लौट कर अपने घर का जांच किया तो पांच हजार नकद, सोने का दो अंगूठी, कान की तीन बालियां, चांदी का दो बिस्कुट, बोलेरो का चाभी, सेटअप बॉक्स व तीन मोबाइल व पोस्ट ऑफिस का पासबुक गायब था। जिसके बाद भुक्तभोगी ने गुमला थाना में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुये कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** बारवे उच्च विद्यालय में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। बारवे उच्च विद्यालय के अध्यक्ष सह संत जॉन पारिस के डीन दिवंगत फा. रजत एक्का को श्रद्धांजलि दी गई उनकी आत्मा के अनंत शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर विद्यालय प्रार्थना के द्वारा कार्यक्रम को शुरू किया गया। विद्यालय के शिक्षक नंदकिशोर प्रसाद ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर राजेंद्र तिर्की ने कहा कि शिक्षा समाज की आवश्यकता है। इसे बेहतर बनाने के लिए शिक्षक-अभिभावक और विद्यार्थी में सामंजस्य जरूरी है। ऐसा होने पर ही शिक्षा के क्षेत्र में विकास हो सकता है। नयी शिक्षा नीति में अभिभावकों के योगदान को प्रमुख बताते हुए कहा कि भारत में शिक्षा का नवाचार हुआ है। शिक्षक संजय कुमार कुजूर ने उपस्थित सभी अभिभावकों को बाल विवाह पर जागरुक करते हुए कहा कि कम उम्र में बच्चों का विवाह नहीं करना है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाना अभिभावकों का कर्तव्य है अभिभावकों की देखरेख व सुझाव पर जो विद्यार्थी अमल कर रहे हैं, उन्हें सफलता भी मिल रही है। आज के समय में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों का बाल विवाह कर दिया जा रहा है जिसे शिक्षित समाज ही रोक सकता है। वही सुजाता खलखो ने नारी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए उसे देश की महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। एक शिक्षित नारी देश के सामाजिक व आर्थिक विकास का आधार होती है। लोग पढ़ने लिखने वाली बच्चियों बाल विवाह कर रहे हैं ऐसे लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता हर बच्चियों को बेहतर शिक्षा दिलाना हमारा कर्तव्य है। शिक्षकों ने सोशल मीडिया का प्रभाव के बारे में बताया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक जोसेफ स्टीफन कुजूर के द्वारा दिया गया वहीं मंच संचालन शिक्षक रंथु साहू ने किया। काफी संख्या में शिक्षक छात्र एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## जान मारने की नीयत से आधी रात को हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस ने देशी पिस्टल, गोली, टांगी, बलुआ किया बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** पालकोट के प्रखंड के अखरा कोना ग्राम निवासी किनु सिंह के घर मे घुसकर जान मारने की नीयत से हमला करने के नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में अखराकोना गांव के ही परशुराम सिंह और रायडीह थाना क्षेत्र के जमगाई अंबा पानी गांव निवासी करम सिंह के नाम शामिल हैं। इस बावत शनिवार को एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता कर बताया कि 21 अक्टूबर को अर्धरात्रि दोनो आरोपी किनु सिंह को जान मारने की नियत से टांगी, बलुआ और देशी कट्टा लेकर घर में घुसे थे। और घर में घुस कर घर का दरवाजा, बर्तन, पानी पंप मशीन और मोटरसाईकिल को काट कर क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस हमले के दौरान किनु सिंह डर कर जान बचाते हुए घर से फरार हो गया था। वही दोनो आरोपी उसके घरवालों को पिस्तौल दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दिया था। इसके बाद किनु सिंह 23 अक्टूबर को पालकोट थाना पहुचकर पूरे घटना की जानकारी देते हुए अखराकोना निवासी परशुराम सिंह पिता भवानी सिंह और करम सिंह ग्राम जमगई अंबापानी थाना रायडीह के विरूद्ध लिखित आवेदन समर्पित किया था। जिसके आलोक में पालकोट थाना कांड संख्या 50/2023 दिनांक 23 अक्टूबर 23 धारा 458/427/506/34 भादवि दर्ज किया गया था। तथा अनुसंधान के क्रम में कांड के दोनों अभियुक्त परशुराम सिंह व करम सिंह को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया। साथ ही दोनो की निशानदेही पर उनके पास से एक टांगी, एक बलुआ, एक देशी कट्टा (देशी पिस्टल) और दो गोली बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि इस घटना का मुख्य कारण पुरानी दुश्मनी थी। और आरोपी तथा भुक्तभोगी परिवार के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा होते रहता था।साथ ही इस लड़ाई झगड़े के बीच दोनो आरोपी किंनु सिंह को जान से मारने का हमेशा धमकी भी देता रहता था। छापामारी दल में पुअनि सह पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिण्डा, पुअनि सह रायडीह थाना प्रभारी अमीत कुमार, पुअनि संदीप राज, सअनि विनय राम व रायडीह थाना और पालकोट थाना के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

# एसपी ने किया कोटाम पीकेट का निरीक्षण, अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह देर शाम कोटाम पुलिस पिकेट का औचक निरीक्षण करने पहुंचे और पुलिस पिकेटों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वहां के पुलिस पदाधिकारी से पुलिस पिकेट को लेकर आतंरिक जानकारी हासिल करने के साथ ही पिकेट के पुलिस जवानों की मुस्तैदी जांचने के लिए स्टैंड टू ड्रील कराएं यहां बताते चलें कि आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी संवेदनशील इलाकों में एसपी हरविंदर सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है और वहां की भौगोलिक जानकारी भी ली जा रही है कोटाम पुलिस पिकेट से इस इलाके में काफी गांव और आम लोगों को अपनी सुरक्षा को लेकर काफी उम्मीदें जागी है और इन इलाकों में अपराधिक संगठन और उग्रवादी गतिविधियों पर भी लगाम लगाने में पुलिस पिकेट का अहम योगदान रहा है।

यहां बताते चलें कि कोटाम पनसो सहित खरका पर पुलिस पिकेट द्वारा नियंत्रण रखा जाता है और कोटाम से पहाड़ होते हुए इस मार्ग से कुरूमगढ चैनपुर मार्ग भी अब लोगों के लिए एक सुगम मार्ग है। जहां नक्सली गतिविधि पर लगाम लगी है।

## भाजपा छोड़ आजसू का दामन थामे मनोज साहू बनाये गये चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष

# पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की ली शपथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी का प्रखंड सम्मेलन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज साहू को प्रखंड अध्यक्ष, एवं सीताराम मुंडा को प्रखंड सचिव मनोनीत किया गया। नये पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु के साथ आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य बोनीफास कुजूर, प्रमोद खलखो, दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता, जिला प्रवक्ता मिनहाज खान, महिला जिला अध्यक्ष किरण देवी ने स्वागत किया। मनोज साहू चैनपुर भाजपा युवा नेता के रूप में कार्यरत थे। सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाकर आजसू पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सौपा गया। साथी संगठन को मजबूत बनाने का काम करते हुए 2024 में आजसू पार्टी की सरकार बनाने एवं सुदेश महतो को मुख्यमंत्री के रूप में देखने किसी शपथ ली गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु जी ने बताया कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का एक ही संकल्प है की गांव के हर अंतिम व्यक्ति दवाई, कमाई तथा पढ़ाई पर पूरी तरह से मजबूत हो 1 वही मौके उन्होंने वर्तमान की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका वादा झूठा था 1932 का खतियान लागू करना सिर्फ उनके एजेंडे तक रह गया 1 मौके पर उपस्थित आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य बोनिफास कुजूर ने सभी नये पदधारियों से पार्टी की मजबूती तथा विस्तार के लिए कार्य करने, जनता की समस्याओं को उठाने आदि की बात कही। साथ ही उन्होंने गांव-गांव का भ्रमण कर लोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र कर समस्याओं से अवगत होने, पार्टी के विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने आदि की भी बातें कही। महिला अध्यक्ष के रूप में माधुरी एक्का को मनोनीत किया गया मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव सद्दाम हुसैन, जिला आईटी सेल प्रभारी दिलीप एक्का, बांमदा पंचायत समिति सदस्य कृष्ण, शान्ता, मक्सीमा केरकेट्टा, अफरोज, सुबोध, मुकेश, गोबर्धन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एंबुलेंस से पहुंचाया गया सदर अस्पताल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जशपुर रोड स्थित काली मंदिर के समीप बाइक से दो युवक सड़क किनारे गिरे पड़े मिले। जिसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ वहां लग गई।वही घटनास्थल पर एक युवक बेहोश पड़ा था वही दूसरे युवक को काफी चोट लगी जिसके कारण वह कुछ बता नहीं पा रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाया वही एंबुलेंस से पहुंचने पर दोनों घायल युवक को एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया। वही युवकों की पहचान नहीं हो पाई है बताया जाता है कि सीलम की ओर से दो युवक गुमला शहर की ओर आ रहे थे। तभी काली मंदिर के समीप दोनों गिरे पड़े हुए थे। हालाकि के दुर्घटना कैसे हुई यह पता नहीं चल पाया है। वहीं कुछ लोगों ने बताया की कोई वाहन दोनों को टक्कर मार कर फरार हो गया।

### जिला पार्षद व मुखिया ने डाली पंचायत में 40 लाख से बनने वाली सात योजनाओं की आधारशिला

# विकास कार्यों के क्रियान्वयन से दूर होता है क्षेत्र का सामाजिक प्रदूषण : कौशल व पूनम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत डाली बाजार पंचायत में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन रखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सात योजनाओं की आधारशिला रखी। इस पंचायत अंतर्गत पहले फेज में 40 लाख रुपये की लागत से कौशल नगर बाजार प्रांगण में 25 लाख की लागत से पंचायत समृद्धि केंद्र भवन का निर्माण कराया जाएगा। जबकि उप स्वास्थ्य केंद्र, बेलटाड नदी पर छठ घाट, न्यू प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी, डाली बाजार के मध्य विद्यालय में मॉडल किचन शेड, महावीर मंदिर रोड में नाली निर्माण और श्मशान शेड का निर्माण कराया जाएगा।



विकास योजनाओं की आधारशिला रखते पर्यावरणविद कौशल किशोर जायलवाल, मुखिया पूनम जायसवाल और जिला पार्षद अमित जायसवाल।

जिला पार्षद अमित ने कहा कि इसके पहले के जनप्रतिनिधि चुनाव जीत कर केवल जश्न मनाते थे। क्षेत्र के विकास पर पहले के जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। जिससे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर दूसरे फेज की स्वीकृत योजनाओं की आधारशिला रखी जायेगी। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र में समस्याएं बहुत है पर सरकार का बजट मुखिया के लिए बहुत ही कम है जिससे सभी समस्याओं का निदान एक साथ नहीं हो सकता है। लेकिन प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। सात स्थानों पर शीला न्यास में पहुंचे प्रमुख लोगों में शंभू कुमार मिश्र, उप मुखिया नगीना खातून, पूर्व मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, रामजी प्रसाद,शिक्षक श्रवण जायसवाल, श्याम देव सिंह, शिवप्रसाद यादव, भूषण जायसवाल, कंचन देवी, खुर्शीद अंसारी, चंद्रेश सिंह, शोभा देवी, वार्ड श्याम नारायण सिंह, रामजन्म यादव, दीनानाथ प्रसाद, विनोद यादव, धर्मदेव यादव, कृष्ण प्रसाद, शिवनाथ राम, रेणु देवी, विजय सिंह, विशु देव सिंह, सनोज भुईयां, सुरेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, लालबाबू प्रसाद, संतोष प्रसाद, सत्यनारायण सिंह, राजेश प्रसाद, मदन यादव, प्रमोद जायसवाल, दामोदर प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, ब्रजमोहन सिंह, नरेश सिंह, बाल गोविंद सिंह,मुन्तजिर अंसारी आदि थे।

## एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा बेस्ट कैडेट एनसीसी अवार्ड से सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल के 27 छात्र एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौट आए। ये छात्र 44वीं बटालियन एनसीसी पलामू की ओर से गढ़वा एसपीडी कॉलेज में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने गए थे। इन छात्रों ने इस शिविर में उत्तम प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया. शिविर में छात्रों को फायरिंग, शूटिंग, दौड़ कूद के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेना था। विद्यालय के छात्रों ने इसमें भी अपनी प्रतिभा का उत्तम प्रदर्शन किया। गायन में खुशी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें गढ़वा के एडीजी अमनदीप सिंह ने एक हजार रुपए देकर सम्मानित किया। खुशी का चयन आरडीसी कैंप के लिए भी हुआ है। नृत्य में दक्ष कुमार, वाद-विवाद में रानी कुमारी ने प्रथम स्थान और समूह नृत्य में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ जीएन खान ने हर्ष व्यक्त किया। कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं। एनसीसी छात्रों के अंदर अनुशासन राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्य निष्ठा भरने का काम करती है। आने वाले समय में राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत यह छात्र अनेक क्षेत्रों में अपनी सेवा प्रदान कर देश की उन्नति में अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे। एनसीसी प्रमाण पत्र के आधार पर इन छात्रों को उच्च शिक्षा एवं सेवा क्षेत्र में आरक्षण का लाभ भी प्राप्त हो सकेगा। विद्यालय के अन्य छात्र भी इनसे प्रेरणा लेंगे और इस तरह के कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेंगे। मंच संचालन शिक्षिका सुदेशना राय व शिप्रा सुमन ने किया। खेल शिक्षक विक्रम राय एवं काजोल सिंह, संगीत शिक्षक नीरज कुमार सिन्हा, अनंत पाठक एवं अनुश्री चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## मेदिनीपुर में डेंगू से मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू प्रखंड के ग्राम कजरू कलां ग्राम के श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रविंद्र राम (45) शनिवार अहले सुबह निधन हो गया। वे डेंगू बुखार पीड़ित थे। उनका इलाज गढ़वा स्थित परमेश्वरी अस्पताल में डॉ ज्वाला प्रसाद के यहां चल रहा था। पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। वे बहुत ही व्यवहार कुशल एवं सामाजिक व्यक्ति थे। उनके असामयिक निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है जिसका निकट भविष्य में भरपाई करना संभव नहीं है। इस दिन बांकी नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए और दिवंगत की आत्मा की शांति की कामना की। श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों की ओर से श्रीराम नाम का चादर चढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी गयी। गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। मौके पर सतीश कुमार, मंदिश प्रसाद गुप्ता, अजय राम, रंजीत ठाकुर, अखिलेश पासवान, सत्यनारायण शर्मा, रामदुलारे शर्मा, शिवनाथ गुप्ता, भोला प्रसाद,अनिल कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।



## जीवन में मनोरंजन का होता है वैज्ञानिक व आध्यात्मिक प्रभाव : कमलेश कुमार सिंह

### नृत्यांगना माही-मनीषा के नृत्य व सिंगर डिंपल-अनुपमा के गानों पर झूमे हजारों लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्पूरी मैदान में टीम सूर्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र का संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, एनसीपी प्रवक्ता सूर्या सिंह व एनसीपी के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत गायक प्रवीण सिंह ने गणेश वंदना से की। इसके बाद चर्चित गायिका डिंपल सिंह, अनुपमा यादव, चंदन यादव ने एक से बढ़कर एक भक्ति, श्रृंगार आदि गीतों से श्रोताओं के भरपूर मनोरंजन किया। वहीं, चर्चित नृत्यांगना माही, मनीषा, परी आदि ने कई रिकार्डिंग गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। मानसिक सुकून के लिये संगीत अति जरूरी है। जीवन में मनोरंजन का वैज्ञानिक व आध्यात्मिक प्रभाव होता है। वहीं, सूर्या सिंह ने कहा कि टीम सूर्या हर सकारात्मक गतिविधियों को करती रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान, महिला थाना प्रभारी सूर्यबाला भृंगराज, ओमप्रकाश अग्रवाल, रौनक सिंह, विनय पासवान, मिथिलेश सिंह, इम्तियाज आलम, रतन लाल, अब्बास अंसारी, पप्पू सिंह, विजय राजवंशी, प्रिंस शर्मा, जिशान अहमद और रविंद्र कांस्यकार आदि मौजूद थे।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक कमलेश कुमार सिंह, एसडीओ सूर्या सिंह और अन्य।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि की जयंती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में महर्षि वाल्मीकि की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक एनके तिवारी व संचालन प्राचार्य आरके सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने महर्षि वाल्मीकि को नमन किया। निदेशक एनके तिवारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत भाषा के परम ज्ञानी थे। उन्होंने सनातन संस्कृति और धर्म पर कई ग्रंथ लिखा जो आज भी हम सभी को जीवन जीने की कला सिखाता है। प्राचार्य आरके सिंह ने भी महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय की शिक्षिका निधि राय, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैतिक कुमार, हिमांशु आदि थे।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के पंसा गांव निवासी अर्जुन मेहता की पत्नी मीना देवी (40) की शुक्रवार की देर शाम सांप के काटने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मीना घर में रखें ड्राम के नीचे से सामान निकाल रही थीं। तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों ने बेहोशी की हालत में इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से बयान लेने के बाद पोस्मार्टम कराकर शनिवार को शव उन्हें सौंप दिया।



## पलामू एसपी ने की एससी एसटी मामलों की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने शनिवार को छतरपुर हरिहरगंज और पिपरा थाना में दर्ज सात एससी, एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा की। इस दौरान हरिहरगंज थाना में एसपी ने बताया कि हरिहरगंज के सियारभुका, सरसोत पिपरा थाना क्षेत्र बभंडी, अजनियां, तेंदुई और छतरपुर में दो मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेते हुए थाना प्रभारी को कई निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना प्राथमिकता है। इस अवसर पर पर छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव, राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



## वार्ड सदस्यों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** ग्रामीण विकास विभाग पंचायती राज प्रभाग की ओर से हरिहरगंज प्रखंड सभागार में आयोजित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को समाप्त हो गया। प्रशिक्षण में सेमरवार, कटैया, खड़गपुर, कूलहिया, ढकचा, सलैया, तूरी और सरसोत पंचायत के महिला-पुरुष वार्ड सदस्य शामिल हुए। इस दौरान प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर आशुतोष कुमार व पूनम कुमारी ने वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के वार्ड के विकास, योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, विकास योजना का चयन कर ग्राम सभा के माध्यम से करने आदि की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रखंड नाजिर ब्रजेश कुमार आदि थे।

# स्पोर्ट्स




**ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को धर्मशाला में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच रन से हरा दिया। इसके साथ ही सेमीफाइनल में पहुंचने के और करीब पहुंच गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 388 रन बनाए थे। जबकि न्यूजीलैंड टीम383 पर ऑल आउट हो गई।**

### वनडे वर्ल्डकप 2023 : ऑस्ट्रेलिया के 388 रन के जवाब में नौ विकेट पर न्यूजीलैंड की टीम 383 रन ही बना सकी

# रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया, रचिन का शतक बेकार

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत दर्ज की है। आस्ट्रेलियाई टीम ने शनिवार को धर्मशाला के मैदान पर रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड को पांच रन से हराया। इस जीत से ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल के और करीब आ गई है। टीम के खाते में 6 मैच के बाद 4 जीत के बाद 8 अंक हैं। इस दिन न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 49.2 ओवर में 388 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 383 रन ही बना सकी। इस मैच में 771 रन बने, जो वर्ल्ड कप इतिहास के एक मैच में बने सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रैविस हेड (109 रन) ने वर्ल्ड कप डेब्यू में शतक जमाया। डेविड वॉर्नर ने 65 बॉल पर 81 रनों की विस्फोटक पारी खेली। साथ ही एडम जम्पा ने 3 विकेट लिए। वे मौजूदा सीजन के टॉप विकेटटेकर बन गए हैं। जबकि न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (116 रन) शतकीय पारी खेली। वे 23 साल की उम्र में दो वर्ल्ड कप शतक जमाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर यह कारनामा कर चुके हैं। 89 बॉल पर 116 रन की पारी खेलने वाले रचिन रवींद्र ने 77 बॉल पर ही सेंचुरी पूरी की। यह उनके वनडे करियर की दूसरी सेंचुरी है। दोनों शतक वर्ल्ड कप में आए। रचिन वर्ल्ड कप में 24 साल से कम उम्र में दो शतक जमाने वाले दुनिया के दूसरे बैटर बने। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर ही ऐसा कर सके हैं। मैच से पहले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने कहा कि 'वो अपने खेल को अच्छा करने के लिए अक्सर भारत आते रहते हैं। उन्होंने बताया कि स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजी करने के लिए उन्हें भारतीय कंडीशंस ने काफी मदद की है। पिता क्रिकेट के बहुत बड़े फैन हैं। उन्हें देखकर ही रचिन ने क्रिकेट खेलना शुरू किया। शुरूआत में वो टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलते थे।



### पावरप्ले में पेवेलियन लौटे कीवी ओपनर्स, स्टार्क का शानदार कैच

389 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने तेज शुरूआत की। डेवोन कॉन्वे और विल यंग की जोड़ी ने जोश हेजलवुड के पहले ओवर में 21 रन निकाले, हालांकि पावरप्ले समाप्त होते-होते हेजलवुड ने दोनों को पवेलियन की राह दिखा दी। कीवी टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 73 रन बनाए। इससे पहले, कीवी ओपर्नर ने आक्रामक रुख अपनाया। इस जोड़ी ने पहले 7 ओवर में 8.5 के रनरेट से रन बनाए। यहां टीम का स्कोर 60/0 रन था, लेकिन अगले 3 ओवर्स में न्यूजीलैंड की टीम ने 13 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट खो दिए। जोश की बॉल पर दोनों कैच मिचेल स्टार्क ने पकड़े। कॉन्वे 28 और विल यंग 32 रन बनाकर आउट हुए।

### कंगालुओं ने वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 9 बार बनाये 350 प्लस रन

इस वर्ल्ड कप में 7वीं बार है जब 350 रन से ज्यादा का स्कोर बना है। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने 3-3 बार और इंग्लैंड ने एक बार यह कारनामा किया है। ओवरऑल रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 9वीं बार 350 प्लस का स्कोर खड़ा किया है। साउथ अफ्रीका 8 और भारत 4 दफा 350 प्लस का स्कोर बना चुका है।

## किशोर लापता, सनहा दर्ज

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चिरैयाखांड निवासी भोला रजवार के पुत्र बबलू रजवार विगत गुरुवार से लापता है। इस संबंध में भोला रजवार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। बताया कि उसका 12 साल का बेटा बबलू रजवार विगत 26 अक्टूबर की शाम चार बजे से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका अबतक सुराग नहीं मिला है। उन्होंने सनहा दर्ज कर इस दिशा में पहल करने की अपील की है।



### धनबाद पहुंचे केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु सह खाद्य उपभोक्ता मंत्री अश्विनी चौबे, हेमंत सरकार पर साधा निशाना

# 2024 में भी केंद्र में बनेगी एनडीए सरकार: अश्विनी चौबे

## आइएनडीआइए पर साधा निशाना, कहा- गठबंधन में युवराज भी हैं और यमराज भी

## लोकसभा चुनाव के बाद पलटू राम (नीतीश कुमार) जपते फिरेंगे कंठी-माला

**दावा- झारखंड और बिहार विधानसभा चुनाव में भी जीत कर भाजपा ही बनाएगी सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल होने केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु सह उपभोक्ता विभाग के मंत्री अश्विनी चौबे शनिवार को धनबाद पहुंचे। इससे पूर्व सर्किट हाउस में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आइएनडीआइए गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा की आइएनडीआइए गठबंधन में युवराज भी हैं और यमराज भी। जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि वो पलटू राम हैं। बहुत जल्द कंठी माला लेकर जपते नजर आएंगे। लगे हाथ केंद्रीय मंत्री ने पांच राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा गठबंधन के भारी मतों से जीत के दावे किए। कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी मतों से जीत दर्ज कर केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। वहीं आने वाले झारखंड और बिहार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ही जीतेगी और सरकार बनाएगी। उन्होंने झारखंड सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि राज्य में लूट और भ्रष्टाचार की सरकार चल रही है। धनबाद में राज्य सरकार के संरक्षण में बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय संपत्ति कोयला खनिज की लूट हो रही है। जो एक राष्ट्रीय आपदा से कम नहीं हैं। पूरे राज्य में आराजकता चरम पर है। अपराधियों का साम्राज्य कायम है। विधि व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। जिससे झारखंड की जनता में भय व्याप्त है। कोई भी कुछ कहने से डरता है। बतातें चलें कि केंद्रीय मंत्री एक दिवसीय दौरे पर गंगा दामोदर ट्रेन से धनबाद पहुंचें है जहां जिला भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही रेलवे अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जबकि पत्रकार वार्ता में सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह सहित जिले के कई नेता मौजूद थे।



धनबाद के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातें करते केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे। पास में सांसद पीएन सिंह, रागिनी सिंह व अन्य।

## बीपीएससी में तीसरा स्थान लाकर अंकिता ने बढ़ाया मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बैदकारो/बेरमो।** चलकरी कॉलोनी निवासी विनोद चौधरी की पुत्री अंकिता चौधरी ने बीपीएससी की 67वीं आयोजित परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त कर बेरमो कोयलांचल का नाम रोशन किया है। अंकिता को प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित किया गया है। अंकिता के पिता विनोद चौधरी वर्तमान में धनबाद में एक सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। जबकि अंकिता की मां सुचिता चौधरी गृहणी है। अंकित की प्रारंभिक पढ़ाई बेरमो के बोकारो थर्मल स्थित कार्मल स्कूल से हुई है। बोकारो स्टील सिटी से इंटर करने के बाद एग्रीकल्चर और एमबीए की डिग्री प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके बाद बीपीएससी की तैयारी में जुट गई। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावा परिवार के सभी लोगों को दी है। अंकिता का कहना है कि लगनशील और कड़ी मेहनत कर बीपीएससी की परीक्षा दी और सफल भी रही। आगे जो भी मुझे जिम्मेदारी दी जाएगी समर्पित भाव से कार्य करूंगी। वहीं, अंकिता की सफलता पर बधाई देने वालों में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री लालचंद महतो, झारखंड प्रदेश एचएमकेपी के महासचिव इंद्रदेव महतो, मुखिया सीमा महतो, बेरमो प्रमुख गिरिजा देवी, पूर्व मुखिया ललन सिंह, समाजसेवी सुबोध सिंह पवार, टीपू महतो शिक्षक हरिश्चंद्र झा और बीस सूत्री सदस्य मनोज सिंह आदि शामिल हैं।

## छठ घाटों की सफाई को लेकर डीसी व बीडीओ को लिखा पत्र

**कतरास (आजाद सिपाही)।** दुगार्पूजा पर्व संपन्न होने के बाद प्रतिमाओं एवं पूजा सामग्री के अवशेष तालाबों में डाले जाने के कारण छठ घाटों पर गंदगी का अंबार लग गया है। इस कारण छठ व्रतियों को छठ पूजा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसे लेकर अस्पताल कॉलोनी के लोगों व आरटीआई कार्यकर्ता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ बरोरा क्षेत्र संख्या-1 के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार ने धनबाद डीसी के अलावा बाघमारा बीडीओ को पत्र लिखा है, जिसमें बताया कि बाघमारा प्रखंड अंतर्गत 61 पंचायतों में प्रतिमाओं के विसर्जन के चलते तालाब में कचरे का अंबार लग गया है। जिसकी साफ सफाई अविलंब करवानी होगी। ताकि छठ व्रतियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## सरकारी चादरपोसी के साथ लोयाबाद में 86वां सालाना उर्स शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** सरकारी चादरपोशी के साथ लोयाबाद में सैयद हजरत अब्दुल अजीज शाह (रहम) का 86वां सालाना उर्स पाक शनिवार से शुरू हो गया। लोयाबाद मुस्लिम कमेटी कार्यालय से बाबा की चादर धूमधाम से निकाली गयी। खानकाही कौव्वाली के साथ अकीदतमंद झूमते गाते बाबा के आस्ताना पहुचे। इसके बाद दूदोस्लाम पेश किया गया। फातिहा खानी के बाद सभी की सलामती के लिए दुआ मांगी गयी। इसके बाद अकीदत मंदो की चादर व माथा टेकने का सिलसिला शरू हुआ।

बतातें चलें कि बाबा के वजूद में आने के बाद यहां उर्स व मेले का आयोजन होने लगा। बाबा कब से यहां हैं ये किसी को पता नहीं है। बताया जाता है कि लोयाबाद 9 नंबर में इनक्लाइन चल रहा था। उस समय बर्ड कंपनी थे। इंचार्ज अंग्रेज अधिकारी को मजार के तरफ इंनक्लाइन बढ़ाने को ख्वाब में मना किया गया था पर उन्हें यकीन नहीं हुआ और कोयले निकासी का काम जारी रखा। एक दिन अचानक इनक्लाइन के भीतर भयानक आग भड़क उठी और खदान के भीतर 132 मजदूर मारे गए। तब उस अंग्रेज अधिकारी ने पूरी वारदात की जानकारी दी। इसके बाद ये बात फैल गयी। इसके अलावा एक दो लोगों को और ख्वाब मे बाबा की यहां होने की बात बताई। लोग उस जगह पर कब्रनुमा बनाकर फातिहा, नियाज करने लगे। कुछ लोगों को ये बातें नागवार गुजरने लगी। तय हुआ की पीर से सचाई का पता लगाया जा सके। फिर पटना से लोथा पीर को बुलाया गया। उन्होंने बाबा की यहां लेटे होने की पुष्टि की। उन्होंने ही बाबा का नाम भी बताया। तब से आज तक हर साल उर्स मेले का आयोजन होते आ रहा है।



चादरपोशी करते गणमाव्य लोग।

### हुआ मेले का उद्घाटन

चादर से पूर्व सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक अनुप राय ने मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान अनुप राय ने मौजूद कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद व महामंत्री असलम मंसूरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एकता के साथ कमेटी चला रहे है। मजार शरीफ का भी विकास कर रहे हैं। बाबा का मजार कौमी एकता का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर लोयाबाद के परियोजना पदाधिकारी नारायण प्रसाद, तेतुलमारी परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, निचितपुर के जीएल धुर्वे, लोयाबाद कोलियरी अभियंता तरूण कुमार, प्रबंधक बी भारती, डीप्टी पीएम तारा सिंह, थाना प्रभारी राजन कुमार राम, चेंबर अध्यक्ष राजकुमार महतो, जयप्रकाश पांडेय, विजेंद्र पासवान, रवि चौबे, सोहन महतो, मनोज मुखिया, विनोद पासवान, सुनील पांडेय, प्रदीप गुप्ता, कारू गुप्ता, शाहरूख खान, सोहराब अंसारी, मो जमाल, राजेंद्र पासवान, एसएस प्रसाद, हाजी अब्दुल रउफ, रमेश बाउरी और विजय महतो आदि मौजूद थे।

## डीएवी-6 में अंतर सदनीय गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर सदनीय कनीय वर्ग (1-5) गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों सदनों के 250 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दयानंद सदन के विद्यार्थियों ने 90 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विवेकानंद सदन ने 80 अंक के साथ द्वितीय स्थान और हंसराज व श्रद्धांनन्द ने 70 अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जीनियस ऑफ मैथ्स, ब्रेन स्टॉर्मिंग और हू एम आई आदि विभिन्न राउंड थे। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने छात्रों की प्रशंसा की और उन्हें भाग लेने और गणित की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित किया। महान गणितज्ञ एस रामानुजन, बशिष्ट नारायण सिंह से जुड़े कई सिद्धांतो व तथ्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका ममता, स्वाति, नेहा एवं तकनीकि विशेषज्ञ श्याम भूषण श्रीवास्तव विशेष योगदान रहा। वहीं, विजेता टीम दयानंद सदन से कौस्तव, आरुही, आदित्य कुमार, कनिष्क कुमार, खुशी कुमारी, विवेकानंद सदन से सरगम कुमारी, शशांक कुमार वेदांत, आर्यन एवं अमित कुमार ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर किरण सिंह, सोनिया, रूबी यादव, आराधना, भावना घले, सरोज कुमारी, माधवी और तनु आदि उपस्थित थे।

## शोभा यात्रा के साथ शुरू हुआ ढोरी माता तीर्थालय का वार्षिक महोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारंगडीह।** जारंगडीह स्थित ढोरी माता वार्षिक महोत्सव इस साल भी मनाया जा रहा है। शनिवार को इसका शुभारंभ शोभा यात्रा के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सह धर्म गुरु आनंद जो जो विशप की उपस्थिति में शोभायात्रा ढोरी माता तीर्थालय से निकल कर पुराना चर्च होते हुए जारंगडीह कोलियरी गेट के समीप से वापस ढोरी माता तीर्थालय पहुंच कर प्रार्थना सभा में परिवर्तित हो गई। यहां विशप ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें उपस्थित सभी धर्मावलंबियों, स्थानीय लोगों सहित दूर दराज से सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष युवक युवतियां शामिल हुए। ईसाई धर्म के पवित्र स्थलों में ढोरी माता तीर्थालय भी शामिल है। यहां हर वर्ष ढोरी माता का वार्षिक महोत्सव का आयोजन होता है। साथ ही भव्य मेले का भी आयोजन होता है। स्थानीय व्यवस्थापक मंडली इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि आगंतुकों को किसी तरह की परेशानी ना हो। आगंतुकों के लिए आयोजन समिति की ओर से विशेष इंतजाम किए जाते हैं। उन्हें सभी जरूरी सुविधा मुहैया करवाई जाती है। हालांकि की तीन दिनों तक चलने वाले धार्मिक महोत्सव में विधि व्यवस्था के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहती है। शोभा यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था का नेतृत्व सेवा दल और स्काउट एंव गाइड के युवा कर रहे थे। इस शोभा यात्रा के दौरान माता मरियम और प्रभू ईशू की अद्भुत प्रतिमा को शिशे के बॉक्स में रख शोभा यात्रा के दौरान सबसे आगे डोली पर रखा जाता है। श्रद्धालु, धर्म गुरु एवं धर्मावलंबियों द्वारा यात्रा के दौरान प्रार्थना की जाती है। यात्रा की समाप्ति के बाद उक्त प्रतिमा को ढोरी माता तीर्थालय में पुनः स्थापित कर दिया जाता है। इसके बाद मोमबत्ती जलाकर लोग प्रभू ईशु के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

## महापर्व छठ को लेकर घाटों-तालाबों की सफाई को लेकर कराया ध्यान आकृष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** विधायक सह झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक ने बोकारो डीसी और अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन बोकारो इस्पात संयंत्र को पत्र देकर व फोन के माध्यम से छठ महापर्व को देखते हुए बोकारो एवं चास के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई, अस्थायी पुलों का निर्माण एवं रोशनी की उचित व्यवस्था करने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। कहा कि चास बोकारो के विभिन्न छठ घाटों व जलाशयों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महापर्व छठ पूजा करने आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए गरगा नदी पर विभिन्न जगहों पर पूर्व की भांति अस्थायी पुल का निर्माण कराना होगा। जैसे चास नगर निगम क्षेत्र में गाय घाट, सूर्या चौक, कदम तल्ला, कुंवर सिंह कॉलोनी (2 पुल), गरगा पुल, पांडेय पुल चिरा चास, रामनगर कॉलोनी, भोजपूर कॉलोनी, तारा नगर, सोलागीडीह तालाब आदि, तथा बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र में सेक्टर-12/डी, सेक्टर-6, सेक्टर-11, बघरायबेड़ा आदि। इसके अतिरिक्त विभिन्न तालाबों जैसे सेक्टर-1, कैंप-2 स्थित सूर्य सरोवर सह तिरंगा पार्क, टू-टैंक गार्डेन, सूर्य मंदिर तालाब सेक्टर-4, जगन्नाथ मंदिर जलाशय सेक्टर-4, कूलिंग पॉण्ड, रानीपोखर तालाब, वनभोज स्थल सेक्टर-1, एवं बारी कॉपरेटिव आदि स्थलों पर भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में जूटते हैं। इन सभी घाटों और जलाशयों की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन के साथ ही ब्लीचिंग पाउडर और चूना पत्थर का छिड़काव कराया जाय। घाटों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और रोशनी की व्यवस्था चास नगर निगम और बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा कराया जाय।



## छठ पूजा पर्व को लेकर तालाब-घाटों की सफाई

**बोकारो (आजाद सिपाही)। महापर्व छठ पूजा को लेकर बोकारो विधायक सह मारुतिनंदन ट्रस्ट के संरक्षक बिरंची नारायण ने कैंपस-2 स्थित सूर्य सरोवर सह तिरंगा पार्क के तालाब व घाट की सफाई शुरू करवा दी है। बतातें चलें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के निमित्त बोकारो विधायक सह मुख्य सचेतक विरोधी दल झारखंड विधानसभा बिरंची नारायण छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। वहीं से फोन पर कैंपस-2 स्थित सूर्य सरोवर सह तिरंगा पार्क के तालाब व घाट सफाई कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद समिति के सदस्य राधेकांत सिंह व संजय त्यागी ने मजदूर लगाकर तालाब व घाट की सफाई शुरु करवाई।**


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

—: आवश्यक सूचना :—

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के भागीदारी में किफायती आवास योजना के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित आवासों को दिनांक 09.02.2021 (प्रथम चरण), दिनांक 05.08.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक 01.11.2021 (तृतीय चरण) को लॉटरी के माध्यम से 7 (सात) लाभूकों के द्वारा आवंटन पत्र प्राप्त करने के उरान्त अबतक द्वितीय किस्त की राशि मो0 71750/– (एखत्तर हजार सात सौ पचास) रूपये जमा नही की गई है। जिसकी सूची निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | सर्वेक्षण सं0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | अबतक जमा की गई राशि | फ्लैट सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5926066 | कृष्ण कुमार शर्मा | मन्टू शर्मा | 25000/- | B-208 |
| 2 | 5903623 | नीपा सिंह | निरज सिंह | 25000/- | C-308 |
| 3 | 5912524 | रूबी देवी | रविन्द्र प्रसाद | 25000/- | C-105 |
| 4 | 5961127 | संकेत कुमार सिन्हा | कृष्ण कुमार सिन्हा | 25000/- | A-407 |
| 5 | 5955638 | विनोद यादव | वासुदेव यादव | 25000/- | B-207 |
| 6 | 5624637 | आनन्द कुमार | कुलदीप सिंह | 46000/- | B-305 |

उक्त लाभुको को द्वितीय किस्त की राशि मो0 71750/– (एखत्तर हजार सात सौ पचास) रूपये जमा करने हेतु सूचना एवं अंतिम निर्देश दूरभाश एवं समाचार पत्रों के माध्यम् से दिया गया था, परन्तु अबतक उक्त लाभुको के द्वारा आवंटन पत्र में वर्णित नियामानुसार द्वितिय किस्त की राशि जमा नहीं किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में नियामानुसार आवंटन पत्र में वर्णित क्रमांक संख्या 05 की कंडिका 5.6 के तहत् उक्त लाभुकों का आवंटित आवास को रद्द किया जाता है। साथ ही एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 1316 दिनांक 27.07.2023 के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे लाभार्थी जो 17.06.2015 से पहले नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र के निवासी है, जिनका वार्शिक आय 03 (तीन) लाख से कम है, सम्पूर्ण भारत वर्ष में कहीं भी पक्के का मकान नहीं है इत्यादि, वैसे लाभार्थी जो प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) घटक – III के तहत् आवास योजना का लाभ लेने को इच्छुक हो, वैसे लाभार्थी एक मुस्त राशि 3,12,000/– (तीन लाख बारह हजार) रूपये जमा कर आवास योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

अतः उक्त के अलोक में वैसे लाभार्थी जो उपरोक्त आहार्ता पूर्ण करते है, वे किफायती आवास योजना हेतु नगर पंचायत कोडरमा के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर के नगर पंचायत कोडरमा के कार्यालय में दिनांक 14.11.2023 तक जमा कर सकते है। विशेश जानकारी कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा से प्राप्त कर सकते है।

ह0/–
प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा

PR 310083 Urban Development(23-24)D


### मामले की सीबीआइ जांच के लिए राज्यपाल से मिल कर सौंपेंगे ज्ञापन

# धीरज नोनिया प्रकरण में पुलिस की जांच संदेह के घेरे में : मंटू महतो

**13 दिसंबर को निकाला जाएगा न्याय मार्च**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** आजसू के जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में धीरज नोनियां प्रकरण में संवाददाता सम्मेलन कर पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। कहा कि पुलिस ने उक्त मामले में डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी अनुसंधान कर चार्जशीट कोर्ट में पेश नहीं किया है। इस कारण पुलिस की जांच पर संदेह है। इसलिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड सरकार से इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए कोर्ट में रिट भी दायर किया जाएगा। पुलिस द्वारा अब तक सीसीटीवी फुटेज सहित कई बिंदुओं पर ध्यान नहीं दिया गया। पीड़ित परिवार द्वारा न्याय के लिए 13 दिसंबर को न्याय मार्च निकाला जाएगा। मंटू ने कहा कि जो उनलोगों के पास वीडियो है उसमें घटनास्थल बांसजोडा उत्खनन परियोजना है। हालांकि पुलिस ने धीरज नोनियां की पत्नी पूजा देवी की लिखित शिकायत पर जो मामला दर्ज किया गया है उसमें घटनास्थल बांसजोडा गोलाई दिखाया गया है। जबकि धीरज नोनियां की पत्नी का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा उसे गुमराह कर घटनास्थल बांसजोडा गोलाई करा दिया गया था। इस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए वह अंतिम सांस तक लड़ाई जारी रखेंगें। मामले की जांच कराने को लेकर राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस मौके पर मृतक की पत्नी पूजा देवी, जलाल अंसारी, विनोद पासवान और दीपक नोनियां आदि मौजूद थे।



धीरज नोनियां प्रकरण की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर संवाददाता सम्मेलन करते आजसू नेता मंटू महतो।

## न्यूज रील्स

### मुकेश अंबानी को फिर जान से मारने की धमकी

मुंबई। कारोबारी मुकेश अंबानी को फिर जान से मारने से धमकी मिली है। अज्ञात शख्स ने उन्हें एक इमेल भेजकर 20 करोड़ रुपये की मांग की हैं। इमेल के मिलने के बाद मुकेश अंबानी के सिक्योरिटी इंचार्ज की शिकायत के आधार पर गामदेवी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के 6 सदस्यों को जहर दिया, फिर खुद फांसी लगायी

सूरत। गुजरात के सूरत में एक ही परिवार के सात लोगों ने आत्महत्या कर ली। प्राथमिक जांच में पता चला है कि परिवार के मुखिया पिता ने सभी सदस्यों को जहर पिलाया। फिर खुद फांसी लगा ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल हॉस्पिटल भेज दिया है। मृतकों में माता-पिता, बेटा-बहू और इनके तीन बच्चे (दो बेटे और बेटी) शामिल हैं।

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'अमृत कलश यात्रा' का किया शुभारंभ, कहा

# देशभक्ति की भावना जागृत करेगी अमृत वाटिका

- मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पीएम मोदी का जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के राज्यव्यापी उत्सव के अवसर पर 'अमृत कलश यात्रा' की शुरुआत की। नयी दिल्ली में देश और राज्य के सभी पंचायतों से एकत्रित पवित्र मिट्टी का उपयोग करके एक अमृत वाटिका की स्थापना की जायेगी। देश के कोने-कोने से 7,500 कलशों में मिट्टी लेकर निकलने वाली 'अमृत कलश यात्रा' के भी दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम चरण के अवसर पर लोक सेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का समापन समारोह मनाया गया।

### ओड़िशा एक पवित्र भूमि है

इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत हमारे शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की देन है। वे हमारे मन में सदैव अमर रहेंगे। देश के अनगिनत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम ने कहा कि ओड़िशा एक पवित्र भूमि है, जिसमें देश की आजादी और मातृभूमि की आन-बान-शान के लिए अनेक वीर शहीद हुए हैं। वीर भूमि के सम्मान में आयोजित यह कलश यात्रा हम सभी को देश की एकता और अखंडता के लिए काम करने के लिए प्रेरित करेगी। ओड़िशा के मुख्यमंत्री ने इतने बड़े कार्यक्रम की योजना बनाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया और कहा कि इस सारी पवित्र मिट्टी के संग्रह से नयी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका आने वाले दिनों में हर भारतीय के लिए तीर्थ स्थान मानी जायेगी। उन्होंने कहा कि यह अमृत वाटिका हर भारतीय में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी और आने वाली पीढ़ियों को सेनानियों के बलिदान और मूल्यों से अवगत कराएगी। यह कार्यक्रम हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को और उजागर करेगा और सभी को एक नया ओड़िशा और एक नया भारत बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर पंचायती राज, सूचना जनसंपर्क मंत्री प्रदीप अमात, उड़िया भाषा, साहित्य एवं संस्कृति और पर्यटन मंत्री अश्विनी पात्रा, 5टी और नबीन ओड़िशा के अध्यक्ष वीके पांडियन, विकास आयुक्त अनु गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार लोक सेवा आयोग 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 67वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम शनिवार को जारी कर दिया है। पटना जिले के बाढ़ प्रखंड के बेढ़ना गांव के अमन आनंद ने पहली रैंक प्राप्त की है। टाप-10 में इस बार चार महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। दूसरी, तीसरी, सातवीं और आठवीं रैंक पर छात्राओं ने कब्जा किया है। सचिव सह परीक्षा नियंत्रक रविभूषण ने बताया कि साक्षात्कार के लिए 2104 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया था। इसमें 2090 शामिल हुए। 13 अभ्यर्थियों का परीक्षाफल विविध कारणों से रद्द कर दिया गया है। 802 रिक्तियों के विरुद्ध 799 अभ्यथी सफल घोषित किये गये।

**दिव्यांग श्रेणी के तीन पद रिक्त :** मूक बधिर दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण तीन पद रिक्त रहे। इसमें सामान्य श्रेणी में राजस्व अधिकारी तथा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के दो पद शामिल हैं। सचिव ने बताया कि जिनका परीक्षाफल रद्द किया गया है, उन्हें छोड़ कर सभी का अंक पत्र जल्द ही आयोग की वेबसाइट पद अपलोड कर दिया जायेगा। 67वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का पेपर लीक होने से सुर्खियों में रहा था।

**कटऑफ समान रहा :** बीपीएससी ने मेधा सूची के साथ सभी श्रेणी का कटऑफ भी जारी किया है। सामान्य श्रेणी और ईडब्ल्यूएस का कटऑफ समान रहा है। दोनों ही श्रेणी में पुरुष का 553 और महिला का 535 अंक है, जबकि मुख्य परीक्षा में सामान्य श्रेणी और इडब्ल्यूएस के कटऑफ में 24 अंक का अंतराल रहा था। एससी पुरुष व महिला का कटऑफ क्रमशः 510 व 501, एसटी का 507 व 474, इबीसी का 541 व 526, बीसी का 550 व 532 तथा अति पिछड़ा महिला का 532 अंक कटऑफ रहा है।













### दो लाख टन प्याज खरीदेगी सरकार

**नयी दिल्ली।** घरेलू बाजार में प्याज की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्याज निर्यात पर 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) अधिसूचित किया है। सरकार बफर के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज खरीदेगी।

### गीता प्रेस के ट्रस्टी बैजनाथ का निधन

**लखनऊ।** गीता प्रेस के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल का 90 साल की उम्र में निधन हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैजनाथ अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि गीता प्रेस, गोरखपुर के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल जी का निधन अत्यंत दुःखद है। पिछले 40 सालों से उनका जीवन सामाजिक जागरूकता और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा है।

# मंत्री आंजना के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड

- मुंबई से आयी छह टीमें कर रही हैं डॉक्युमेंट्स की जांच
- नेशनल हाइवे के कामों से जुड़ी है ऑफिस चेतक इंटरप्राइजेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**उदयपुर।** सहकारिता मंत्री और निंबाहेड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना के उदयपुर में ऑफिस चेतक इंटरप्राइजेज पर मुंबई से आयी इनकम टैक्स विभाग की 6 टीमों ने आठ ठिकानों पर एक साथ रेड डाली है। यहां नेशनल हाइवे से जुड़े काम काज होते हैं। विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। शनिवार शाम 4:30 बजे इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने यहां एंट्री की तो आंजना का स्टाफ चौंक गया। आंजना सहकारिता विभाग के मंत्री हैं। चित्तौड़गढ़ की निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार से विधायक भी हैं। कांग्रेस ने इस बार भी उनकों वहीं से प्रत्याशी बनाया हुआ है। आंजना राजस्थान के मेवाड़ इलाके में कांग्रेस का बड़ा चेहरा हैं। आंजना के घर पर छापेमारी से सूबे की सियासत गरमा गयी है।

मुंबई के आयकर अधिकारी मंत्री उदयलाल आंजना की कंपनी नासिक स्पिनर्स और कंपनी चेतक इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच कर रही है। दोनों कंपनियों के तार मुंबई की ईगल इंफ्रा कंपनी से जुड़े हैं। मुंबई आयकर विभाग ने ईगल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पर भी छापेमारी की है। इगल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही मंत्री उदयलाल की कंपनी काम कर रही है। इगल इंफ्रास्ट्रक्चर पर आयकर विभाग ने देश भर में कई ठिकानों पर छापे मारे हैं।

### पीएम मोदी ने की मिस्र के राष्ट्रपति से बात, जंग पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से बात की। दोनों के बीच शनिवार शाम को टेलीफोन पर बातचीत हुई। मिस्र के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को फोन किया। दोनों के बीच गाजा पट्टी में इस्राइली सैन्य अभियानों को लेकर विस्तार से बात हुई। इस दौरान युद्ध से बढ़ रहे खतरों को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### मिस्र में सड़क हादसा 32 लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र में एक के बाद एक कई गाड़ियां टकरा गयीं। हादसे में 32 लोगों की मौत हो गयी। 60 लोग घायल हो गये। एक कार से पेट्रोल लीक होने के बाद कई गाड़ियां आपस में टकरा गयीं। इस वजह से गाड़ियों में आग लग गयी। यह हादसा काहिरा से 132 किमी दूर बहेरा इलाके में हुआ।







# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से लोगों में देश भक्ति की भावना बढ़ेगी : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**


मिट्टी कलश को लेकर रांची पहुंचे धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**राजधनवार।** रांची में आयोजित संकल्प रैली मंच पर धनवार विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से आये मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सारे कलश एवं मिशन को जमा किया गया। इस अवसर पर धनवार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम से लोगों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज की विशाल जनसभा से या साफ हो गया है कि आने वाले दिनों में झारखंड से लोकसभा की सभी सीटें जीत कर नरेंद्र मोदी की केंद्र में सरकार बनायेंगे और विधानसभा में भी पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेंगे। सभी लोगों ने संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का उद्बोधन सुना।

बता दें कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत मेरा माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम ग्राम स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक दो चरणों में आयोजित किया गया था। प्रथम चरण में 1 से 31 अगस्त तक ग्राम स्तर पर कलश यात्रा के द्वारा हर घर तक पहुंच कर मिट्टी कलश में एकत्रित किया गया।

वहीं दूसरे चरण में 1 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पंचायत स्तर व 16 अक्टूबर से लेकर 25 अक्टूबर तक प्रखंड स्तर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम का समापन दिल्ली राष्ट्रीय युद्ध स्मारक-कर्तव्य पथ के पास शहीदों के सम्मान में भारत वर्ष के मिट्टी से अमृत वाटिका निर्माण किया जायेगा।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**